राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 119
लखनऊ, सोमवार 16 दिसंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



एक देश-एक चुनाव के मुद्दे पर केन्द्र का समर्थन करेगी बसपा : मायावती 03

छत्तीसगढ़ पुलिस नक्सलियों के ताबूत में आखिरी कील : अमित शाह 12

## संक्षिप्त समाचार

### पद्मश्री से सम्मानित जोधइया बाई बैगा का 86 साल में निधन

**उमरिया।** मध्य प्रदेश के उमरिया जिले को दुनिया भर में अपनी चित्रकारी से पहचान दिलाने वाली प्रसिद्ध बैगा आदिवासी चित्रकार और पद्मश्री से सम्मानित जोधइया बाई बैगा का रविवार को निधन हो गया है। वे बीते कुछ महीनों से बीमार थीं और उम्र अधिक होने और न्यूरो से संबंधित जटिलताओं के कारण उनके स्वास्थ्य में लगातार गिरावट आ रही थी, जिसके चलते उनकी हालत गंभीर हुई थी। उन्होंने 86 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। उमरिया जिले की शान आदिवासी चित्रकार जोधइया बाई का 86 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है। बैगा चित्रकला को देश विदेश तक पहुंचाने में उनका बड़ा योगदान था। 2023 में राष्ट्रपति ने उन्हें चित्रकला में विशेष योगदान के लिए पद्म श्री पुरस्कार दिया था।

### केरल में कार-बस की टक्कर में चार लोगों की मौत

**पठानमथिट्टा (केरल)।** केरल में कुडल के मुरिंजकल में रविवार तड़के एक बस एवं कार के बीच टक्कर हो जाने से नवदम्पती सहित एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि एक कार की आज तड़के 04.50 बजे कार आंध्रप्रदेश से आ रही श्रद्धालुओं से भरी बस से टक्कर हो जाने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान नवदम्पती निखिल इपेन (29) एवं अनु बिजू (26) और निखिल के पिता मथाई इपेन और अनु के पिता बीजू जॉर्ज के रुप में की गयी है। उन्होंने बताया कि यह घटना तब हुई जब नवदम्पती मलेशिया से अपना हनीमून मनाकर तिरुवनंतपुरम हवाईअड्डे से वापस अपने घर रन्नी लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना पुनालुर-मुवत्तुपुझा राज्य राजमार्ग पर हुई। दुर्घटना में तीन लोगों की घटनास्थल पर मौत हो गयी जबकि महिला की पथानामथिट्टा में एक निजी अस्पताल में मौत हो गयी।

### सुनील पाल को किडनैप करने वाले का एनकाउंटर

**मेरठ।** कॉमेडियन सुनील पाल और एक्टर मुश्ताक खान किडनैप मामले में गिरफ्तार अर्जुन कर्णवाल ने रविवार को पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश की। मेडिकल चेकअप के लिए ले जाते समय वह दरोगा की पिस्टल छीनकर गाड़ी से कूद गया और पुलिस पर फायरिंग कर दी। क्रॉस फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी। अर्जुन को पुलिस ने शनिवार रात पकड़ा था। उसके पास से किडनैप में इस्तेमाल की गई स्कॉर्पियो कार, 2 लाख रुपए और फिरौती में इस्तेमाल किया गया मोबाइल मिला था। अर्जुन ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उसको लवी टास्क देता था। किसका किडनैप करना है, कितनी फिरौती वसूलनी है, इस पूरी कहानी के बारे में सिर्फ लवी ही जानता था। अर्जुन को सिर्फ उतना ही पता होता था, जितना लवी उसे बताता था।

### बीजेपी को बड़ा झटका, दो नेता आप में हुए शामिल

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को एक बड़ा झटका लगा है। पार्टी के दो प्रमुख नेताओं ने आम आदमी पार्टी (आप) का दामन थाम लिया है। कस्तूरबा नगर विधानसभा के कोटला मुबारकपुर वार्ड से बीजेपी की पार्षद कुसुम लता और उनके पति रमेश पहलवान ने आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कुसुम लता और उनके पति रमेश पहलवान को पार्टी की सदस्यता दिलाई और उनका स्वागत किया। कुसुम लता ने इस मौके पर कहा, मैं अपने आप को सौभाग्यशाली समझती हूं कि आज मैं आम आदमी पार्टी के साथ जुड़ी हूं। रमेश पहलवान ने कहा, आज मेरी घर वापसी हो रही है। मैं समझता हूं कि अब मैं सही जगह आ गया हूं।

### ड्रग व हथियारों की अंतरराष्ट्रीय सप्लाई में आठ गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने राज्य के सीमावर्ती जिला अमृतसर में अभियान चलाकर अंतरराष्ट्रीय ड्रग व हथियारों की तस्करी के आरोप में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने 4.5 किलोग्राम हेरोइन, दो ग्लॉक पिस्तौल (9 एमएम), दो पिस्तौल (30 बोर), एक पिस्तौल (32 बोर), एक जगिना पिस्तौल (30 बोर), 16 जिंदा कारतूस और 1.5 लाख की नकदी बरामद की गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत रत्न वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर पुष्पाजंलि अर्पित करते हुए कहा

# वर्तमान भारत के शिल्पी थे सरदार पटेल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत और सुरक्षित भारत की पृष्ठभूमि में लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की सोच, प्रयास व परिश्रम है। भारत रत्न वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित करने के बाद सीएम योगी ने कहा कि सरदार पटेल वर्तमान भारत के शिल्पी थे। उनका पूरा जीवन राष्ट्र व भारत मां के चरणों में समर्पित था। 1946 में देश के संविधान सभा का गठन हुआ।

उसके प्रमुख सदस्य और स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री के रूप में सरदार पटेल ने न केवल देश के एकीकरण के वर्तमान अभियान को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं, बल्कि 563 से अधिक रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाया। आज जो भारत देख रहे हैं, यह सरदार पटेल की सूझबूझ का परिणाम है। सीएम योगी ने कहा कि सरदार पटेल ने अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर देश की आजादी के आंदोलन को नई दिशा देने के लिए तत्कालीन नेतृत्व के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। गुजरात के आणंद के पास छोटे गांव में सामान्य किसान परिवार में उनका जन्म हुआ। प्रारंभिक शिक्षा भी मां के सानिध्य में घर पर संपन्न हुई। इंग्लैंड से लॉ की शिक्षा प्राप्त करने के बाद वे भारत आए। सरदार पटेल का देहावसान 15 दिसंबर 1950 को हो गया। उनके नेतृत्व में भारत नई ऊंचाइयों को छूता। उनकी संकल्पनाओं को मूर्त रूप देने के लिए जो अभियान चल रहा है, वह एक भारत-श्रेष्ठ भारत की पीएम मोदी की परिकल्पना को साकार करेगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सरदार पटेल ने चंपारण आंदोलन, नमक सत्याग्रह, भारत छोड़ो आंदोलन समेत आजादी से जुड़े सभी महत्वपूर्ण आंदोलनों में भाग लिया। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उन्हें जेल की यातना भी झेलनी पड़ी थी। सरदार पटेल ने अन्नदाता किसानों की समृद्धि व उत्थान के लिए जनजागरण के अनेक अभियान भी चलाए। गुजरात में सहकारिता के मजबूत आंदोलन की पृष्ठभूमि में भी सरदार पटेल का विजन है। उन्होंने हर अन्नदाता किसान को समृद्धि की नई ऊंचाई तक पहुंचाया। एक तरफ भारत मां के इस महान सपूत ने देश के एकीकरण के लिए अभियान को आगे बढ़ाया तो दूसरी तरफ गुलामी के कालखंड में जिन मानबिंदुओं का अपमान हुआ था, उनकी पुनर्स्थापना का भी कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न कराया। सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार को हाथों में लेकर सांस्कृतिक भारत की स्थापना का जो अभियान चलाया था, उसी का परिणाम है कि पटेल के प्रति श्रद्धा व कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व में नया भारत पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।



### सदन में स्वस्थ चर्चा से ही प्रदेश का विकास संभव : योगी

उत्तर प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र आज से

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल के सोमवार से शुरू हो रहे शीतकालीन सत्र को लेकर रविवार को हुई सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी दलों से सहयोग मांगा और कहा कि सदन में स्वस्थ चर्चा से प्रदेश का विकास और जनता की समस्याओं का समाधान होता है। उत्तर प्रदेश में सोमवार से शीतकालीन सत्र की कार्यवाही शुरू होगी। दोनों सदनों, विधानसभा और विधान परिषद का सत्र 16 दिसंबर से 20 दिसंबर तक प्रस्तावित है जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-2025 के द्वितीय अनुपूरक अनुदानों की मांगों का प्रस्तुतीकरण हो सकता है। रविवार को यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार आदित्यनाथ ने शीतकालीन सत्र से पहले विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक की। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की मौजूदगी में हुई बैठक में आदित्यनाथ ने कहा, सदन में स्वस्थ चर्चा से प्रदेश का विकास और जनता की समस्याओं का समाधान होता है। हम सभी जनप्रतिनिधि हैं, हमें जनता के मुद्दों, उनकी समस्याओं को लेकर सदन में सुचारू रूप से चर्चा करनी चाहिए। मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष ने सदन के कुशल संचालन के लिए सभी दलों का सहयोग मांगा। आदित्यनाथ ने सर्वदलीय बैठक में कहा, सदन सार्थक चर्चा का माध्यम होता है। इससे ही प्रदेश के विकास कार्यों को रफ्तार मिलती है।

## जमीन घोटाले की जांच कर रहे लेखपाल की हत्या, मिला शव

▸ 250 बीघा ग्राम समाज की जमीन पर हो रहे घोटाले का पर्दाफाश करने वाले थे मनीष

समृद्धि न्यूज



**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। फरीदपुर तहसील के लेखपाल मनीष चंद कश्यप, जो 27 नवंबर से रहस्यमय तरीके से लापता थे, उनका शव रविवार को कैंट क्षेत्र के बभिया गांव के नाले के किनारे से सड़ी-गली हालत में बरामद हुआ। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

लेखपाल के परिजनों ने दावा किया कि मनीष चंद कश्यप 250 बीघा ग्राम समाज की जमीन पर हो रहे घोटाले का पर्दाफाश करने वाले थे। उनकी पहचान पुलिस ने कपड़ों से की है। हालांकि डीएनए रिपोर्ट भी करवाई जा सकती है। मनीष ने कटरी क्षेत्र में भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जे की रिपोर्ट तैयार की थी और इसे शासन को भेजने वाले थे, लेकिन उसी दिन, उनका अपहरण कर लिया गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि मनीष पर रिपोर्ट रोकने का भारी दबाव डाला जा रहा था। परिजनों का आरोप है कि जब उन्होंने पुलिस में अपहरण की तहरीर दी, तो उनकी तहरीर को फाड़ दिया गया और केवल गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया। बाद में, मामला आला अधिकारियों तक पहुंचने पर इसे अपहरण के रूप में दर्ज किया गया। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया कि मनीष कश्यप की हत्या जमीन के पैमाइश विवाद के चलते हुई। फरीदपुर के गांव कपूरपुर के एक व्यक्ति का जमीन को लेकर विवाद चल रहा था, और आरोपी को शक था कि मनीष दूसरे पक्ष का समर्थन कर रहे हैं। 27 नवंबर को आरोपी ने मनीष को तहसील बुलाया और अपनी अर्टिगा कार में बैठाकर गला दबाकर उनकी हत्या कर दी।

### एनआईए व एटीएस से मुफ्ती खालिद को छुड़ाने वाले बलवाइयों पर शिकंजा

**झांसी।** विदेशों से ऑनलाइन फंडिंग और ऑनलाइन क्लासेस चलाने के मामले में एनआईए और एटीएस की टीम ने कोतवाली क्षेत्र स्थित सुपर कॉलोनी निवासी मुफ्ती को पूछताछ कर हिरासत में लिया था। वहां जुटी भीड़ पुलिस बल, एनआईए और एटीएस के साथ अभद्रता, धक्का-मुक्की कर मुफ्ती को हिरासत से छुड़ा ले गई थी। इस घटना में पुलिस ने 11 लोगों को नामजद करते हुए एक सौ अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। इस मुकदमे में पुलिस ने आज एक नामजद आरोपित परवेज को गिरफ्तार कर लिया है। परवेज की गिरफ्तारी के बाद बलवा और अभद्रता करने वाले अन्य आरोपित फरार हैं। पुलिस ने आरोपितों की तलाश शुरू करते हुए जीवन शाह तिराहे के पास से आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

## यूपी में पछुआ हवाओं का असर, 30 जिलों में आज से चलेगी शीतलहर

समृद्धि न्यूज

▸ पछुआ हवाएं लगातार गंगा के मैदानी इलाके को सर्द कर रहीं

**कानपुर।** पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी और पछुआ हवाओं का असर उत्तर प्रदेश में साफ देखा जा रहा है। रात के तापमान लगातार सामान्य से नीचे चल रहे हैं और कानपुर में तो 4.5 डिग्री तक तापमान पहुंच गया। हालांकि अयोध्या उत्तर प्रदेश का सबसे कम तापमान वाला जिला रहा जहां पर तीन डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ।

मौसम विभाग का कहना है कि चार डिग्री के आसपास कई जनपदों में तापमान रहा जो शीतलहर की ओर संकेत है। संभावना है कि सोमवार को उत्तर प्रदेश के करीब 30 जनपदों में शीतलहर पड़ सकती है जो फसलों को भी प्रभावित करेगी। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने रविवार को बताया कि पहाड़ों पर लगातार बर्फबारी होने से उत्तर प्रदेश के मौसम में बड़ा बदलाव आ रहा है। यहां पिछले कुछ दिनों से कड़ाके की सर्दी पड़ रही है और न्यूनतम तापमान शीतलहर के मानकों के आसपास पहुंच रहा है।

पछुआ हवाएं लगातार गंगा के मैदानी इलाके को सर्द कर रही हैं। आगामी दिनों घने कोहरे और तापमान में गिरावट के साथ ही अब उत्तर प्रदेश के लोगों को शीतलहर का भी सामना करना पड़ेगा। सोमवार को करीब 30 जनपदों में शीतलहर पड़ने की संभावना है। इसमें उत्तर प्रदेश के पूर्व से लेकर पश्चिम तक के जिले शामिल हैं।

### एआई इंजीनियर अतुल सुभाष खुदकुशी मामला : पत्नी व उसके परिवार के सदस्य गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक पुलिस ने 34 वर्षीय कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) इंजीनियर अतुल सुभाष की खुदकुशी मामले में अलग रह रही पत्नी और उनके परिवार के सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन सभी को उत्पीड़न, जबरन वसूली और वित्तीय शोषण के आरोपों के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि बेंगलुरु के मंजूनाथ लेआउट के निवासी सुभाष 09 दिसंबर को अपने अपार्टमेंट में मृत पाए गए थे। उन्होंने 25 पन्नों का सुसाइड नोट छोड़ा था। अतुल के भाई विकास कुमार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद मराठाहल्ली पुलिस ने निकिता, उनकी मां निशा सिंघानिया और उनके भाई अनुराग सिंघानिया के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने, उत्पीड़न और वित्तीय जबरन वसूली के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की।

## नोएडा प्राधिकरण के पूर्व ओएसडी के ठिकानों पर छापेमारी के बाद करोड़ों की संपत्ति मिली

▸ आय से अधिक संपत्ति मामले में जांच में मिली भारी अनियमितताएं

समृद्धि न्यूज



**गौतमबुद्धनगर।** नोएडा विकास प्राधिकरण के पूर्व विशेषाधिकारी (ओएसडी) रविंद्र सिंह यादव के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में शनिवार को विजिलेंस की टीम ने उनके नोएडा स्थित आवास और इटावा के एक स्कूल पर छापेमारी के बाद रविवार को बड़ा खुलासा किया है। इस दौरान कई अहम दस्तावेज और करोड़ों की संपत्ति के प्रमाण जब्त किए हैं।

एसपी विजिलेंस के मुताबिक, जांच में यह सामने आया है कि रवींद्र सिंह यादव ने एक जनवरी 2005 से 31 दिसंबर 2018 तक 94.49 लाख रुपये की वैध आय अर्जित की, जबकि इस दौरान उन्होंने 2.44 करोड़ रुपये खर्च किए। उनके खर्च उनकी आय से करीब 1.5 करोड़ अधिक रहे। रविंद्र यादव अतिरिक्त संपत्ति के स्रोत का कोई वैध विवरण नहीं दे सके। पहले विजिलेंस की 18 सदस्यीय टीम ने शनिवार को नोएडा सेक्टर-47 में यादव के तीन मंजिला आवास और इटावा के तलोरा नगर स्थित स्कूल पर कार्रवाई की। नोएडा स्थित आवास की अनुमानित बाजार कीमत 16 करोड़ आंकी गई है। इटावा के स्कूल परिसर की वर्तमान कीमत लगभग 15 करोड़ रुपये है, जिसमें स्कूल के सभी तकनीकी उपकरण और अन्य संसाधनों की कीमत 2 करोड़ रुपये आंकी गई है। जांच में पता चला कि इटावा स्थित स्कूल का संचालन यादव के बेटे द्वारा किया जा रहा है। स्कूल पूरी तरह से अवैध रूप से निर्मित है और इसे बिना किसी वैध स्वीकृति के संचालित किया जा रहा है। स्कूल के संचालन में 10 बसों का उपयोग हो रहा है, जिसकी अनुमानित कीमत 1.04 करोड़ रुपये है।

## फडणवीस के मंत्रिमंडल का विस्तार, 39 मंत्रियों ने ली शपथ

▸ भाजपा के 19, शिंदे के 11 राकांपा के नौ विधायक बने मंत्री

एजेंसी



**मुंबई।** सीएम देवेंद्र फडणवीस के मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया। रविवार को नागपुर में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने 39 विधायकों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई है। इनमें 33 कैबिनेट और 6 राज्यमंत्री हैं। इस बार चार महिला विधायकों मंत्री बनने का अवसर मिला है, जबकि 20 नए चेहरे मंत्री समूह में शामिल किए गए हैं।

मंत्रियों के विभागों का बंटवारा जल्द किए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है। महाराष्ट्र सरकार में देवेंद्र फडणवीस के मंत्री समूह में 20 नए चेहरों को शामिल किया गया है, इनमें भाजपा के नौ, शिंदे समूह के छह और राकांपा अजीत पवार गुट के पांच विधायक शामिल हैं। फडणवीस के मंत्री समूह में भाजपा नेता स्वर्गीय गोपीनाथ मुंडे की बेटी पंकजा मुंडे और भतीजे धनंजय मुंडे को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। स्वर्गीय भाजपा नेता पांडुरंग पुंडकर के बेटे आकाश फुंडकर को भी देवेंद्र फडणवीस के मंत्री समूह में जगह मिली है। फडणवीस के मंत्री समूह में अनुभवी मंत्रियों के रुप में चंद्रकांत पाटिल, राधाकृष्ण विखे पाटिल, चंद्रशेखर बावनकुले, गिरीश महाजन, गणेश नाईक, मंगलप्रताप लोढ़ा शामिल हैं। शपथ ग्रहण समारोह में मालाबार हिल, मुंबई के विधायक मंगलप्रताप लोढ़ा ने संस्कृत भाषा में शपथ ली है।


विस चुनाव में भारी बहुमत मिलने के बाद भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई में 5 दिसंबर को तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। देवेंद्र फडणवीस के साथ ही शिवसेना शिंदे समूह के एकनाथ शिंदे और राकांपा एपी के अजीत पवार ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ थी। आज भाजपा के 19 विधायकों ने मंत्री पद और गोपनीयता की शपथ ली है। इस प्रकार मंत्रिमंडल में फडणवीस सहित 20 मंत्री पद भाजपा के हिस्से में आए हैं। शिवसेना शिंदे समूह को उपमुख्यमंत्री पद के सहित 12 मंत्री पद मिले हैं, जबकि राकांपा एपी को उपमुख्यमंत्री पद सहित कुल 10 मंत्री पद मिले हैं। पिछली बार मंत्री रहे कई विधायकों का पत्ता कट गया है। इनमें भाजपा की ओर से सुधीर मुनगंटीवार, अतुल सावे, राकांपा एपी की ओर से छगन भुजबल, दिलीप वलसे पाटिल, धर्मराव बाबा अत्राम, अनिल पाटिल तो शिवसेना शिंदे समूह के अब्दुल सत्तार, दीपक केसरकर, तानाजी सावंत आदि को इस बार मंत्री नहीं बनाया गया है।

### श्रीलंका के राष्ट्रपति तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके तीन दिवसीय भारत यात्रा पर आज नई दिल्ली पहुंचे। केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन ने उनका स्वागत किया। श्रीलंका का राष्ट्रपति निर्वाचित होने के बाद यह उनकी पहली अन्तरराष्ट्रीय यात्रा है। उनके आगमन की जानकारी देते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि उनकी यात्रा से दोनों देशों के नागरिक केंद्रित साझेदारी और सशक्त होगी। दिसानायके 15 से 17 दिसंबर तक तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर भारत आये हैं। अपनी यात्रा के दौरान दिसानायके भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

## विश्व विख्यात तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन का निधन

एजेंसी, नई दिल्ली/सैन फ्रांसिस्को।



विश्व विख्यात तबला वादक और पद्म विभूषण उस्ताद जाकिर हुसैन का अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे।

सैन फ्रांसिस्को में उनका इलाज चल रहा था। वहीं उन्होंने आखिरी सांस ली। अस्पताल से जुड़े सूत्रों ने उस्ताद के निधन की पुष्टि की है, लेकिन उनके परिवार का बयान अभी नहीं आया है।

उनका जन्म नौ मार्च 1951 को मुंबई में हुआ था। उस्ताद जाकिर हुसैन को 1988 में पद्म श्री, 2002 में पद्म भूषण और 2023 में पद्म विभूषण से नवाजा गया था। जाकिर हुसैन को तीन ग्रैमी अवॉर्ड भी मिल चुके थे। उनके पिता का नाम उस्ताद अल्लाह रक्खा कुरैशी और मां का नाम बीवी बेगम था। जाकिर के पिता अल्लाह रक्खा भी तबला वादक थे। जाकिर हुसैन की प्रारंभिक शिक्षा मुंबई के माहिम स्थित सेंट माइकल स्कूल से हुई थी। इसके अलावा उन्होंने ग्रेजुएशन मुंबई के ही सेंट जेवियर्स कॉलेज से किया था।

## सरकार ने शुरू की जलवाहक योजना नदियों के जरिए होगी कार्गो की ढुलाई

एजेंसी

▸ योजना से आंतरिक जलमार्गों व कार्गो मूवमेंट को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अंतर्देशीय जलमार्गों के जरिए माल की आवाजाही को बढ़ावा देने के लिए 'जलवाहक' योजना की शुरुआत की है। केंद्रीय बंदरगाह, पोत-परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने रविवार को तीन मालवाहक जहाजों को हरी झंडी दिखाकर इस सर्विस का उद्घाटन किया।

केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने तीन मालवाहक जहाजों की निर्धारित अनुसूचित सेवा का उद्घाटन के बाद कहा कि यह योजना राष्ट्रीय जलमार्ग-1 (गंगा), 2 (ब्रह्मपुत्र) और 16 (बराक नदी) पर टिकाऊ और लागत प्रभावी परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसके तहत पश्चिम बंगाल से लेकर पटना, बनारस और गुवाहाटी तक जलमार्ग के जरिए माल की ढुलाई अब रेलवे की मालगाड़ी से भी सस्ती पड़ेगी। सोनोवाल ने कहा कि योजना का उद्देश्य अंतर्देशीय जलमार्गों की व्यापार क्षमता को खोलने के साथ-साथ रसद लागत को कम करना और सड़क और रेल नेटवर्क पर भीड़भाड़ कम करना है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत जलमार्गों के जरिए 300 किलोमीटर से अधिक दूरी तक माल परिवहन करने वाले कार्गो मालिकों को परिचालन लागत पर 35 फीसदी तक की प्रतिपूर्ति मिलेगी।

समारोह

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 32वें सारस्वत सम्मान समारोह में कहा

# सब को जोड़ने वाली हिन्दी भाषा है भारत की आत्मा

समृद्धि न्यूज

**इटावा ।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि हिन्दी भाषा भारत की आत्मा और पहचान है। इस्लामिया इंटर कॉलेज में इटावा हिंदी सेवा निधि के 32 वें.सारस्वत सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि श्री बिरला ने रविवार को कहा कि देश या दुनिया के अंदर भाषा ही पहचान होती है। आज भी जब हम दुनिया के अंदर शासन पद्धतियों को देखते हैं तो उस समय भारत की एकता को रखने में भाषा का बड़ा महत्व है। इस अवसर पर उन्होने देश के जाने माने कवि डॉ सुनील जोगी समेत 18 अन्य हिंदी सेवियों को सम्मानित किया।




उन्होंने कहा कि जब संविधान का निर्माण हुआ था। उस समय देश की अलग-अलग भाषा और बोली के लोग थे। उन सबने माना कि भारत में भाषाएं एकता का प्रतीक हैं। हिंदी भाषा सब को जोड़ने का काम करती है। इस लिए इसे भारत की आत्मा मानते हैं। बिरला ने कहा कि अदालत में पहले सिर्फ अंग्रेजी में काम होता था, लेकिन अब 22 भाषाओं में काम हो रहा है।

संसद में भी हम कई भाषाओं में काम कर रहे हैं। हमने हिंदी के माध्यम से मानवीय संवादनों को व्यक्त किया है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि आजादी की लड़ाई लड़ने में भाषा का और साहित्यकारों का बहुत बड़ा योगदान था। आज टेक्नोलॉजी का ज़माना है। इससे भाषा का तुरंत अदान प्रदान होता है। भारत की संस्कृति से दुनिया को संदेश दिया है कि दुनिया के अधिकतम देश के लोग धर्म अध्यात्म की शांति और समझ के लिए और कैसे इस लोग इतने बड़े देश को जोड़ने रहे हैं उसको समझने आते हैं।

### भारतीय भाषा की विविधता बहुत बड़ी

भारत में ऐसे लोग हुए जिनके कारण हिंदी भाषा को आगे बढ़ाने का काम किया। ये समारोह इसलिए किए जाते हैं कि आने वाली पीढ़ी भाषाओं पर गर्व करें। नहीं तो आने वाली पीढ़ी गुलामी की मानसिकता बाली भाषाओं पर गर्व करेगी। उन्होने कहा कि ये चिंता का विषय है। हम दुनिया के केंद्रों में जब द्विपक्षीय वार्ता होती है तो हमने देखा ही कि वो अपनी भाषा में बात करते है जबकि उन्हें अंग्रेजी समेत कई भाषाएं आती हैं। हमारे प्रधानमंत्री हर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हिंदी का प्रयोग करते हैं। भारतीय भाषा की विविधता बहुत बड़ी है। दुनिया में भाषा सिखाने की लिए कई संस्थान काम कर रहे हैं। दुनिया के लोग हिंदी भाषा की तरफ रुचि रखते हैं। भारत के विद्वान भाषा के माध्यम से जो संवेदना झलकती तो वो भाषा के माध्यम से अपनी संस्कृति को दुनिया में पहुंचाते थे।

# निघासन पहुंचे राजभर ने विपक्षी पार्टियों पर जमकर साधा निशाना

▸ ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य, मदरसा छात्रों से किया संवाद, जनसभा को किया संबोधित

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बे के जिला पंचायत इंटर कॉलेज मैदान में रविवार को पंचायती राज विभाग/ अल्पसंख्यक कल्याण हज व वक्फ बोर्ड मंत्री ओपी राजभर ने जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। संबोधन के दौरान ओपी राजभर ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा।

संबोधन के दौरान ओपी राजभर ने बताया कि निघासन और पलिया इलाके में हम बहुत पहले काम कर चुके हैं। लेकिन आज हम उन मुसलमान भाइयों से कहना चाहते हैं कि मोहम्मद साहब को मानते हो लेकिन मोहम्मद साहब के विचारों को नहीं मानते। मोहम्मद साहब ने कहा है कि आप लाचार मजलूमों की मदद करो और आप इसके विपरीत करते हो। देश में सबसे बड़ा आगे मजलूम कोई है तो अखिलेश यादव, सोनिया, और मायावती है, यारो याद करो खुदा भी उसी की मदद करता है, जो दूसरों की मदद करने के लिए तैयार होता है आप क्या करते हो दूसरों की मदद करते हो और फिर कहते हो कि हमारी मदद नहीं की जा रही है।

मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी सरकार में 25 करोड़ की आबादी में कोई भी अनपढ़ नहीं रहेगा, हमारी सरकार में 51 बच्चें आईएएस हुए, शौचालय निर्माण कार्य, किसानों के गन्ने के भुगतान के सम्बन्ध में बात करते हुए कहा कि कुछ को छोड़कर लगभग सभी चीनी मिलें किसानों का भुगतान कर चुकी है, शेष मिलों से भुगतान के लिए बात चल रही है, सरकार नया कानून बना रही है, मदरसा बोर्ड बनाकर सभी को समान शिक्षा देने की तैयारी कर रही है। इस मौके पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल सहित पूरा प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

## श्री विद्यार्चन महालक्ष्मी महायज्ञ की तैयारी शुरू, हुआ ध्वज पूजन

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** पब्लिक इंटर कॉलेज में 7 जनवरी से 13 जनवरी तक महालक्ष्मी महायज्ञ अनुष्ठान को लेकर शनिवार को आचार्य शिवेंद्र मिश्रा कात्यायन ने वैदिक मंत्र उपचार के साथ पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू से विधि विधान से ध्वज पूजन कराया। आचार्य शिवेंद्र मिश्रा ने बताया कि शिव साधना गुरुकुल गोमती मठ नैमिषारण्य क्षेत्र के तत्वावधान में पंच कुंडीय यज्ञ अनुष्ठान में 51 विद्वान ब्राह्मण शामिल रहे। ध्वज पूजन के साथ यज्ञशाला आदि का कार्य शुरू कर दिया गया है। 7 जनवरी को जल यात्रा, आठ को मंडप पूजन, नौ को अंक पाठ और 10 को अग्नि स्थापना के साथ 13 जनवरी तक दिन रात यज्ञ में आहुतियां एवं अनुष्ठान जारी रहेगा। मां महालक्ष्मी ज्ञान और मोक्ष की अधिष्ठात्री प्राकृत देवी हैं। उन्होंने बताया कि श्री विद्यार्चन महालक्ष्मी महायज्ञ की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस मौके लवकुश अवस्थी, उमेश मिश्रा, पंकज कोहली, अंकुश महेश्वरी, विवेक दीक्षित, शत्रोहन मिश्रा, पंकज बाजपेई, मनोज मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# ग्राम रोजगार सेवकों ने पंचायती राजमंत्री को 10 सूत्रीय मांग का सौंपा ज्ञापन

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



निघासन के जिला पंचायत इंटर कॉलेज के मैदान में पहुंचे उत्तर प्रदेश के पंचायती राजमंत्री ओपी राजभर को ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिला अध्यक्ष/प्रदेश उपाध्यक्ष शिव शंकर सहित तमाम पदाधिकारियों ने सूबे के मुख्यमंत्री को संबोधित 10 सूत्रीय मांगपत्र सौंप कर कार्यवाही के लिए ज्ञापन दिया।

रोजगार सेवकों ने ज्ञापन में बताया कि विगत चार अक्टूबर, 2021 को मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं पर शासन स्तर पर उचित निर्णय नहीं लिया गया है, जबकि संगठन द्वारा कई बार पत्राचार व वार्ता के माध्यम से विभिन्न स्तरों पर अवगत कराया गया।

वर्तमान समय में मानदेय 7788 रु. प्रतिमाह मिल रहा है परन्तु 2218 रु. विगत 10 माह बाद भी ईपीएफ के यूएएन के खाते में जमा नहीं किया गया है, जिससे किसी भी मनरेगा कर्मी की मृत्यु पर उसके आश्रित को कोई लाभ नहीं मिल पाता है। अतः मृतक आश्रित को उसी पद पर समायोजन भी कराया जाये। ग्राम रोजगार सेवकों से मूल ग्राम पंचायतों के साथ-साथ रिक्त ग्राम पंचायतों में भी कार्य लिया जाये जिस सम्बन्ध में 31 मई, 2022 को पत्रांक सं.-1086 के अन्तर्गत आयुक्त द्वारा शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जा चुका है। मानव संसाधन नीति के सम्बन्ध में 31 मई, 2022 को पत्रांक सं.-1087 के अन्तर्गत विभाग द्वारा शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जा चुका है। ग्राम रोजगार सेवकों पर फर्जी कार्रवाई न हो जिस सम्बन्ध में पत्रांक सं.-1085 के माध्यम से आयुक्त महोदय द्वारा पत्र शासन को प्रेषित किया गया है। जॉब चार्ट में अन्य कार्य जोड़ने के सम्बन्ध में 18 नवम्बर, 2021 को व उसके उपरान्त कई बार रिमान्डर भी विभाग द्वारा शासन को भेजा गया है, जिसके अन्तर्गत चार विभागों के कार्य जोड़ने थे परन्तु सिर्फ प्रधानमंत्री आवास व मुख्यमंत्री आवास की जियो टैगिंग के कार्य ही जोड़े गये हैं। अन्य कार्यो को भी जॉबचार्ट में जोड़ा जाये व बकाया मानदेय दिया जाये। राज्य कर्मचारी का दर्जा ग्राम रोजगार सेवकों को दिया जाये। रोजगार सेवकों ने अपने मांगपत्र में कहा कि दिनांक चार अक्टूबर, 2021 को डिफेंस एक्सपो के मैदान में आयोजित सम्मेलन में मुख्यमंत्री द्वारा ग्राम रोजगार सेवकों व मनरेगा कार्मियों के सम्बन्ध में की गयी घोषणाओं पर आदेश निर्गत कराये जाय। ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना में श्रमिकों के भुगतान हेतु डोंगल हस्ताक्षरकर्ता के रूप में ग्राम रोजगार सेवकों को दिया जाय। जिससे श्रमिकों का भुगतान साप्ताहिक किया जा सके। पंचायत भवन / ग्राम सचिवालयों में ग्राम रोजगार सेवकों को अभिलेख रखरखाव के लिए अलमारी कुर्सी की व्यवस्था कराई जाय। ग्राम रोजगार सेवकों से मूल ग्राम पंचायत के साथ-साथ रिक्त ग्राम पंचायतों में भी कार्य लिया जाय। राज्य वित्त, केन्द्रीय वित्त एवं अन्य निधियों में श्रमिकों की मजदूरी का भुगतान मनरेगा से किया जाय। इस सम्बन्ध में भारत सरकार द्वारा अभिसरण हेतु 12. 04.2016 व 16 मई, 2017 को शासनादेश भी जारी किया गया है। ईपीएफ कटौती की धनराशि कर्मचारियों के यूएएन खाते में भेजी जाए। अनुमोदन से विरक्त ग्राम रोजगार सेवकों का अनुमोदन करवाते हुए ग्राम पंचायतों में योगदान दिया जाए। ग्राम रोजगार सेवकों को नियमित करते हुए राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाय। प्रत्येक माह प्रदेश स्तर / जनपद स्तर पर समस्याओं के निस्तारण हेतु बैठक की तिथि निर्धारित किया जाय। कोविड के अतिरिक्त आकस्मिक/ दुर्घटना से मृत्यु होने पर उसके आश्रित को सेवा में समायोजित किया जाय, इस सम्बन्ध में उप्र शासन द्वारा 18 मार्च 2024 को शासनादेश जारी कर आयुक्त ग्राम विकास विभाग उप्र को निर्देशित किया गया है।

इस मौके पर रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष सहित जिला महामंत्री लक्ष्मीकांत बाजपेई, सचित अवधेश कुमार, उपाध्यक्ष संजय कुमार, ऑडिटर आशीष कुमार, मीडिया प्रभारी जफर अली, अमर प्रकाश, तिलकराम, जसवंत कुमार, कैलाश कुमार सहित सभी जनपद के ग्राम रोजगार सेवक मौजूद रहे।

## हरिहरपुर के स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

विकास क्षेत्र बांकेगंज के पीएम श्री विद्यालय हरिहरपुर में वार्षिकोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह हुआ। जिसमें बच्चों ने मनमोहक नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। अतिथियों ने छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरण कर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामपुर ग्रंट के ग्राम प्रधान नीरज वर्मा ने की। विद्यालय के शिक्षक शबील अंसारी ने कार्यक्रम का संचालन किया। रशीद अंसारी ने सुंदर संगीत सुनाया। सुरभि कनौजिया, मधु वर्मा, अंजली सिंह, आशीष गुप्ता सहित ब्लॉक बांकेगंज के एआरपी डॉ. युसूफ अली, शिक्षक महासंघ के संयोजक विनीत सिंह भदौरिया, शिक्षक संकुल अरविंद जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीण एवं लेखपाल के बीच हाथापाई, दीवार को गिराने को लेकर हुआ था विवाद

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



तहसील मितौली क्षेत्र के ग्राम भवानीगंज में रविवार के दिन लेखपाल मनोज मिश्रा ग्राम समाज में बन रही दीवार को गिराने पहुंच गए, जहां ग्रामीणों ने दीवार गिराने से मना किया। बात इतनी बढ़ गई ग्रामीण एवं लेखपाल के बीच हाथापाई शुरू हो गई। ग्रामीण पक्ष के वीरपाल भार्गव पुत्र भीखम लाल व उनके पुत्र पंकज कुमार को चोट आई। इसी दौरान भूक्त भोगी वीरपाल की पत्नी गीता देवी मौके पर आ गई। लेखपाल मनोज मिश्रा एवं उनके मुंशी श्याम पाल ने गीता देवी के साथ अभद्रता करते हुए जाति सूचक शब्दों का भी प्रयोग किया गया। चोटिल अवस्था में वीरपाल के परिवार का इलाज मितौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। वहीं लेखपाल पक्ष का आरोप है कि ग्रामीणों द्वारा बंधक बनाकर पीटा गया। लेखपाल के विरुद्ध ग्रामीणों का भी आरोप है कि उसने अवैध रूप से धन उगाही की मांग की थी। कुछ पैसा लेखपाल ने पहले से भी लिया था शेष पैसा ना मिलने पर छुट्टी के दिन दीवाल गिराने पहुंच गया। घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। लेखपाल मनोज मिश्रा ने थाना मैगलगंज में लिखित रूप से तहरीर भी दी गई है। समाचार लिखने तक ग्रामीणों का इलाज मितौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संचालित किया जा रहा था।

# किसान अपहरण कांड का खुलासा करते हुए गोला पुलिस ने एक को भेजा जेल

▸ पुलिस ने की अपहरण में प्रयुक्त कार बरामद

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



अपहरण के एक मामले का खुलासा करते हुए गोला पुलिस ने घटना में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। बता दें कि थाना क्षेत्र के ग्राम द्वारिकानगर निवासी विपिन कुमार पुत्र प्रभुदयाल सोमवार की रात लगभग 2 बजे गन्ना बेचकर अपने घर जा रहा था। उसी समय लखीमपुर रोड पर नानक पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर शराब के नशे में कार सवार चार युवकों ने गाडी का शीशा तोड़ने का आरोप लगाते हुए विपिन से मारपीट करने लगे। इसके बाद उसे कार में डालकर रास्ते भर पिटाई करते हुए उसकी किडनी निकाल कर बेंचने की बात करते हुए उसे बाराबंकी ले जाकर छोड़ दिया। इधर पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर बदमाशों की पहचान में जुटी थी। रविवार को कामयाबी मिली। घटना में शामिल उसके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। पुलिस टीम फुटेज और मुखबिर की सूचना पर रविवार को सुबह 8.40 बजे अलीगंज रोड पर नहर पुल के आगे जमुनाबाद फार्म कृषि महाविद्यालय के निकट जिला सीतापुर के कस्बा सिंधोली के मुहल्ला बाजार निवासी अखिलेश बाजपेई के पुत्र विशाल बाजपेई को अपहरण मे प्रयोग की गई कार यूपी 32/एफयू 5216 बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी के आधार पर मुकदमें में धारा 317(2)/309(6) बीएनएस की बढोत्तरी की गई है। जबकि घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती मनाई गई

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



स्थानीय पब्लिक इंटर कॉलेज में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती समारोह मनाया गया। जिसमें भाषण व निबंध प्रतियोगिता में छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया। महारानी अहिल्याबाई होलकर विषय पर भाषण प्रतियोगिता में डाली चौधरी, निदा परवीन, सारिफा, इरम अंसारी, पवन गुप्ता, नितिन गिरि, अंकुल कुमार, सना खान के भाषण सराहनीय रहे। इसी विषय पर निबंध प्रतियोगिता में प्रियांशी अवस्थी, दुर्गा देवी, निदा अली, शशि, डाली चौधरी, संध्या राज, करीना सिंह, अवंतिका सिंह, सानिया, अंशी, राजवीर कौर, खुशबू देवी, आरती देवी, नैंसी शर्मा, नीतू, अंशिका शर्मा, रोली गौतम, सायफा, जेबा खातून, पलक दीक्षित, सानिया शर्मा, ताशु त्रिवेदी, सना खान, सोनम, गौसिया खातून, यौशिफा बानो, वंदना, अंजू देवी, इंदू सिंह, सपना देवी, मुस्कान, निदा परवीन, ईरान अंसारी, शगुन बाजपेई, नेहा, मनु शर्मा, कृतिका तिवारी, अंकुल कुमार, पवन गुप्ता, पंकज कुमार, कुशाग्र सिंह, नैमिष, सचिन कुमार, अनूप कुमार, अरमान, हिमांशु गौतम, अमित शाह, नदीम, नितिन विश्वकर्मा, नितिन गिरि के निबंध सराहनीय रहे। संतोष कुमार गुप्त ने कहा की महारानी अहिल्याबाई होल्कर का जन्म महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के चांडी, ग्राम में हुआ था। इनके पिता का नाम मंकोजी शिंदे था। उसे समय स्त्रियों को पढ़ाया नहीं जाता था तब भी इनके पिता ने इनको पढ़ाया। इनका विवाह खंडेराव होलकर के साथ हुआ था। तो तत्काल में मालवा राज्य के महाराजा थे। अपने पति की मृत्यु के बाद 11 दिसंबर सन 1767 ई को इनका राज्याभिषेक किया गया। इनका शासन समाज सुधार और न्यायप्रियता के लिए जाना जाता है। रमेश कुमार मौर्य ने न्यायप्रियता की कहानी सुनाते हुए कहा। कि एक बार उनके बेटे के रथ से गाय का बछड़ा कुचल गया, तब महारानी को पता लगा कि उनके बेटे ने गाय के बछड़े को कुचला है। उन्होंने स्वयं रथ लेकर अपने बेटे को कुचलने का निश्चय किया ताकि गाय को न्याय मिल सके, लेकिन गाय ने उनके रथ को रोक लिया, रथ को आगे बढ़ने नहीं दिया, तब कहीं उनके पुत्र की जान बच सकी। इतिहास में उन्हें लोकमाता के नाम से प्रसिद्धि प्राप्त है। इतिहास प्रवक्ता रमेश चंद, राकेश कुमार वर्मा, विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता विश्व मोहनजीत ने छात्र छात्राओं से कहा कि हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर सच्चे नागरिक बनना चाहिए।

## सीजीएनपीजी कालेज का संचालन मातृशक्ति के कंधों पर

▸ अध्यक्ष बीना, उपाध्यक्ष सीमा, प्रबंधक चरनजीत कौर

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।** केन ग्रोअर्स नेहरू डिग्री कॉलेज में प्रबंध समिति का चुनाव विधायक अमन गिरि की मौजूदगी में संपन्न हुआ जिसमें सर्व सम्मति से चरनजीत कौर प्रबंधक, बृजकिशोर को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। प्रबंध समिति के चुनाव के लिए समिति की चेयरमैन बीना सिंह की अध्यक्षता में केन ग्रोअर्स नेहरू डिग्री कॉलेज में बैठक आयोजित हुई। जिसमें प्रबंधक पद के लिए चरनजीत कौर और कोषाध्यक्ष पद के लिए बृजकिशोर रखा गया। जिसे मौजूद सदस्यों ने स्वीकृत प्रदान कर दी। विधायक अमन गिरि ने प्रबंधक को बधाई देते हुये बुके भेंट करते हुए कार्यभार ग्रहण कराया। जबकि अध्यक्ष पद पर बीना सिंह, उपाध्यक्ष सीमा वर्मा पहले से ही मनोनीत थी। अब चरनजीत कौर के प्रबंधक बनने के बाद तीनों महिलायें एक साथ समिति का संचालन करेगीं। प्रबंध समिति की नई कार्यकारिणी के गठन पर विधायक अमन गिरि ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि महाविद्यालय के इतिहास में यह पहला अवसर है जब अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं प्रबंधक का नेतृत्व मातृशक्ति द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष बीना सिंह, उपाध्यक्ष सीमा वर्मा व प्रबंधक चरनजीत कौर ने महाविद्यालय प्रांगण में पौधरोपण किया। इस मौके पर प्रबन्ध समिति की सदस्य शकुन्तला देवी, रामकुमार शुक्ल, योगेश कुमार वर्मा, अरविन्द कुमार सिंह, मुकेश कुमार, दृगपाल सिंह, श्याम सिंह, सहकारी गन्ना विकास समिति के सचिव डॉ.बलवंत कुमार चौधरी, ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक आशुतोष मधुकर, संतोष वर्मा आदि मौजूद रहे।



## ऐतिहासिक धनुष यज्ञ मेला में धनुष भंग व सीता स्वयंवर का कार्यक्रम संपन्न

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



बिजुआ क्षेत्र के पड़रिया तुला कस्बे में पौराणिक ऐतिहासिक धनुष यज्ञ मेले का आयोजन सैकड़ों वर्षो से होता आ रहा है, जिसमें दूर दराज से सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए कलाकारो को बुलाया जाता है जो रामलीला का मंचन करते हैं जिसे देखने के लिए दूर-दराज से दर्शक आते हैं। ऐसे ही कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार को धनुष भंग तथा सीता स्वयंवर के कार्यक्रम का आयोजन कलाकारों द्वारा किया गया जिसमें कलाकारों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस धनुष भंग के कार्यक्रम को देखने के लिए क्षेत्र के हजारों लोगों की भीड़ इकट्ठा हुई वही अचानक कार्यक्रम की घोषणा से हजारों लोग कार्यक्रम देखने से वंचित रह गए। क्षेत्रीय लोग बताते हैं कि पहले जब धनुष भंग होता था तो मेले में निकलने भर की जगह नहीं बचती थी और हजारों की संख्या में भीड़ उमरती थी। लेकिन इस बार आधे से भी कम भीड़ दिखाई दी। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के सर्वराकार पुनीत कुमार सक्सेना, रामजीत सिंह, ग्राम प्रधान पप्पू, दिनेश गुप्ता, संदीप कुमार सहित कई गणमान्य लोग मंच पर उपस्थित रहे।

# पीट-पीटकर युवक की हत्या, पांच नामजद समेत 10 के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर) समृद्धि न्यूज़।**



शनिवार की देर शाम हैदराबाद थाना क्षेत्र में प्रेम प्रंसग में बाधा बन रहे एक युवक की पीट-पीट कर हुई हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर मुख्य आरोपी आशीष भारती, उसके चार परिवारजनों सहित 10 लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम नगरा सलेमपुर में प्रेम-प्रंसग में बाधा बन रहे 38 वर्षीय उमेश वर्मा को गांव निवासी आशीष भारती सहित दस लोगों ने घर में घुसकर लाठी डंडों से पीट-पीट कर गंभीर घायल कर दिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भिजवाया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताते हैं मृतक की चचेरी साली की दो शादियां हो चुकी हैं, इस महिला के पहले और दूसरे पति से एक एक बच्चा भी है जिससे हत्या का मुख्य आरोपी आशीष भारती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी बात को लेकर शनिवार की शाम मृतक उमेश वर्मा से कहा सुनी हो गई। धीरे-धीरे बात इतनी बढ गई कि आरोपी ने फोन कर अपने साथियों को बुला लिया। कुछ देर में दो-चार पहिया वाहनों से लाठी डंडों समेत आए एक दर्जन हमलावरों ने मृतक के घर घुसकर उमेश वर्मा पर लाठी डंडों से प्रहार कर मरणासन्न हालत में पहुंचा दिया था। प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे ने रात में ही धर पकड़ अभियान चलाते हुए सभी आरोपियों को हत्या में प्रयोग हुये वाहनों समेत धर दबोचा। घटना के बाद विधायक अमन गिरि ने गांव पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया। प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे ने बताया कि मृतक की पत्नी जूली देवी की तहरीर पर मुख्य आरोपी आशीष भारती उसके दो भाइयों और पिता को नामजद तथा छह अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

## एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत छात्राओं की ब्लड जांच



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** भारत विकास परिषद शाखा के तत्वाधान में एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत श्रीलाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज में 165 छात्राओं की हीमोग्लोबिन और ब्लड ग्रुप की जांच कराई गई। एनीमिक बालिकाओं को लोहे की कढ़ाई उपहार में दी गई। परिषद के वरिष्ठ सदस्य डॉ. शिवेन्द्र अवस्थी ने एनीमिया को दूर करने संबंधित जानकारी छात्राओं को दी। अध्यक्ष डॉ. आदर्श दीक्षित ने बच्चों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए पौष्टिक आहार लेने को कहा। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार सिंह यादव, परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, अध्यक्ष डॉ. आदर्श दीक्षित, कोषाध्यक्ष विकास मिश्रा,पूर्व अध्यक्ष गुरुदेव शर्मा, रामेन्द्र शुक्ला, पंकज बाजपेई, राहुल शुक्ला, पंकज जायसवाल, सर्वेंद्र अनुराग वर्मा, मनोज कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गुरुदेव शर्मा ने किया।

# पीएम श्री विद्यालय रतहरी में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



रविवार को पी एम श्री विद्यालय रतहरी में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मितौली दिनेश मास्टर एवं खंड शिक्षा अधिकारी मितौली भगवान राव द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया। विद्यालय के बच्चों द्वारा कबड्डी, खो खो, लंबीकूद, ऊंची कूद , दौड़ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि मितौली दिनेश मास्टर द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया एवं बच्चों को खेल के प्रति जागरूक करने के लिए संबोधित किया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी मितौली भगवान राव ने नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना की एवं बच्चों को खेल से होने वाले लाभ के बारे में बताया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान अध्यापक बृजेंद्र प्रताप सिंह ए आर पी राजेश पाण्डेय, अनुपम अवस्थी, प्रशांत पांडेय, खेल शिक्षक मुनेश कुमार, अमित कुमार शर्मा, कृष्णपाल यादव एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सैकड़ो क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# घर-घर यज्ञ करा रहीं गायत्री परिवार की महिलाएं

▸ मिटा रहीं जात-पात और ऊंच-नीच के भेद

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के नारी जागरण अभियान को साकार करते हुए गायत्री परिवार की प्रशिक्षित महिलाएं गांवों में घर-घर जाकर गायत्री यज्ञ संपन्न करा रही हैं जिससे विशेष रूप से ग्रामीण समाज में जात-पात, ऊंच-नीच और नर-नारी का भेद मिटने की राह खुल रही है। इस क्रम में गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ एवं महिला मंडल लखीमपुर खीरी के संयोजन में धौरहरा ब्लॉक के सरसवा गांव में साप्ताहिक गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ अभियान के अंतर्गत रविवार को गांव के घरों में गायत्री यज्ञ संपन्न कराए गए जिसमें भारी संख्या में गायत्री परिवार की महिला पुरोहितों ने यज्ञ संपन्न कराए। मीडिया प्रभारी अनुराग मौर्य ने बताया रविवार को सरसवा गाँव में महिला मंडल की अगुआई में ग्राम प्रदक्षिणा हुई जिसमें जाति वंश सब एक समान, नर और नारी एक समान जैसे नारे लगाकर सामाजिक समता का संदेश दिया गया। इसके बाद सभी महिला पुरोहितों ने पूर्व चयनित सभी घरों में गायत्री यज्ञ संपन्न कराकर इस रूढ़िवादिता पर कुठाराघात किया कि महिलाएं यज्ञ नहीं करा सकतीं। कार्यक्रम में जिला समन्वयक रामखेलावन निषाद ने अभियान की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। बहराइच से पहुंचे मुख्य अतिथि मनीराम वर्मा ने गायत्री परिवार कार्यकर्ताओं को माता भगवती देवी जी के जन्म शताब्दी वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय लखीमपुर में 25 अक्टूबर 2025 से होने जा रहे नारी उत्कर्ष समारोह की तैयारियों के लिए जुट जाने का आवाहन किया। समाचार लिखे जाने तक गांव के 55 घरों में गायत्री यज्ञ संपन्न हो चुके थे। जिला समन्वयक ने सभी कार्यकर्ताओं को 22 दिसम्बर रविवार को गायत्री शक्तिपीठ लखीमपुर पर संपन्न होने वाली जिला स्तरीय कार्यकर्ता गोष्ठी के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान बहराइच के जिला समन्वयक एस पी त्रिपाठी, ईसानगर ब्लॉक समन्वयक राकेश यादव, राज किशोर वर्मा, अजय वर्मा, महिला मंडल की निर्मला देवी, सावित्री वर्मा, जयंती विश्वकर्मा, सुमन वर्मा, सुगंधा शुक्ला, दीपा वर्मा, अहिल्या देवी, अनुराधा मौर्य, संगीता वर्मा, मनीषा वर्मा आदि मौजूद रहीं।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शपथकर्ता अमन शर्मा पुत्र रमाशंकर निवासी म.नं. 83 कुन्दहा बाल्हामऊ रोड, प्राथमिक विद्यालय पो. रामापुर कुन्दाहा, जि. जौनपुर का मूल निवासी हूं। मेरा नाम हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट अंकपत्र व प्रमाण पत्र में शर्मा अमन रमाशंकर अंकित है जबकि आधार व पैन कार्ड में अमन शर्मा दर्ज है। उक्त दोनों नाम मेरे ही हैं और वर्तमान समय में मुझे अमन शर्मा के नाम से जाना व पहचाना जाता है। अतः अमन शर्मा के नाम से जाना व पहचाना जाये।

सीएम योगी ने हाईकोर्ट के जज को महाभियोग का नोटिस देने पर टिप्पणी करते हुए कहा

# संविधान का गला घोंटकर देश चलाना चाहता विपक्ष

▸ सही बात कहने पर जज को दिया गया नोटिस : सीएम

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज द्वारा दिए गए कथित विवादित बयान का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने उनका समर्थन किया है। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा है कि सही बात कहने पर हाईकोर्ट के जज को महाभियोग का नोटिस दिया गया है। विपक्ष संविधान का गला घोंटकर देश चलाना चाहता है।

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक जज ने एक बात कही। समान नागरिक संहिता तो होनी ही चाहिए और दुनिया के अंदर तो बहुसंख्यक समाज की भावना का सम्मान तो हर हाल में होता है। दुनिया में अगर होता है तो उस सच्चाई को कोई बोलता है तो ये कौन सा अपराध हो गया। इन लोगों ने जज के खिलाफ महाभियोग का नोटिस दिया है। उन्होंने कहा, ये लोग खुद को लोकतंत्रवादी कहते हैं। ये लोग संविधान की किताब साथ लेकर चलते हैं। इन्हें जरा भी शर्म नहीं है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस शेखर कुमार यादव ने पिछले दिनों प्रयागराज में आयोजित विश्व हिंदू परिषद के विधिक प्रकोष्ठ के एक कार्यक्रम में यह कथित विवादित बयान दिया था। विपक्षी दलों के सदस्यों ने जस्टिस शेखर कुमार यादव के हाल में दिए गए कथित विवादास्पद बयान के लिए उनके खिलाफ महाभियोग चलाने के वास्ते शुक्रवार को राज्यसभा में नोटिस दिया। 55 विपक्षी सांसदों ने महाभियोग के लिए सांसदों ने राज्यसभा में दिए गए नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। नोटिस पर हस्ताक्षर करने में कांग्रेस के भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के जॉन ब्रिटास, राष्ट्रीय जनता दल के मनोज कुमार झा, कपिल सिब्बल, विवेक तन्खा और दिग्विजय सिंह और तृणमूल कांग्रेस के साकेत गोखले शामिल है।

## मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा की जीत होना निश्चित : ब्रजेश पाठक

**लखनऊ/अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में रविवार सुबह यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक एक होटल के उद्घाटन समारोह में पहुंचे। उन्होंने अयोध्या के प्रतिष्ठित हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इस दौरान डिप्टी सीएम ने प्रदेश के कल्याण और विकास के साथ लोगों के हित के लिए कामना भी की।



अपने अयोध्या दौरे के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर में जब भी उपचुनाव घोषित होंगे। भाजपा की विजय सुनिश्चित है। बता दें कि ब्रजेश पाठक को यहां सर्किट हाउस में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक करनी थी। लेकिन, कुछ अनिवार्य कारणों के चलते उसे स्थगित कर दिया गया। बता दें कि अयोध्या एयरपोर्ट पर ही उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को महाकुंभ 2025, मकर संक्रांति और बसंत पंचमी मेला से संबंधित निर्देश दे दिए थे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महाकुंभ से लौटने वाले दर्शनार्थियों के साथ मकर संक्रांति और बसंत पंचमी मेला में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी न हो। अयोध्या एयरपोर्ट पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के करीबी करुणाकर पांडेय ने समर्थकों के साथ डिप्टी सीएम का स्वागत किया। इस दौरान डिप्टी सीएम ने भाजपा नेता करुणाकर को मिल्कीपुर उपचुनाव में पूरी ताकत के साथ जुटने की जिम्मेदारी सौंपी। एयरपोर्ट पर मौजूद सीएमओ डॉ. संजय जैन ने बताया कि अयोध्या में आने वाले समय में होने वाले मेलों के लिए उपमुख्यमंत्री ने कई निर्देश दिए हैं।

# एक देश-एक चुनाव के मुद्दे पर केन्द्र का समर्थन करेगी बसपा : मायावती

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को कहा कि 'एक देश एक चुनाव' के मुद्दे पर उनकी पार्टी केन्द्र सरकार का समर्थन करेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यदि सरकार कोई संविधान में संशोधन अपनी पार्टी या किसी विशेष व्यक्ति व संस्था को फायदा पहुंचाने के लिए करती है तो बसपा इसका समर्थन नहीं करेगी।

मायावती ने लखनऊ स्थित अपने आवास पर पत्रकार वार्ता के दौरान संसद में संविधान को लेकर हुई चर्चा का जिक्र करते हुए राजनीतिक दलों पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि संविधान की 75 वर्षों की गौरव यात्रा पर इस साल भी संसद में काफी गरम चर्चा चल रही है। इस चर्चा का महत्व व उसकी उपयोगिता तभी संभव है जब खुले मन से यह स्वीकार किया जाए कि क्या शासक वर्ग मानवतावादी व



कल्याणकारी संविधान की पवित्र मंशा के हिसाब से देश के करोड़ों लोगों को रोजगार, न्याय तथा आत्मसम्मान एवं स्वाभिमान का जीवन दे पाया है ?

उन्होंने कहा कि देश में अब तक राज करने वाली पार्टियों ने संविधान पर सही से अमल करने के मामले में अपनी सच्ची निष्ठा, ईमानदारी व देशभक्ति अगर निभायी होती तो फिर अपने देश का हाल आज इतना बदहाल नहीं होता। यहां लगभग 80 करोड़ लोगों को रोजगार के अभाव में अपनी भूख मिटाने के लिए थोड़े से सरकारी अनाज का मोहताज जीवन गुजराने को मजबूर नहीं होना पड़ता। अभी भी यहां के किसान, मजदूर, व्यापारी और मेहनतकश लोगों के साथ-साथ छात्र व युवा वर्ग, महिलाएं एवं बुजुर्ग, ये सभी अपनी समस्याओं को लेकर काफी ज्यादा परेशान व चिंतित हैं। इससे यह स्पष्ट है कि संविधान विफल नहीं रहा बल्कि देश पर राज करने वाले लोगों व पार्टियों ने ही देश के संविधान को फेल करने का काम किया है। मायावती ने आगे कहा कि यही कारण संसद में जब अब संविधान को लेकर विशेष चर्चा हो रही है तो खासकर कांग्रेस और भाजपा के बीच वही घिसे-पिटे पुराने अलाप हो रहे हैं। आरोप–प्रत्यारोप लगा रहे हैं कि हमसे ज्यादा तुम दोषी, जैसी संकीर्ण राजनीति कर रहे हैं। बसपा प्रमुख ने कहा कि संसद में हो रही इस चर्चा में सत्ता व विपक्ष को सुनकर ऐसा लगता है कि इन्होंने अपने–अपने राजनैतिक स्वार्थ में अब संविधान का ही काफी हद तक राजनीतिकरण कर दिया है।

## खबरें एक नजर में

### पार्किंग विवाद में महिला की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के हजरतगंज इलाके में पार्किंग विवाद के झगड़े में महिला की मौत हो गई। घर के सामने खड़ी गाड़ी हटाने को लेकर झगड़ा शुरू हुआ। जिसमें धक्कामुक्की में महिला गिरकर बेहोश हो गई। आनन फानन में सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बाजपेई लेन नरही हजरतगंज निवासी सौरभ चौहान पुत्र रमेश चौहान के घर के सामने महेश गुप्ता का मकान है। शनिवार रात करीब 9.30 बजे महेश गुप्ता की स्कूटी सौरभ के घर के सामने खड़ी थी। सौरभ ने घर से सामने से स्कूटी हटाने के लिए कहा। इस पर महेश, गुंजा और सिंपल गाली गलौज करने लगे। सौरभ से हाथापाई शुरू हो गई। बीच बचाव करने सौरभ की मां रामगुनी चौहान आ गईं। रामगुनी को गाली देने के साथ ही धक्का दे दिया गया, जिससे वो गिरकर बेहोश हो गई। परिजन आनन–फानन में उन्हें सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मुकदमा दर्ज करके आगे की कार्रवाई की जा रही है। सौरभ का कहना है कि महेश का भाई मनोज गुप्ता यूपी पुलिस में सब इंस्पेक्टर हैं। इस वक्त उनकी पोस्टिंग कानपुर में है। पुलिस विभाग में होने का फायदा उठाकर इलाके में दबंगई करते हैं।

### पेंशन बढ़ाने का वायदा निभाए श्रममंत्री

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ईपीएस 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति की सभा टिकैट राय तालाब ऐशबाग में अपट्रॉन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष एवं ईपीएस 95 समिति के प्रांतीय मुख्य मीडिया प्रभारी सुभाष चौबे की अध्यक्षता में हुई जिसमें 10 व 11 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आंदोलन स्थगित करने के बारे में तथा पेंशन वृद्धि के बारे में अब तक की पूरी जानकारी प्रदेश के महामंत्री आरएन द्विवेदी द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडर अशोक रावत, राष्ट्रीय महासचिव वीरेंद्र सिंह राजावत एवं प्रदेश अध्यक्ष ओम शंकर तिवारी पूरी लगन एवं तन्मयता से पेंशन वृद्धि के लिए लड़ रहे हैं। संगठन की मांग 7500 प्लस महंगाई भत्ता, पति–पत्नी का फ्री मेडिकल सुविधा, हायर पेंशन बिना भेदभाव के लागू कराना है। श्रम मंत्री के पेंशन बढ़ाने के आश्वासन के बाद दिल्ली का आन्दोलन स्थगित किया गया था इसलिए उन्हें अपना वायदा तुरंत निभाना चाहिए। सभा में विक्रम कार्टन मिल, एवरेडी, एल एम एल, मोहन मेकिंग, वित्त निगम एवं अपट्रॉन इंडिया लिमिटेड के कर्मचारियों ने भाग लिया। सभा कोगीता वर्मा प्रदेश अध्यक्षा उत्तर प्रदेश महिला विंग, सुनीता सोनकर प्रदेश संगठन सचिव उत्तर प्रदेश महिला विंग ,आशा नारायण, लक्ष्मी कुरील आदि ने भी संबोधित किया।

### 11वीं के छात्र ने लगाई फांसी, परिजनों में मचा कोहराम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के वृंदावन योजना सेक्टर 5 में रविवार सुबह कक्षा 11 में पढ़ने वाले छात्र ने फंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पीजीआई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई कर रही है। राकेश चंद्र यादव परिवार के साथ वृंदावन योजना सेक्टर 5सी/105 तेलीबाग में रहते हैं। रविवार सुबह उनके बेटे ओजस्वी यादव (18) ने अपने कमरे में पंखे से साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची पीजीआई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर पीजीआई रवि शंकर त्रिपाठी ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चला है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, परिजन मौके पर ही मौजूद हैं।

### सरदार पटेल ने रखी रियासतों का विलय कर मजबूत भारत की नींव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मंत्री अजय राय ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 562 छोटी–बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलय कर मजबूत भारत की नींव रखी। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक डॉ प्रमोद कुमार पाण्डेय, सुशील तिवारी सोनू पंडित, अनिल देव त्यागी, लल्लन कुमार, रामबरन गौतम, केडी शुक्ला, जमाल खान दयानंद शुक्ला, आलेख पांडे, शिफा खान, बबीता एडवोकेट, अनिल शुक्ला, अमर सिंह राणा, कनिष्का राफेल, उमर खान बाबा, शिरि खान ने सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पितकी।

### विजय दिवस की दौड़ में दिखा जोश, 700 लोगों ने लगाई दौड़

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** 1971 के भारत–पाक जंग की विजय दिवस वर्षगांठ पर लखनऊ में भव्य विजय दिवस दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौरान 700 से ज्यादा लोग दौड़ में शामिल हुए। ऐतिहासिक युद्ध के नायकों के सम्मान में आर्मी के मध्य यूपी सब एरिया के तत्वावधान में इसका आयोजन हुआ। सूर्या कमान के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। इस दौरान एनसीसी कैडेटों सहित बड़ी संख्या में बच्चे, महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे। बच्चों और एनसीसी कैडेटों ने 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर की दौड़ में भाग लिया। पीआरओ शांतनु सिंह ने बताया कि 1971 की जंग में पाकिस्तान को बुरी तरह परास्त करने के बाद बांग्लादेश बना था। इस जंग में भारतीय सेना के अदम्य साहस और शूर वीरता के सामने दुश्मन देश के 90 हजार सशस्त्र सैनिकों ने सरेंडर किया। हर साल 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाया जाता है।

### दुधवा नेशनल पार्क के टूर पर एलयू के विदेशी स्टूडेंट्स

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के इंटरनेशनल विंग वर्ल्ड आर्गेनाईजेशन ऑफस्टूडेंट्स (डब्लयूएसओवाई) की तरफ से लखनऊ विश्वविद्यालय में रविवार को दुधवा नेशनल पार्क विजिट प्रोग्राम ऑर्गनाइज किया गया। इसमें 15 देशों के 60 इंटरनेशनल स्टूडेंट्स शामिल हुए। सुबह 7 बजे से पहले ही बस द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय के गेट नंबर 3 से स्टूडेंट्स रवाना हुए। इस दौरे में एबीवीपी के पूर्वी क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही भी मौजूद रहे। घनश्याम शाही ने बताया कि इस यात्रा से भारत की समृद्ध विरासत के बारे में इंटरनेशनल स्टूडेंट्स को जानने का मौका मिलेगा। भारत के मूल में स्थित वसुधैव कुटुंबकम् की भावना से परिचित होंगे। इस देशभर में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के संवर्धन और संरक्षण निरंतर कार्यरत है। आज के इस आयोजन के माध्यम से उन्हें प्रकृति संवर्धन एवं संरक्षण के महत्व से भी अवगत कराया जाएगा।

### आवासीय महासमिति की बैठक में अलाव जलाने की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इंदिरा नगर आवासीय महासमिति की एक आपात बैठक पीके जैन की अध्यक्षता में सेक्टर 9 इंदिरा नगर में आयोजित की गई। जिसमें शहर के मुख्य चौराहो पर अलाव जलाने को लेकर चर्चा हुई। महासमिति के महासचिव सुशील कुमार बच्चा ने बताया कि शहर में जाड़े को लेकर ठिठुरन बढ़ने लगी है जिसको लेकर महासमिति ने बैठक कर आवाज उठाई है कि इंदिरा नगर के मुख्य चौराहा पर एवं मलिन बस्तियों में अलाव जलाएं। इसमें मुख्य रूप से लवकुश नगर, पंडित पुरवा, गाजीपुर, जरहरा, सुगामऊ, तकरोही, जैसी मलिन बस्तियों के अलावा मुंशी पुलिया, ईश्वर धाम मंदिर का तिराहा, अरविंदो पार्क, शालीमार चौराहा, सी ब्लॉक चौराहा, सेक्टर 14, अमराई गांव, आदि जगहों पर अलाव जलाएं।

# व्यस्त जीवनशैली में टूटते रिश्तों को सुधारने व समाज में खुशियों की करें बहाली : डॉ गिरीश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/मलिहाबाद।** गोल्डन फ्यूचर ट्रस्ट और श्री गोपेश्वर गौशाला द्वारा आयोजित दो दिवसीय रिट्रीट आयोजित किया गया। गुरांग क्लिनिक एवं रिसर्च फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. गिरीश गुप्ता ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस समय पारिवारिक और सामाजिक रिश्तों में संवाद और सहानुभूति की गहराई की जरूरत है। यह रिट्रीट समाज में रिश्तों को नई दिशा देने का एक सशक्त प्रयास है।



रिट्रीट का मुख्य उद्देश्य पारिवारिक और सामाजिक रिश्तों में बढ़ती खटास और तनाव को कम करने के व्यावहारिक उपायों पर चर्चा करना था। यह आयोजन प्रतिभागियों को जीवन में रिश्तों की अहमियत को समझने और उन्हें बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करने के लिए किया गया।शोभित नारायण अग्रवाल ने रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए संवाद और सहनशीलता पर बल दिया। डॉ. अंजलि गुप्ता वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक ने मानसिक स्वास्थ्य और रिश्तों के बीच गहरे संबंध की व्याख्या की और समाज में बढ़ती चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत किया। डॉ. मंजू गुप्ता क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट ने पारिवारिक रिश्तों में सकारात्मकता बनाए रखने के व्यावहारिक सुझाव दिए। गीता रावत ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि छोटे-छोटे मतभेदों को दूर किया जाय।कार्यक्रम में आयोजित हैप्पीनेस एक्टिविटी प्रतिभागियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस गतिविधि ने न केवल तनाव को दूर किया, बल्कि रिश्तों में नई ऊर्जा और खुशी का संचार किया। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए इस आयोजन को अपने जीवन में बदलाव लाने वाला बताया। रिट्रीट के समापन सत्र में कोतवाल सतीश साहू ने पारिवारिक मतभेदों और उनके समाधान पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, एक सशक्त परिवार ही समाज और राष्ट्र को मजबूत बना सकता है। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर पंकज गुप्ता, कैवल्य गिरी महाराज, गौशाला प्रबंधक उमाकांत गुप्ता, गुप्ता सोनू सिंह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## पटेल ने रखी रियासतों का विलय कर मजबूत भारत की नींव : राय

**लखनऊ ।** भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मंत्री अजय राय ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। स्वतंत्रता के पश्चात देशी रियासतों का एकीकरण कर देश के निर्माण में सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलय कर मजबूत भारत की नींव रखी। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक डॉ प्रमोद कुमार पाण्डेय, सुशील तिवारी सोनू पंडित, अनिल देव त्यागी, लल्लन कुमार, रामबरन गौतम, केडी शुक्ला, जमाल खान दयानंद शुक्ला, आलेख पांडे, शिफा खान, बबीता एडवोकेट, अनिल शुक्ला, अमर सिंह राणा, कनिष्का राफेल, उमर खान बाबा, शिरि खान ने सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बकाया बिजली बिल रिकवरी पर एजेंट पाएंगे 10 फीसदी प्रोत्साहन राशि

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** केंद्र सरकार के साथ ही उत्तर प्रदेश समेत तमाम राज्य अपने नागरिकों के लिए समय-समय पर नई-नई योनजाएं लेकर आती है। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड यूपीपीसीएल बिजली बिल वसूली के लिए एक अनोखा प्लान लेकर आया है।योगी सरकार की इस योजना के तहत बिजली बिल बकायदारों से वसूली पर विद्युत सखी, मीटर रीडर, जनसेवा केंद्र अधिकृत एजेंटों को 10 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की गई है।

यह राशि बिजली बिल बकायदारों द्वारा मिलने वाली छूट से काटकर डायरेक्ट एजेंटों के अकाउंट में भेज दी जाएगी। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड यानी एमवीवीएनएल के 19 जिलों में 9,235 करोड़ रुपए का बिजली बिल बकाया है, जिस पर लेट फीस सरचार्ज 6,500 करोड़



रुपए से ज्यादा बन रहा है।बिजली विभाग इस योजना के माध्यम से बकाया वसूली के साथ ही एजेंटों को प्रोत्साहन देकर ज्यादा एक्टिव बनाने का प्रयास कर रही है।

इस योजना के तहत बिजली विभाग ने बकाया बिल वसूली प्रक्रिया को ज्यादा सरल प्रभावी बनाने का टारगेट रखा है। एजेंटों को दस प्रतिशत तक की प्रोत्साहन राशि कमाने का सुनहरा अवसर दिया जा रहा है। विभाग की तरफ से यह प्रोत्साहन राशि बिजली बिल बकायदारों को बिल जमा करने के लिए प्रोत्साहित करने के एवज में दी जाएगी।

# ए.एल.एस. एकेडमी के वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** ए.एल.एस. एकेडमी, इन्दिरानगर, लखनऊ और ए.एल.एस. एकेडमी, वृंदावन योजना, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम वृंदावन की शाखा के प्रांगण में संपन्न हुआ। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे अब्दुल समद, पूर्व आई.ए.एस.(सेवानिवृत्त) व प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

ए.एल.एस एकेडमी, वृंदावन योजना में आयोजित कार्यक्रम में ए.एल.एस.की दोनों शाखाओं के छात्र और छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि ने शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अभी हमारे देश में शिक्षा का प्रतिशत विकसित देशों की तुलना में कम है और विशेष रूप से महिलाओं की शिक्षा का औसत पुरुषों की अपेक्षा कम है। उन्होंने कहा कि एक समय बाद छात्रों अपना गोल निश्चित कर लेना चाहिए कि उन्हें क्या करना है, क्या बनना है? कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उन्होंने इन्दिरानगर की शाखा की प्रधानाचार्या रितु ए.गुप्ता की प्रशंसा की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अब्दुल समद सेवानिवृत्त पूर्व आईएएस, विशेष अतिथि सुरेन्द्र तिवारी अपर शिक्षा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र., प्रो. एस.के.डी सिंह फाउंडर चेयरमैन एस.के.डी ग्रुप, डॉ आशा लता सिंह फाउंडर व अध्यक्ष, ए.के. सिंह फाउंडर व चेयरमैन, रितु ए.गुप्ता प्रधानाचार्या इन्दिरानगर शाखा, प्रधानाचार्या वृन्दावन शाखा, अध्यापक-अध्यापिका, छात्र-छात्राओं के अलावा अभिभावक आदि मौजूद रहे।

## भाजपा शासन के खिलाफ आज विधानसभा का घेराव करेगी कांग्रेस

**लखनऊ ।** भाजपा के कुशासन के खिलाफ 18 दिसंबर को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के नेतृत्व में भारी संख्या में कांग्रेसजनों द्वारा विधानसभा घेराव किया जायेगा। भाजपा की जनविरोधी नीतियों के चलते प्रदेश की जनता के साथ राजनीतिक दलों में आक्रोश व्याप्त है। भीम फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शास्त्री ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान उपाध्यक्ष, प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह को अजय राय को सम्बोधित पत्र सौंपकर 18 दिसंबर को कांग्रेस पार्टी द्वारा किये जा रहे विधानसभा घेराव को अपना समर्थन दिया और अधिक से अधिक संख्या में लोगों को लाकर प्रदर्शन को सफल बनाने का संकल्प लिया। कांग्रेस द्वारा किये जा रहे विधानसभा घेराव में विनोद कुमार शास्त्री के साथ उनकी पार्टी के मंडल प्रभारी संजीत कुमार नेता कांग्रेस पार्टी गोरखपुर एवं उनकी टीम के सदस्य गंधर्व कुमार सिंह, नीरज कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# संगठन ने जन प्रतिनिधियों को बताए निजीकरण के दुष्परिणाम, सौंपा ज्ञापन



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय अध्यक्ष इं. गोपाल वल्लभ पटेल ने बताया कि निजीकरण के विरुद्ध जूनियर इंजीनियर संगठन द्वारा प्रदेश व्यापी जनसंपर्क महाअभियान के दूसरे दिन संगठन के पदाधिकारी सम्मानित जनप्रतिनिधियों से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपेंगे साथ ही आम जनमानस किसानों व्यापारियों युवाओं तथा विद्युत उपभोक्ताओं को प्रस्तावित निजीकरण के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक भी करना था।

इस महाअभियान के तहत संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने पूरे उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों में आज दूसरे दिन विधायक गोरखपुर विपिन सिंह, विधायक बारा वाचस्पति जी, अदिती सिंह, विधायक, विधायक मेंजा संदीप सिंह पटेल, राज्यसभा सांसद जौनपुर सीमा द्विवेदी, महापौर वाराणसी अशोक तिवारी, राज्य मंत्री, देवरिया, विजयलक्ष्मी गौतम, राज्यसभा सांसद मिर्जापुर, विधायक, कैराना, नाहिद हस, विधायक बछरावां श्याम सुंदर भारती, विधायक का अदिति सिंह, विधायक विश्वनाथगंज प्रतापगढ़ लाल पटेल, विधायक प्रतापगढ़ आरके वर्मा, सांसद घोषी राजीव राय, सांसद अलीगढ़, विधायक सदर महोबा, राकेश गोस्वामी व सदस्य विधान परिषद जितेंद्र सिंह सेंगर व अन्य से मिलकर मुख्यमंत्री को संबोधित पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण को रोकने हेतु पत्र के माध्यम से ज्ञापन दिया ।

## भाजपा मंडल चुनाव में 25 मंडलों में 278 नामांकन हुए

**लखनऊ।** भाजपा के लखनऊ महानगर में रविवार को 25 मंडलों में मंडल अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई। कुल 278 नामांकन पत्र दाखिल हुए। इनकी जांच मंडल चुनाव अधिकारियों और वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा की जाएगी। इसके बाद अंतिम सूची शीर्ष नेतृत्व को भेजी जाएगी। नामांकन प्रक्रिया का निरीक्षण भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और चुनाव अधिकारी राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने विभिन्न मंडलों पर जाकर किया। दोनों ने बताया कि सभी 25 मंडलों पर नामांकन प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हुई है। सबसे अधिक नामांकन पश्चिम मंडल-चार से 20, पूर्व-पांच मंडल में 18, पश्चिम-दो मंडल में 17, अन्य मंडल जैसे- उत्तर तीन, चार, पांच, सरोजनी नगर दक्षिण एक, मध्य तीन में भी कई नामांकन हुए। नामांकन के बाद भाजपा कार्यालय पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी, विधायक डॉ. नीरज बोरा, एमएलसी संतोष सिंह और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में नामांकन प्रक्रिया की बारीकियों पर चर्चा की गई।

## विद्युत संविदा कर्मियों का जागरुकता अभियान आज से

**लखनऊ ।** विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ उप्र के घटक संगठनों विद्युत् संविदा मजदूर संगठन उप्र, विद्युत संबिदा कर्मचारी संघ उप्र, केस्को संविदा कर्मचारी यूनियन, निविदा संविदा सेवा समिति एवं दैनिक वेतन विद्युत कर्मचारी संघ द्वारा व्यापक चर्चा के पश्चात 16 दिसंबर से 23 दिसंबर 2024 तक प्रदेश के हर जिले एवं सभी परियोजना स्थलों पर निजीकरण विरोधी जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। वरिष्ठ मजदूर नेता व महासंघ के प्रान्तीय अध्यक्ष आर एस राय की अध्यक्षता मे आज हमबरा अपार्टमेंद श्यामा चौराहा नरही लखनऊ में हुई एक बैठक में घटक संगठनों के प्रमुख पदाधिकारियों नवल किशोर सक्सेना, पुनीत राय, भोला सिंह कुशवाहा, मो काशिफ मुदस्सिर एवं शिवबहादुर आदि द्वारा सर्व सम्मति से उक्त निर्णय लिया गया।

महाकुंभ

जापान, स्पेन और नेपाल से आए विदेशी संतों को रास आया सनातन संस्कृति का महाकुम्भ

# योगी सरकार के दिव्य, भव्य, स्वच्छ कुंभ के मुरीद हुए विदेशी संत

▸ सरकार के अतिथि देवो भव: के संस्कार से भाव विभोर हैं आगंतुक

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/प्रयागराज।**महाकुम्भ में देश के कोने-कोने से आए साधुओं के अलावा विदेश से भी साधु संतों के आने का सिलसिला तेज होता जा रहा है। अखाड़ों की धर्म ध्वजा, नगर प्रवेश और कुम्भ छावनी प्रवेश यात्रा की परम्परा में महाकुम्भ पहुंचे इन विदेशी साधु संतों को भी महाकुम्भ की नव्य व्यवस्था रास आ रही है।

विदेशी संतों को रास आया दिव्य, भव्य और व्यवस्थित महाकुम्भ महाकुम्भ क्षेत्र के अखाड़ा सेक्टर में साधु संतों की मौजूदगी बढ़ती जा





रही है। देश विदेश से साधु संतों की आवक होने लगी है। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े की छावनी प्रवेश यात्रा में शामिल होने आए विदेशी संतों को महाकुम्भ रास आ रहा है।

जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर सोम गिरी उर्फ पायलट बाबा की जापानी शिष्या योग माता एवं महामंडलेश्वर केको आईकावा कई जापानी साध्वी के साथ छावनी प्रवेश में शामिल हुईं। उनका कहना है कि जूना अखाड़े की छावनी प्रवेश यात्रा से आगामी महाकुम्भ के आयोजन का अंदाजा लगने लगा है। एयर कनेक्टिविटी से लेकर ट्रांसपोर्टेशन की व्यवस्था अच्छी है।

नेपाल से आई महिला संत और जूना अखाड़े की महामंडलेश्वर हेमानन्द गिरी का कहना है कि संतों का सौभाग्य है कि जिस प्रदेश में महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है, वहां के मुख्यमंत्री भी एक संत हैं। योगीजी की तरफ से जिस तरह भव्य और दिव्य महाकुम्भ के आयोजन का संकल्प लेकर आयोजना की तैयारियां चल रही हैं उससे सनातन धर्म का प्रचार प्रसार नेपाल सहित दुनिया के विभिन्न देशों में अब तेजी से हो रहा है।

स्वच्छ और डिजिटल महाकुम्भ से विदेशी संत भी खुशप्रदेश की योगी सरकार की प्राथमिकता प्रयागराज महाकुम्भ को दिव्य और भव्य स्वरूप देने के साथ स्वच्छता और डिजिटलाइजेशन पर जोर दिया जा रहा है। विदेशी संत भी इससे खुश हैं। स्पेन से अखाड़ों के विभिन्न आयोजनों में हिस्सा लेने आई जूना अखाड़े की अवधूत अंजना गिरी जिनका पहले नाम एंजिला था का कहना है कि पिछले 30 बरस से वह लगातार महाकुम्भ अपने गुरु के साथ आती रही हैं। लेकिन इस बार महाकुम्भ की अनुभूति अलग है। सैनिटेशन पर फोकस किया गया है जिससे सभी जगह स्वच्छता है। इनफॉर्मेशन भी डिजिटल प्लेटफार्म पर मिल रही हैं जिससे बाहर के देशों से आने वाले श्रद्धालुओं और टूरिस्ट के लिए आसानी हो गई है। फ्रांस से महाकुम्भ में जूना अखाड़े के आयोजन में शामिल होने आए ब्रूनो गिरी का कहना है कि महाकुम्भ के आयोजन में वह पहले भी दो बार आए चुके हैं लेकिन इस बार शहर बदला बदला सा लगता है, उत्सव की अनुभूति होती है।

# सुभागपुर में पेयजल योजना के तहत बनाई गई पानी की टंकी बनी शो-पीस

▸ ग्रामीणों को अब तक एक बूंद भी पानी नसीब नहीं, कागजों में हो रही जलापूर्ति

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

पाइप पेयजल योजना के अंतर्गत सुभागपुर में बनाई गई पानी की टंकी से ग्रामीणों को अब तक एक बूंद भी पानी नसीब नहीं हुआ,जबकि कागजों में पानी सप्लाई जारी है। लापरवाही एवं अनियमितता की स्थिति यह है कि



पाइप लाइन तो बिछा दी गयी है लेकिन कहीं भी टोंटी नहीं लगाई गई है। मामला जिले के विकास खंड परसपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत सुभागपुर का है। उक्त ग्राम पंचायत में पाइप पेयजल योजना के तहत कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) को वर्ष 2021 में कार्य आवंटित किया गया। टंकी के साथ ही अन्य कार्य भी पूर्ण कर लिया गया। पाइप लाइन भी बिछा दी गई लेकिन लोगों के घरों पर टोंटी नहीं लगाई गई और ना ही पानी की सप्लाई की गई। सबसे चौंकाने वाली बात तो यह है कि कार्यदाई संस्था उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण द्वारा सुभागपुर ग्राम पंचायत में बनी पानी की टंकी के बाहर पाइप पेयजल योजना का जो बोर्ड लगाया गया है,उसमें लाभान्वित ग्रामीणों की संख्या 2750 दिखाई गई है, जबकि गृह जल संयोजन की संख्या 443 बताई गई है। हालांकि,वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है।

धरातल पर न तो कहीं टोटी लगाई गई है और न एक बूंद पानी सप्लाई की गई है। लेकिन कागजों में गांव वालों को जलापूर्ति की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि जब से पानी की टंकी बनी है,तब से आज तक पानी की सप्लाई नहीं की गयी।

## विशेश्वरगंज पुलिस ने पुरैना में हटवाया अतिक्रमण



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** सड़क सुरक्षा के मद्देनजर विशेश्वरगंज पुलिस द्वारा सड़क किनारे का अतिक्रमण हटवाया गया। रविवार को क्षेत्राधिकारी पयागपुर हर्षिता तिवारी के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह द्वारा भारी पुलिस बल के साथ पुरैना बाजार सड़क किनारे लगी अस्थाई दुकानों को हटवाकर सड़क खाली कराया गया। सड़क के किनारे लगी दुकानों की वजह से सड़क पर आवागमन ट्रैफिक जाम की समस्या हो रही थी। अतिक्रमण हटने से सड़क खाली हो चुकी है। अतिक्रमण हटवाने में उपनिरीक्षक भुदुर वर्मा ,दिग्विजय सिंह,रमाशंकर यादव,राधेश्याम यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर ने यूनुस से नोबल पुरस्कार वापस लेने की उठाई मांग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

श्री पंचनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरि शनिवार को बहराइच पहुंचे। उन्होंने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले पर वहां की सरकार और संयुक्त राष्ट्र की भूमिका पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि समुदाय विशेष के लोगों ने बांग्लादेश में सिर्फ मंदिरों को नुकसान पहुंचाया है। इस दौरान जिले में स्थित गाजी की दरगाह पर भी उन्होंने सवाल उठाया, उन्होंने कहा कि यहां भी मंदिर है और इस जगह पर सूर्य मंदिर बनना चाहिए। इस दौरान सरकार से बांग्लादेश पर सैन्य कार्रवाई की मांग की।जिले के सिसई हैदर गांव में गोंडा जाते समय शनिवार शाम को जूना अखाड़े के



▸ बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका सवालों के घेरे में : स्वामी यतींद्रानंद गिरि

महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरि पहुंचे। उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान जिले में स्थित प्रसिद्ध सैय्यद सालार मसूद गाजी की दरगाह पर सवाल उठाया। बोले इस जगह पर सूर्य मंदिर था, इसलिए यहां पर एक भव्य दिव्य सूर्य मंदिर बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस्लाम ने तमाम दुनिया की संस्कृति को विध्वंस करने का काम किया है, भारत मे जितनी मस्जिदे बनी हैं अगर उनको खोदा जाएगा तो वो मंदिरों की नींव पर बनी हुई ही मिलेंगी। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में सरेआम मानवता का गला घोंटा जा रहा है।उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की भूमिका पर भी सवाल उठाए, कहा कि बांग्लादेश में जो हो रहा है, उस पर संयुक्त राष्ट्र बोलने के बजाए देख रहा है। उन्होंने मोहम्मद यूनुस के बारे में कहा कि ऐसे व्यक्ति को नोबेल शांति पुरस्कार दिया जाना बिल्कुल गलत है उससे ये पुरस्कार वापस लिया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने भारत की ओर से बांग्लादेश पर सैन्य कार्रवाई की भी मांग की।

# लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की मनाई गई 74वीं पुण्यतिथि, हुआ माल्यार्पण

▸ कार्यक्रम में विभिन्न गांवों से आए लगभग 500 महिला-पुरुष को बलजीत पटेल द्वारा उपलब्ध कराए गए कम्बल का हुआ वितरण

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को देश के प्रथम गृह मंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के 74वीं पुण्यतिथि पर सरदार पटेल सेवा संस्थान निकट सोनी गुमटी पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले संस्थान में स्थित सरदार पटेल की मूर्ति पर लोगों द्वारा माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही मुख्य ट्रस्टी



कमलेश निरंजन ने संबोधित किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य जगदीश पटेल, जिला पंचायत सदस्य चंद्र प्रताप पटेल, अपना दल के राकेश पटेल, ओमप्रकाश वर्मा, पंकज चौधरी, शिव प्रसाद वर्मा, चंद्र प्रकाश वर्मा, राम उजागर वर्मा, नान बाबू यादव, अर्जुन वर्मा,अनुराग सिंह, अब्दुल रहमान, वंशराज, मुकेश वर्मा, बलजीत वर्मा, शारदा प्रसाद वर्मा, विश्वनाथ वर्मा ने लोगों को संबोधित कर सरदार पटेल के कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा और एकजुटता पर बल दिया और कहा गया कि शिक्षा ही वह सीढ़ी है जिसके माध्यम से आप अधिकारी बनकर व राजनीति में भाग लेकर सांसद विधायक बन सकते हैं और एकता के बल पर बना सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न गांवों से आए लगभग 500 महिला पुरुष को बलजीत पटेल द्वारा उपलब्ध कराए गए कम्बल वितरित किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत

▸ दूसरे गंभीर घायल युवक का चल रहा इलाज, मृतक युवक की दस दिसम्बर को हुई थी शादी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

जिले के छपिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मसकनवा-गौरा चौकी मार्ग पर भोपतपुर पुलिस चौकी के पास दो बाइकों की भिड़ंत में दोनों बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को गंभीर हालत में सीएचसी ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गयी।

मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार की शाम मसकनवा गौरा चौकी मार्ग पर भोपतपुर पुलिस चौकी के पास दो बाइकों की आपस में भिड़ंत हो गई। जिसमें रंजीत पुत्र प्रभू नाथ उम्र 30 वर्ष निवासी सब्बनजोत थाना छपिया और




रोहित शर्मा उर्फ कप्तान पुत्र राम निरंजन शर्मा तेजपुर मैदहा उम्र 26 वर्ष दोनों बाइक से आमने सामने टकरा गये। बताया जाता है कि रंजीत अपने घर सब्बनजोत जा रहा था और रोहित भोपतपुर बाजार आ रहा था। घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी भोपतपुर राकेश कुमार मौके पर पहुँचे। दोनों घायलों को आनन फानन में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां घायल रंजीत को पहुंचते ही डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल रोहित शर्मा का उपचार किया जा रहा है। रोहित शर्मा की शादी दस दिसम्बर को हुई थी। मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है।

# राष्ट्रीय शिक्षक महासंघ ने जिलाधिकारी को पत्र देकर की धनराशि की मांग

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष विरेन्द्र मिश्रा ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर मांग किया है कि परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को फल वितरण हेतु धनराशि उपलब्ध कराई जाये अन्यथा फल वितरण करना बन्द कर दिया जायेगा।

दिये गये पत्र के अनुसार जिलाध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा ने मांग की है कि इस महंगाई के दौर में परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को फल उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रति छात्र मात्र 4.00 रूपये की धनराशि शासन द्वारा निर्धारित है।जनपद गोण्डा में वर्तमान शैक्षिक सत्र अप्रैल 2024 से आठ माह बीतने के बाद भी फल वितरण के मद में विद्यालयों को कोई धनराशि प्रेषित नहीं की गई।शिक्षक



▸ धनराशि न मिलने के कारण शिक्षक मजबूरन बन्द कर देंगे बच्चों को फल वितरण करना : जिलाध्यक्ष

बच्चों के प्रति अपने स्नेह तथा विभागीय निर्देशों के अनुपालन में अपने वेतन के पैसे से फल का वितरण कर रहे हैं।इस सम्बन्ध में समय-समय पर विभागीय अधिकारियों से लिखित अनुरोध भी किया गया।प्राप्त सूचना अनुसार लगभग दो माह पूर्व एम0डी0एम0 प्राधिकरण लखनऊ द्वारा फल वितरण की धनराशि विद्यालयों को उपलब्ध कराने हेतु जनपद को ग्राण्ट प्रेषित की गयी थी।जिससे शिक्षकों को आशा बंधी थी कि अब उनको बकाया धनराशि प्राप्त हो जायेगी।

किन्तु अद्यतन धनराशि विद्यालयों को प्रेषित नहीं की गयी।जिससे पूरे जनपद के शिक्षक आक्रोशित हैं। अतिशीघ्र धनराशि प्रेषित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही कर धनराशि प्रदान करने हेतु उचित कार्यवाही करे,अन्यथा धनाभाव के कारण जनपद के समस्त विद्यालयों में शिक्षक फल वितरण बन्द करने को बाध्य होंगे।जिसकी जिम्मेदारी जनपदीय मध्यान्ह भोजन समिति की होगी।

## खबरें एक नजर में

### तेज रफ्तार डंपर ने साइकिल सवार को रौंदा, एक पैर क्षतिग्रस्त



**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के बालपुर कस्बे में गोंडा- लखनऊ हाइवे पर तेज रफ्तार डंपर के एक साइकिल सवार युवक के ऊपर चढ़ जाने से उसका एक पैर क्षतिग्रस्त होकर बेकार हो गया। आसपास के लोगों ने उसे एम्बुलेंस के जरिए जिला अस्पताल भेजवाया। घटना थाना कोतवाली कर्नलगंज के पुलिस चौकी बालपुर क्षेत्र से जुड़ी है। यहां के बालपुर में गोंडा- लखनऊ हाइवे पर थाना कटरा बाजार के ग्राम पंचायत छिटनापुर निवासी करीब 45 वर्षीय साइकिल सवार मनीराम के ऊपर तेज रफ्तार गिट्टी लदा डंपर चढ़ गया। इससे उसका दाहिना पैर क्षतिग्रस्त होकर बेकार हो गया। उसके पैर में जख्म इतना बड़ा हो गया कि उसे देखकर वह मौके पर गिरकर बेहोश हो गया। आनन-फानन में उसे आसपास के लोगों ने एम्बुलेंस के जरिए जिला अस्पताल भेजवाया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुआ व्यक्ति कपड़े धोने का काम करता रहा है। बालपुर बाजार में घर घर से कपड़े ले जाकर धोकर साफ करके घर पहुंचाता रहा है। वह बेहद गरीब है और इसी धंधे से उसके परिवार का जीविकोपार्जन होता रहा है। दुर्घटना में उसका एक पैर इतना ज्यादा खराब हो गया है कि शायद उसको काटना पड़ जाय। डंपर के ड्राइवर रईस अहमद ने बताया कि वह महोबा से गिट्टी लादकर बलरामपुर जा रहे थे। इसी बीच यह दुर्घटना हो गई। बालपुर चौकी पुलिस ने दुर्घटना करने वाले डंपर व ड्राइवर खलासी को पकड़कर अपने कब्जे में ले लिया।

### भैंस बांधने के विवाद में हुई हाथापाई

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** रास्ते में भैंस बांधने को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफकार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शहजादपुरा निवासी अखिलेश व राजेश के बीच रास्ते में भैंस बांधने को लेकर विवाद हो गया। कहासुनी के बाद दोनों के बीच गाली, गलौज होने लगी। इसी बीच दोनों हाथापाई हो गई। लोगों के समझाने के बाद भी न मानने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुची पुलिस ने दोनों के खिलाफकार्रवाई की है।

### शौचालय का टैंक बनाने को लेकर दो पक्षों में विवाद

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** शौचालय का टैंक बनाने को लेकर दो लोगों के बीच हुए विवाद का मामला कोतवाली पहुंचा। पुलिस ने दोनो के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खनुआं निवासी महेश कुमार व आनंद के बीच जगह को लेकर विवाद चल रहा था। रविाार की सुबह महेश कुमार विवादित स्थान पर शौचालय का टैंक बनवा रहे थे। विवादित स्थान पर टैंक बनाने से जब आनंद ने महेश को मना किया तो दोनों के बीच इसी बात को लेकर गाली, गलौज व हाथापाई होने लगी। मारपीट के बाद दोनों पक्ष कोतवाली पहुंच गए। जहां पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# खंड शिक्षा अधिकारी व प्रधानाध्यापक सम्मानित

▸ निपुण भारत मिशन के तहत मिला सम्मान

▸ जनपद को मिली इस उपलब्धि पर डायट प्राचार्य व बीएसए ने व्यक्त किया हर्ष

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

बेसिक शिक्षा विभाग उ0 प्र0 द्वारा प्रदेश की राजधानी लखनऊ में महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के लोकार्पण तथा विमोचन समारोह में जनपद बहराइच से चयनित विकासखंड जरवल के निपुण विद्यालय प्राथमिक विद्यालय घाघराघाट के प्रधानाध्यापक तथा खंड



शिक्षा अधिकारी जरवल को उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। शनिवार को लखनऊ में इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान गोमती नगर के मरकरी हॉल मे बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का लोकार्पण तथा विमोचन बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतत्र प्रभार) संदीप सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव के0 सुंदरम, महानिदेशक कंचन वर्मा, परिवहन प्रमुख सचिव वेंकेटेश्वर लूं, पूर्व आईएएस सुब्बाराव आदि की मौजूदगी मे अपने जिले में उत्कृष्ट कार्य हेतु बेसिक शिक्षा अधिकारी व खण्ड शिक्षा अधिकारी, तथा विभाग द्वारा चयनित निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापक शिक्षक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जनपद बहराइच के विकास खण्ड जरवल में तैनात खंड शिक्षा अधिकारी अरविन्द बहादुर सिंह और इसी विकास क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय घाघराघाट को जनपद का प्रथम निपुण विद्यालय बनने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेश सरोज को महानिदेशक कंचन वर्मा के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जनपद को मिली इस उपलब्धि पर डायट प्राचार्य दिनेश कुमार व बीएसए आशीष कुमार सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

# अतिक्रमण पर चला पुलिस का बुलडोजर

▸ बीच शहर में दुकान के सामने हुए अतिक्रमण को हटवाया

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शहर के घंटाघर और स्टीलगंज तालाब क्षेत्र में रविवार को पुलिस ने बुलडोजर चलाते हुए अतिक्रमण हटवाया। इससे अफरा तफरी रही। स्टीलगंज तालाब क्षेत्र में कई दुकानों के सामने अतिक्रमण की पूरी सफाई कर दी गई है।

शहर के घंटाघर बाजार से तिकोनीबाग, छावनी चौराहा, स्टीलगंज तालाब बाजार समेत अन्य



स्थानों पर पटरी पर दुकानदारों की ओर से जमकर अतिक्रमण किया गया है। नगर पालिका परिषद बहराइच द्वारा अतिक्रमण हटवाने के लिए पुलिस से कई बार सहयोग मांगा गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। अब देवीपाटन मंडल के डीआईजी अमित पाठक ने अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। जिस पर पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में रविवार को कोतवाली नगर और देहात पुलिस तीन बुलडोजर लेकर पहुंची। पुलिस ने घंटाघर से तिकोनी बाग और स्टीलगंज बाजार को अतिक्रमण मुक्त किया। नगर पालिका परिषद की ईओ प्रमिता सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने कर्मचारी और वाहन मांगे थे। जिस पर वाहन और निरीक्षक गोविंद मिश्रा की अगुवाई में कर्मचारी दे दिए गए। अतिक्रमण हटवाने को लेकर भारी पुलिस फोर्स मौजूद रही।

## तालाब में मिले लापता नाबालिग के अंग

▸ जाल डालकर तलाश में जुटी पुलिस, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के मझौवा मुजेहना गांव निवासी एक नाबालिक 10 दिन पूर्व गायब हुआ था। उसके जूते और कुछ शरीर के अंग तालाब में मिले है। इस पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस तालाब में जाल डालकर नाबालिक की तलाश में लगी है। हालांकि अभी कोई सफलता नहीं मिली है।थाना रिसिया के वार्ड गायत्री नगर निवासी विक्रम पुत्र मुनिजर उम्र 15वर्ष 6 दिसंबर को घर से सुबह 11बजे उसी वार्ड के निवासी संजय वर्मा पुत्र विनोद वर्मा के साथ ट्रेक्टर पर कार्य करने गया था।

जब शाम को विक्रम घर नही आया,तो उसके पिता ने संजय से पूछा,तो उसने बताया कि रात 9 बजे टावर के पास उसे छोड़ दिया है। परिवार के लोगों ने काफी तलाश की, लेकिन कुछ सुराग न लगने पर नौ दिसंबर को गुमशुदगी का केस दर्ज कराया।,उसके बाद भी उस नाबालिक का पता नही चल सका।

नाबालिग के पिता ने पुलिस क्षेत्राधिकारी पयागपुर को लिखित पत्र देकर ट्रेक्टर के चालक लवकुश पुत्र ननकाऊ और ट्रेक्टर मालिक संजय वर्मा पर आरोप लगाया, कि मेरे बेटे को गायब कर कोई अनहोनी घटना



### जबरिया बाइक से तेल लेने ले गया था

लापता नाबालिग के पिता मुनीजर पुत्र श्याम लाल ने बताया कि मेरा बेटा गांव के ही संजय वर्मा के ट्रेक्टर पर मजदूरी के जरिए खेत जुताई का कार्य करता था,लवकुश6दिसंबर को जबरिया बाइक से तेल लेने ले गए थे, फिर उसी दिन से मेरा बेटा घर नही आया,मेरे चार बेटे और एक बेटी है।जिनमे विक्रम परिवार में तीसरे नंबर पर था, और उसकी हत्या भी कर दी गई है।मेरा बेटा काफी सीधा था,किसी से रंजिश भी नही थी,हम गरीब है मेरे मात्र दो बीघा जमीन है, घर का खर्चा उस बेटे की कमाई से चलता था।

कर दी गई है।तब पुलिस हरकत में आई,और रविवार को साइबर सेल के साथ माझोवा मुजेहना के तालाब में जाल डलवाया गया। शव तो नही मिले है।लेकिन युवक के शव तो नही मिले हैं, लेकिन शरीर के कुछ अंग,कपड़े और जूते मिले है। मौके का सीओ हर्षिता तिवारी ने भी निरीक्षण किया है।

### फर्जी मुकदमे से परेशान वृद्ध ने फंदा लगाकर दी जान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पकड़िया दीवान के मजरा कल्लू (60) का शव रविवार सुबह शहाबुद्दीन के बाग में फंदे से लटकता मिला। मृतक के पुत्र रहीश ने गांव निवासी एक महिला को पिता की मौत का जिम्मेदार बताया है। थाने में तहरीर देकर रहीश का कहना है कि महिला ने न्यायालय के आदेश पर पूरे परिवार पर केस दर्ज करवा दिया है। सुलह करने के नाम पर दो लाख रुपये की मांग कर रही है। जिसके चलते परेशान पिता ने फंदा लगाकर जान दे दी। फोरेंसिक टीम ने भी गांव पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किया। इस मामले में थानाध्यक्ष आरके पांडेय का कहना है कि तहरीर मिली है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# जन आरोग्य मेले में 56 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित की गई

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शेखपुर बुजुर्ग में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें 56 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवा वितरित की गई।

रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शेखपुर बुजुर्ग में किया गया। इसमें विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मेले में शुगर, उच्च रक्तचाप, मलेरिया आदि की जांच की गई। इसके अलावा स्वास्थ्य कार्ड का पंजीकरण, वितरण व टीकाकरण किया गया।

चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव दुबे ने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग से संबंधित सेवाएं जैसे मातृ-शिशु कल्याण, जननी सुरक्षा योजना,




टीकाकरण, परिवार नियोजन, संचारी व गैर संचारी रोगों से संबंधित सेवाएं प्रदान करना व उनका प्रचार-प्रसार करना है। एक ही स्थान पर मिलने वाली विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ग्रामीणों को लेना चाहिए। मेले के दौरान 56 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवा वितरित की गई। स्वास्थ्य मेले में डॉ. अमित सिंह, अवधेश राजपूत, एलटी ज्ञानेंद्र, धनपत, हरीनारायण आदि ने सहयोग किया।

# महराजगंज हिंसा के मामले में डीएम की बड़ी कार्रवाई



▸ तीन लोगों का असलहा लाइसेंस किया रद्द

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के महराजगंज बाजार में 13 अक्टूबर को सांप्रदायिक हिंसा में रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड के बाद थानाध्यक्ष की रिपोर्ट पर डीएम ने तीन लोगों के असलहे का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। तीनों असलहा को पुलिस ने जब्त कर लिया है।राम गांव थाना क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा (23) 13 अक्टूबर को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस में जा रहा था। जुलूस हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में पहुंची थी। तभी दो समुदाय में हिंसा फैल गई थी। इस हिंसा में दबंगों ने राम गोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी थी।लाइसेंसी बंदूक से मारी गई गोली की जांच थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी कर रहे थे। थानाध्यक्ष ने शनिवार को डीएम मोनिका रानी को रिपोर्ट सौंपी। जिसके बाद डीएम ने असलहे का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया। जिन लोगों के लाइसेंस निरस्त हुये हैं, उनके नाम हाजी मसउद अहमद, हाजी मोहम्मद अहमद और अब्दुल हमीद बताया जा रहा है।

# अब आग बुझाते दिखेगी बुलेट फायर वाहन

▸ कुंभ मेले में होगा उद्घाटन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

दमकल विभाग को शासन की ओर से बुलेट फायर वाहन मिला है। इस वाहन का उपयोग गली कूचे में लगने वाली आग को बुझाने में किया जायेगा। बुलेट वाहन एकबार में 15 लीटर पानी ले जा सकता है। इसका उद्घाटन कुंभ मेला में किया जाएगा। जिले के गली और मोहल्ले में आग लगने पर दमकल वाहन नहीं पहुंच पाते हैं। इससे गृह स्वामियों को काफी नुकसान होता है। इसको देखते हुए




अग्निशमन विभाग की ओर से शासन को पत्र भेजकर छोटे वाहन की मांग की गई थी। शासन ने गली और मोहल्ले में लगने वाली आग को बुझाने के लिए बुलेट फायर वाहन भेजा है। जिस पर पांच लाख से अधिक का खर्च आया है। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी गेंदालाल ने बताया कि शासन की ओर से बुलेट फायर वाहन भेजा गया है। इस वाहन का उपयोग गली और मोहल्ले में लगने वाली आग को बुझाने में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि बड़े वाहन गली में नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसे में यह बुलेट फायर वाहन नुकसान को कम करने में काफी मदद करेगी। एक बार में वाहन में 15 लीटर पानी जाएगा।

### सीएम करेंगे उद्घाटन

प्रभारी अग्निशमन अधिकारी गेंदालाल ने बताया कि शासन की ओर से पूरे प्रदेश में ऐसे वाहन दिए गए हैं। इन सभी वाहनों का उद्घाटन कुंभ मेले में मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। इसके लिए प्रयागराज बुलेट फायर वाहन ले जाया जाएगा।

## बाइक-साइकिल की टक्कर में वृद्ध की मौत, मां-बेटे घायल




**बहराइच समृद्धि न्यूज।** राम गांव के कहारनपुरवा गांव के पास रात में साइकिल और बाइक में टक्कर हो गई। जिसमें मां बेटे समेत तीन घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला अस्पताल में रात को इलाज के दौरान दौरान वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम बंजरिया निवासी हजरत अली साइकिल से शनिवार को रिसिया गए थे। रिसिया से वह रात नौ बजे पुनः वापस गांव जा रहे थे। राम गांव थाना क्षेत्र के मुकेरिया गांव के पास साइकिल और बाइक में टक्कर हो गई। हादसे में साइकिल सवार हजरत अली, बाइक सवार रामगांव थाना क्षेत्र के कहारनपुरवा निवासी विनोद (30) मां छेदाना देवी (49) गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिला अस्पताल में रात 10 बजे के आसपास हजरत अली की मौत हो गई। जिस पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायल मां बेटे का इलाज चल रहा है।

# डीएम-एसपी ने रफी अहमद किदवई पार्क का किया औचक निरीक्षण

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

13 जनवरी से 26 फरवरी तक आध्यात्मिक नगरी प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ को लेकर रायबरेली का शासन एवं प्रशासन पूर्ण रूप से सक्रिय दिखाई दे रहा है। सक्रियता की इसी कड़ी में रविवार दोपहर तकरीबन 2:30 बजे के आसपास रायबरेली की जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह, एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ, उपजिलाधिकारी महाराजगंज सचिन यादव, बछरावां थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी के साथ बछरावां




कस्बे में स्थित रफी अहमद किदवई पार्क का औचक निरीक्षण किया। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए उपजिलाधिकारी महाराजगंज सचिन यादव ने बताया कि जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह का यह औचक निरीक्षण बछरावां स्थित रफी अहमद किदवई पार्क में बसों के ठहराव एवं यात्रियों की रोकने की व्यवस्था का जायजा लिया गया और उत्तम से उत्तम व्यवस्था एवं सुरक्षा करने के निर्देश स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं नगर पंचायत शासन को दिए गए। साथ ही साथ उन्होंने यह बताया कि हैं कुंभनगरी प्रयागराज एवं प्रदेश की राजधानी लखनऊ के पड़ोसी जनपद रायबरेली के होने के चलते यहा का शासन एवं प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के औचक निरीक्षण से स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं नगर पंचायत के अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है।

## बाइक के सामने बंदर आ जाने से बाइकसवार गंभीर रूप से घायल, बंदर की मौत

**बछरावां, रायबरेली।** बाइक की तेज रफ्तार होने के चलते सड़क पर अचानक बंदर आ गया। बंदर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई तथा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर जिला अस्पताल रेफर हो गया है। घटना शनिवार देर रात की बताई गई है। जब बाइक सवार युवक विवेक कुमार पुत्र हरिप्रसाद उम्र 21 वर्ष निवासी दुर्गापुर मजरे बन्नावा बांदा बहराइच मार्ग पर बछरावां की ओर आ रहा था। तभी फायर स्टेशन के पास पहुंचते ही अचानक एक बंदर सड़क पार कर रहा था। बाइक और बंदर की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बंदर से टक्कर लगने के बाद बंदर घायल अवस्था में सड़क के किनारे खाई में जा गिरा। और उसकी मौत हो गई। वहीं बाइक सवार सड़क पर ही गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। गुजर रहे राहगीरों के द्वारा एंबुलेंस की सहायता से उसे बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां युवक का प्राथमिक उपचार किया गया। परंतु गंभीर हालत होने के चलते युवक को रायबरेली जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

# माघी पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की रही भारी भीड़

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

कड़ाके की पड़ रही ठंड के बावजूद माघी पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को दूर दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने ब्रह्म मुहूर्त में ही गंगा मैया के जयकारों के साथ पतित पावनी मां गंगा की अविरल अमृत मय जलधारा मैं आस्था की डुबकी लगाई और गंगा तट के किनारे स्थित मंदिरों और शिवालियों में जलाभिषेक करते हुए पूजा अर्चना की।



गंगा तट डलमऊ के किला घाट सड़क घाट वीआईपी घाट रानी शिवाला घाट पक्का घाट संकट मोचन घाट पथवारी घाट के साथ साथ एक दर्जन से अधिक स्नान घाटों पर रविवार को माघी शीर्ष पूर्णिमा के अवसर पर आस्था की डुबकी लगाई गई संस्कृत महाविद्यालय बड़ा मठ डलमऊ के स्वामी दिव्यानंद जी महाराज ने बताया कि माघ माह की पूर्णिमा को माघी शीर्ष पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है जिसमें शास्त्रों के अनुसार भगवान श्री कृष्ण ने स्वयं कहा था कि आज ही के दिन से मेरे महात्व का प्रारंभ होता है पूरे वर्ष की पूर्णमासी का प्रारंभ इसी पूर्णिमा से होता है जिससे इसे माघी शीर्ष पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से सभी कासन एवं पाप का हरण होता है।

## खबरें एक नजर में

### अलग-अलग दुर्घटनाओं में दो युवक गंभीर रूप से घायल, दोनों की हालत गंभीर

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** बाइक सवारों की तेज रफ्तार का कहर देखने को लगातार मिल रहा है। जब कन्नावा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल हुआ तो वही एक देवपुरी के पास बाइक अनियंत्रित हो जाने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों घटनाएं शनिवार देर रात की बताई गई है। जब कन्नावा के पास युवक दुर्घटना का शिकार रात्रि 9:00 बजे के आसपास हुआ, तो वहीं देवपुरी के पास हुई घटना में युवक रात्रि 9:30 बजे के आसपास दुर्घटना का शिकार हो गया। दोनों युवकों को बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां दोनों का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। पहली घटना कन्नावा के निकट प्रयागराज मार्ग पर युवक वीरेंद्र कुमार पुत्र राम शंकर उम्र 21 वर्ष निवासी घुरौना थाना बछरावां को अपनी बाइक से कट पर पहुंचते ही अज्ञात वाहन ने सामने से टक्कर मार दी। जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरा युवक सत्यनाम भारती पुत्र आसाराम उम्र 28 वर्ष निवासी भवानी खेड़ा मजरे भैरमपुर थाना शिवगढ़ देवपुरी में किसी कार्य से वापस अपने घर की ओर जा रहा था। तभी अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों घायलों को एंबुलेंस की सहायता से बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां दोनों का इलाज किया जा रहा है।

### प्रवासी मजदूरों के हमले से अधेड़ घायल

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र की थुलेडी चौकी के अंतर्गत रामपुर मोहिद्दीनपुर निवासी एक अधेड़ पर प्रवासी मजदूरों ने बच्चों के बीच जानवर चराने की मामूली बात को लेकर हुए विवाद में हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि प्रवासी मजदूर रमेश और गुड्डू निवासी ग्राम बकुलिया मजरे सेमरी थाना खीरों जो कि विगत एक माह पूर्व स्थानीय गांव में धान की फसल काटने आए थे। उन्होंने घायल अधेड़ राम लखन पुत्र लाला उम्र 40 वर्ष के ऊपर तब हमला कर दिया जब घायल अधेड़ बच्चों के बीच हो रहे विवाद को खत्म कराने उक्त स्थान पर गया था, घायल अधेड़ की मानी जाए तो उसका कहना है कि उन लोगों और घायल के बच्चों के बीच खेतों के पास जानवर चराने के दौरान मामूली बात को लेकर विवाद हो गया, जिसमें जानवर चराने गई किशोरी के साथ उक्त व्यक्तियों ने मारपीट की, किशोरी की चीख पुकार पर पहुंचे परिजनों पर उक्त व्यक्तियों ने लाठी व भाले से हमला कर दिया और गाली गलौज भी की, जिससे भाले के प्रहार से रामलखन गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं उसने घटना की सूचना स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र के माध्यम से दी है, तत्पश्चात पुलिश द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां में उसका मेडिकल एवं इलाज कराया गया।

# कर्ज लेकर मां ने बेटे को जेल जाने से बचाया

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

एक मां ने अपने बेटे को जेल जाने से बचाने के लिए दुकानदारों से कर्ज के रूप में पैसे उधार लिए और पुलिस को देकर अपने बेटे को जेल जाने से बचाया पीड़ित मां ने कहानी बताते हुए रो पड़ी। उसका कहना है कि डलमऊ पुलिस उसके बेटे को जेल भेज रही थी किसी तरीके से मिन्नते मांगी लेकिन नहीं माने पहले रात में छोड़ने के लिए रु.3000 लिए सुबह फिर थाने बुलाया रु.60000 मांग रहे थे लेकिन किसी तरीके से 35000 रुपए में पुलिस मानी उसके पास पैसे भी नहीं थे किसी तरीके से दुकानदारों से उधार लिया और जाकर पुलिस को दिया तो बेटा जेल जाने से बचा। यह कहानी बताते हुए घोरवारा की एक मां रोने लगी दरअसल शनिवार को घोरवारा निवासी अभिषेक वर्मा को पुलिस संतपुर से किसी मामले को लेकर थाने उठा लाई परिजनों को जानकारी हुई तो वहां पर छुड़ाने के लिए पहुंचे बेटे को जेल भेजने की बात पुलिस कह रही थी मां एवं बड़े भाई ने काफी मिन्नते की लेकिन पुलिस नहीं मानी, कहां की बेटे ने गंभीर अपराध किया है जेल तो जाना ही पड़ेगा रात में मां ने किसी तरीके से रु. 3000 देकर बेटे को ठंड से बचाने के लिए जेल से छुड़ा लाई सुबह फिर बुलाया गया रविवार को मां फिर थाने पहुंची तो वहां पर रु.60000 की मांग की गई लेकिन किसी तरीके से रु.35000 में बात बनी। यह सवाल पुलिस पर लाजमी है क्योंकि हर दिन कोई न कोई पीड़ित पुलिस की प्रताड़ना का शिकार होता है और उसके साथ उगाही की जाती है न देने पर जेल भेजने की धमकी दी जाती है एक बेटे को जेल जाने से बचाने के लिए मां ने किस कदर रुपए के प्रबंध किया। सोचकर वह हैरान एवं परेशान है लेकिन कठोर पत्थर दिलवाले डलमऊ पुलिस नहीं पसीजती है।

# स्वामी हरिदास तपोस्थली पर हुआ विशाल भंडारा



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

स्वामी हरिदास तपोस्थली बबुरिहा में हुआ विशाल भंडारा हजारों की संख्या में लगों ने पहुंचकर चखा भंडारे का प्रसाद और बाबा स्वामी हरिदास के किए दर्शन और मांगा सुख समृद्धि का आशीर्वाद। सैकड़ो वर्षों से स्वामी हरिदास तपोस्थली भक्तों की आस्था का मुख्य केंद्र रहा है। वर्तमान समय में महंत लक्ष्मण दास द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर बाबा का प्रसाद ग्रहण किया और अपने लिए अपने परिवार के लिए आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर देवेंद्र सिंह उर्फ नीलू शैलेंद्र सिंह कुलदीप सिंह रमेश सिंह दिनेश सिंह मंगली सिंह रामगोपाल सिंह धर्मेंद्र सिंह अवधेश पाल अखिलेश पाल सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## पेशी से पहले ही मुजरिम पुलिस की गिरफ्त से फरार

**डलमऊ रायबरेली।** दो भाइयों के बीच हुए आपसी विवाद को लेकर एक मुजरिम को शांति भंग में चालान करके डलमऊ पुलिस द्वारा उसे एसडीएम कोर्ट में पेश करने के लिए ले जाया जा रहा था तभी तहसील परिसर में ही पुलिस कर्मियों को चकमा देकर मुजरिम फरार हो गया मुजरिम के फरार होने की सूचना जैसे ही कोतवाली पहुंची तो अपरा तफरी मच गई पुलिस के हाथ पैर फूल गये मुजरिम को पकड़ने के लिए प्रयास किए गए लेकिन वह पकड़ में नहीं आया पुलिस की इस लापरवाही से जहां महकने की फजीहत हुई वहीं उच्च अधिकारियों तक सूचना पहुंचते ही मामले को रफा दफा करने की योजना भी बनने लगी किसी जिम्मेदार ने जवाब देने के लिए फोन तक उठाना मुनाफिक नहीं समझा। रविवार को धीरज माली पुत्र सध्धू माली निवासी कल्याणपुर बेती का उसके भाई से ही आपसी विवाद हो गया दोनों को थाने ले जाया गया धीरज को शांति भंग में चालान करके पुलिस अभिरक्षा में एसडीएम कोर्ट में पेशी के लिए ले जाया जा रहा था तभी तहसील परिसर से ही पुलिस कर्मियों को चकमा देकर धीरज फरार हो गया पुलिस ने काफी प्रयास किया लेकिन वह पकड़ में नहीं आया मुजरिम के कोर्ट में पेशी से पहले ही फरार होने की सूचना चारों तरफ फैल गई हालांकि सूत्रों की माने तो पुलिस मामले को रफा दफा करने का भरकस प्रयास करती रही लेकिन जमानत से पूर्व भी फरार होने की खबर को लेकर पुलिस महकमे की फजीहत जरूर हुई सूत्रों की माने तो फजीहत से बचने के लिए पुलिस दूसरे को खड़ा करके एसडीएम कोर्ट में जमानत करवाना चाह रही है लेकिन खबर लिखे जाने तक पुलिस मामले को दबाने में भरपूर प्रयास कर रही है।

## बाबा इंटरप्राइजेज एवं ट्रेडर्स का हुआ शुभारंभ



**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

बाबा इंटरप्राइजेज एवं ट्रेडर्स का हुआ शुभारंभ वसालतनगर चंदापुर महराजगंज पर हवन पूजन के बाद प्रसाद विक्रम का कार्यक्रम रखा गया और प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया गया। प्रोपराइटर दीप सिंह ने बताया कि हमारे यहां गिट्टी, मौरंग, सरिया, सीमेंट, डस्ट आदि थोक व फुटकर उचित मूल्य पर ग्राहकों को दिया जाएगा ग्राहकों को इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा अब उनको वसालतनगर में ही सारा सामान मिल जाएगा। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमलेश सिंह माता बक्श सिंह कुलदीप सिंह सुरेंद्र सिंह अनिल सिंह अशोक सिंह रामकिशन हनुमान यादव सहित की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पुलिस को मिली बड़ी सफलता, वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक बलरामपुर, विकास कुमार के निर्देशानुसार अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई।

अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव और क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में तथा थानाध्यक्ष गैंड़ास बुजुर्ग दुर्विजय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रविवार को एक वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया। उपनिरीक्षक राजकुमार चौधरी और उपनिरीक्षक अर्जुन कुमार के नेतृत्व में थाना गैंड़ास बुजुर्ग की पुलिस टीम, जिसमें हेड कांस्टेबल अरविन्द यादव, हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार, हेड कांस्टेबल शशांक शेखर यादव और महिला कांस्टेबल



धनमाया शामिल थे, क्षेत्र में गश्त और वांछित अपराधियों की तलाश में जुटी थी। टीम को न्यायालय सीजेजेडी/जेएम कोर्ट उतरौला, जनपद बलरामपुर द्वारा मामला संख्या 1489/2015 धारा 323, 325, 427, 504 भा.दवि के तहत वारण्टी अभियुक्त सुमिरन पुत्र रामफल, निवासी ग्राम थोथिहवा मश. इटईरामपुर, थाना गैण्डास बुजुर्ग के खिलाफ एनबीडब्लू जारी किया गया था। पुलिस टीम ने वारण्टी सुमिरन को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार किया और उसे नियमानुसार न्यायालय भेजा। इस गिरफ्तारी के साथ पुलिस ने एक बार फिर यह संदेश दिया है कि अपराधियों और वांछित अभियुक्तों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। पुलिस प्रशासन द्वारा किए जा रहे इस प्रयास से अपराधों पर अंकुश लगाने और न्याय की प्रक्रिया को तेज करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान जारी रहेंगे ताकि क्षेत्र में अपराधियों का सफाया किया जा सके और आम जनता को सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सके।

## सादुल्लानगर बाजार में खुलेआम हो रही थर्माकोल के उत्पादों की बिक्री, जिम्मेदार मौन



**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

एक ओर जहां सरकार प्लास्टिक और थर्माकोल जैसे पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले उत्पादों पर सख्त प्रतिबंध लगा रही है। वहीं दूसरी ओर सादुल्लानगर बाजार में इन नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। बाजार में पालीथीन बैग से भी अधिक खतरनाक माने जाने वाले थर्माकोल की प्लेटें और गिलास बड़ी मात्रा में बेचे जा रहे हैं।

स्थानीय दुकानदारों द्वारा इन थर्माकोल उत्पादों का उपयोग और बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। ये उत्पाद न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक हैं। बल्कि स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव डाल सकते हैं। थर्माकोल के इस्तेमाल से मिट्टी की उर्वरता खत्म होती है और इसे जलाने पर जहरीले रसायन हवा में फैलते हैं, जिससे सांस संबंधी बीमारियां बढ़ने का खतरा रहता है।

**प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे सवाल:** हालांकि सरकार ने इस पर प्रतिबंध लगाने के लिए कड़े निर्देश दिए हैं। लेकिन स्थानीय प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। बाजार में थर्माकोल उत्पादों की बढ़ती बिक्री से यह साफ है। कि प्रतिबंध का कोई असर नहीं हो रहा है।

**स्थानीय नागरिकों का विरोध:** कई स्थानीय नागरिकों ने इस मुद्दे पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि पर्यावरण को बचाने के लिए प्रशासन को सख्त कदम उठाने चाहिए। एक स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा,÷पालीथीन बैग की रोकथाम के नाम पर प्रशासन छापेमारी करता है।लेकिन थर्माकोल के इस्तेमाल पर आंखें मूंद लेता है। यह पर्यावरण के प्रति घोर लापरवाही का उदाहरण है।

# मंडल चुनाव अधिकारी देवानंद गुप्ता ने की सादुल्लानगर मंडल की चुनाव बैठक

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

भाजपा की चुनाव मण्डल वैठक समपन्न। सादुल्लानगर मंडल चुनाव अधिकारी देवानंद गुप्ता ने विधानसभा क्षेत्र उतरौला के सादुल्लानगर मंडल की भाजपा संगठन चुनाव पर बैठक की। मंडल चुनाव अधिकारी देवानंद गुप्ता ने कहा सभी ऊर्जावान व समर्पित कार्यकर्ताओ को संगठन में दायित्व दिया जायेगा।उन्होंने बताया कि 45 साल तक उम्र वाले ही चुनाव लड़ सकेंगे।और दो बार के सक्रिय सदस्य होना भी जरूरी है। भाजपा ही ऐसा राजनीतिक दल जहां संगठन का चुनाव होता है। मंडल भाजपा चुनाव अधिकारी देवानंद गुप्ता ने बताया कि सादुल्लानगर मण्डल की



संगठन चुनाव हेतु महत्वपूर्ण बैठक तुलसी विद्या मंदिर में हुई। जिसमें पार्टी का कार्यकर्ता जिसे सादुल्लानगर मण्डल अध्यक्ष पद के लिए अतुल कुमार उपाधाय, विष्णु गुप्ता, सुमित सिंह, दयाशंकर तिवारी, राजकुमार गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, हनुमान प्रसाद समेत कुल पांच लोग अध्यक्ष पद के लिए व जिला प्रतिनिधि के लिए दो आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस मौके पर रमेश चंद्र तिवारी, दीपचंद जायसवाल, फर्नीण गुप्ता, बाहरैची गुप्ता, रोहित राज गुप्ता, आनंद बाबा, राधेश्याम गुप्ता ,राम मूरत प्रजापति, अतुल उपाध्याय, राजकुमार गुप्ता, सुमित सिंह, दयाशंकर तिवारी, हनुमान प्रसाद,जोगिंदर सिंह, शारदा प्रसाद मिश्रा व बूथ अध्यक्षगण और अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित एंबुलेंस बिजली के खंभे से टकराई, बड़ा हादसा टला

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।** एंबुलेंस सीखने गए युवक से अनियंत्रित होकर एंबुलेंस बिजली के खंभे से जा भिड़ी जिससे एंबुलेंस वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ और इस हादसे में लोग बाल-बाल बचे। रविवार को सुबह 8 बजे उतरौला-बलरामपुर मार्ग स्थित पुरैनिया जाट हनुमान गढ़ी मंदिर के पास लगे बिजली पोल से एक एंबुलेंस जा भिड़ी जिससे बिजली का पोल टूटकर गिर गया और एंबुलेंस के साथ साथ पास में खड़ी बाइक भी क्षति ग्रस्त हो गया। एंबुलेंस एचटी मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल उतरौला का बताया जा रहा है।सूत्रों के अनुसार वाहन चालक सीखने के लिए गाड़ी चला रहा था।

# ब्रह्मण चेतना संगठन ने चलाया सदस्यता अभियान

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष पूर्णिमा (भगवान दत्तात्रेय की जयंती) पर अभिजित मुहूर्त में ब्रह्मण चेतना संगठन का अपने कार्यालय सादुल्ला नगर पर सदस्यता अभियान विधिवत् मंत्रोच्चार के साथ शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुरुआत पंडित प्रीतम अविनाश शास्त्री द्वारा कराया गया। और भगवान दत्तात्रेय की जीवनी पर प्रकाश ड़ालते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सदस्यता अभियान का शुभारम्भ हुआ। जिसमें सदस्यों की संख्या लगभग 20 रही। जिसमें मनमोहन दास राजेश मिश्रा रवी



प्रकाश पाण्डेय विकास राहुल मिश्रा आनन्द तिवारी आसुतोष पाण्डेय जयप्रकाश मिश्रा आदेश तिवारी प्रीतम अविनाश शास्त्री शुभम पाण्डेय विकास चन्द्र मिश्रा आदि लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया।

# नहरों में पानी की कमी से फसलें सूखने की कगार पर, किसान परेशान

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के अधिकतर गाँव के किसान असिंचित एरिया होने के कारण नहर के भरोसे खेती करते हैं। इस समय नहरों में पानी न होने से उनकी खेती सिचाई नहीं हो पा रही है। गेहूं, चना, मटर, मसूर, लाही, सरसों, आलू आदि फसलों को वर्तमान में पानी की बेहद जरूरत है।जिसको लेकर नहर में पानी आने का इंतजार किसान कर रहे हैं। किसान अंबिका, राज मोहम्मद, सोमई, बीपत राम, अब्दुल कादिर, मोहम्मद नजीर, एहसानुल्लाह, मुर्तजा, हसन मोहम्मद आदि किसानों का



कहना है कि साधन संपन्न किसान अपने निजी पंपिंग सेटों से सिचाई कर लेते हैं वहीं छोटे किसान पानी के लिए महंगे संसाधनों के प्रयोग करने में हिचकिचाते है सैकड़ों किसान नहर के भरोसे खेती करते हैं नहर में पानी न आने के कारण जो किसान गेहूं की बुआई कर चुके हैं फसलें उगी हैं उन्हें अब सिचाई की जरूरत है लेकिन पानी न मिलने के कारण फसलें बर्बाद हो रही है किसानों का आरोप है कि सिचाई विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मनमानी करते हैं। जब पानी की आवश्यकता रहती है तो नहर सूखा रहता है और जब आवश्यकता नहीं होती है तब नहर में पानी छोड़ा जाता है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से नहर में पानी छोड़ने का अनुरोध किया है।

# एकमुश्त समाधान योजना 2024-25 का शुभारंभ, बकायेदारों को ब्याज में मिलेगा छूट का लाभ

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा विभाग द्वारा बिजली के बकायादार उपभोक्ताओं के लिए प्रदेश में 15 दिसम्बर से लागू हो गई। रविवार को विद्युत उपकेंद्र उतरौला में कैंप लगाकर बिजली बकायदारों का एक मुश्त समाधान में पंजीकरण कर बकाया भुगतान कराया गया। विधायक राम प्रताप वर्मा ने बिजली बकायादारों का पंजीकरण कराकर एक मुश्त समाधान योजना का शुभारंभ किया। एकमुश्त समाधान योजना के प्रचार-प्रसार के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों ने विधायक राम प्रताप वर्मा, नगर



पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि, ब्लॉक प्रमुख, सभासदो व ग्राम प्रधानों को विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उपभोक्ताओं को जागरूक करने की अपील करते हुए उनके बकाया बिल जमा करवाने का अनुरोध किया।

उपखण्ड अधिकारी अरविंद गौतम, जेई नगर पवन कुमार, जेई आईसीडीएस रविन्द्र कुमार,जेई ग्रामीण विजय रंजन यादव व अन्य बिजली कर्मचारियों द्वारा लोगों को सरकार की बिजली बिल बकायेदारो के लिए एक मुश्त समाधान योजना के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा की 30 सितंबर 2024 तक के बकाए पर ब्याज में 100 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। योजना को तीन चरणों में घरेलू वाणिज्य व नलकूप सभी प्रकार के उपभोक्ताओं के लिए लागू किया गया है। जिसमें पहले चरण में एक मुश्त बकाया जमा करने पर घरेलू के ब्याज में 100 प्रतिशत की छूट, दूसरे चरण में 80 प्रतिशत व तीसरे चरण में ब्याज में 70 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। जबकि बकायदारों को किस्तों में भी पैसा जमा करने की सुविधा दी जाएगी, लेकिन उसमें ब्याज की राशि पर कम छूट का लाभ उपभोक्ताओं को दिया जायेगा। बिजली विभाग के उपखण्ड अधिकारी अरविंद गौतम ने बताया कि लोगों को कस्बे में लाउडस्पीकर से मनादी कराकर भी जागरूक किया जायेगा। जेई पवन कुमार कुमार ने बताया कि कस्बे में चोराहों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर योजना के पोस्टर लगाये जा रहे हैं व लोगों को योजना के बारे में जागरूक करने के लिए पम्पलेट भी बाटे जा रहे हैं। इस दौरान हसन मोहम्मद, बरकतउल्ला, राधेश्याम, मोहम्मद उमर, अफजल, मीसम अब्बास, जेडी, आरिफ, अमित आदि मौजूद रहे।

## एक चुनाव को लेकर विरोधाभास क्यो?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 के स्वतंत्रता दिवस पर एक देश एक चुनाव का जिक्र किया था। तब से अब तक कई मौकों पर भाजपा की ओर एक देश एक चुनाव की बात की जाती रही है। ये विचार इस पर आधारित है कि देश में लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हों। अभी लोकसभा यानी आम चुनाव और विधानसभा चुनाव पांच साल के अंतराल में होते हैं। इसकी व्यवस्था भारतीय संविधान में की गई है। अलग-अलग राज्यों की विधानसभा का कार्यकाल अलग-अलग समय पर पूरा होता है। उसी के हिसाब से उस राज्य में विधानसभा चुनाव होते हैं। लेकिन अभी भी कुछ राज्य ऐसे भी हैं जहां विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होते हैं। इनमें अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम जैसे राज्य शामिल हैं। वैसे मूल रूप से पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का विचार बुरा नहीं है। चाहे अलग-अलग चुनावों पर होने वाले खर्च की बात हो या सरकार के कामकाज में इसकी वजह से होने वाली दिक्कतों की या देश के राजनीतिक माहौल में बनने वाले तनाव की- हर तरह से यह बात सुविधाजनक लगती है कि पांच साल में एक ही बार पूरे देश के चुनाव करा लिए जाएं ताकि बाकी समय सारी सरकारें विकास कार्यों पर फोकस कर सकें। अब एक देश एक चुनाव पर अमल की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। विपक्षी पार्टियां अभी भी इसके खिलाफहैं। एक चुनाव को लेकर विपक्ष और सत्तापक्ष में काफी विरोधाभास है। लेकिन सत्ता पक्ष इसे अमल में लाने पर अडिग है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि संसद में इस पर किस तरह की रस्साकशी होती है। एक साथ चुनाव पर फैसला करते हुए क्षेत्रीय दलों के तर्क को भी दरकिनार नहीं किया जा सकता। उनकी इस बात में दम है कि एक साथ चुनाव कराने से मतदाताओं के मन पर राष्ट्रीय मसले हावी हो सकते हैं। बहरहाल, यह बिल अभी संसद में पेश किया जाना है। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि वहां इसके सभी पहलुओं पर बारीकी से विचार-विमर्श होगा और फिर सभी पक्षों के हितों व तर्कों को ध्यान में रखते हुए ही कोई अंतिम फैसला लिया जाएगा।इसके साथ ही व्यवहार का पहलू भी जुड़ा है। लोकतंत्र एक जीवंत भाव है और यह सिर्फस्थिरता में नहीं बल्कि अस्थिरता में भी खिलता है। ध्यान रहे, शुरुआती डेढ़ दशक तक देश में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होते रहे। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सामान्य उतार-चढ़ावों के क्रम में ये अलग-अलग होने लगे। अगर एक साथ चुनाव शुरू कराने के बाद फिर से अविश्वास प्रस्ताव या खंडित जनादेश के चलते यह क्रम बिगड़ता है तो उसे बनावटी ढंग से एक साथ बनाए रखना लोकतांत्रिक सहजता के लिहाज से कितना उचित होगा, इस पर भी विचार करना जरूरी है।सुविधा के इस तर्क से आगे बढ़ने पर लोकतांत्रिक चेतना का सवाल आता है। किसी भी लोकतंत्र में चुनावों को सिर्फसुविधा और खर्च के नजरिए से नहीं देखा जा सकता। लोकतंत्र चुनाव में वोट देने की प्रक्रिया तक सीमित रहने वाली चीज नहीं है। असल बात समाज की लोकतांत्रिक चेतना है। उसका मजबूत बने रहना और समय-समय पर शांतिपूर्ण तरीकों से व्यक्त होते रहना जरूरी है। देश के अलग-अलग हिस्सों में समय-समय पर चुनाव होते रहें तो इस चेतना को निरंतरता मिलती है जो इसकी मजबूती को बनाए रखने में सहायक होती है। वैसे दुनिया में कई ऐसे देश हैं जहां पर सारे चुनाव एक साथ ही कराए जाते हैं।

# वन नेशन वन इलेक्शन : लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती भरा कदम

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

वन नेशन, वन इलेक्शन बिल लोकसभा में सोमवार यानी 16 दिसंबर को पेश नहीं किया जाएगा। इससे जुड़े दोनों बिल को लोकसभा की रिवाइज्ड लिस्ट से हटा दिया गया है। अब फाइनेंशियल बिजनेस पूरा होने के बाद बिल सदन में पेश किए जाने की बात कही जा रही है। हालांकि, सरकार बिल को आखिरी समय में भी लोकसभा स्पीकर की परमिशन के बाद सप्लीमेंट्री लिस्टिंग के जरिए सदन में पेश कर सकती है। कैबिनेट ने 12 दिसंबर को बिल की मंजूरी दी थी।

लोकसभा में जब कभी एक देश एक चुनाव से संबंधित विधेयक पेश किया जाएगा, इस दिशा में देश एक कदम और बढ़ जाएगा। सरकार इस विधेयक को संसदीय समिति को भेजने की मंशा व्यक्त करती रही है ताकि इस पर सांसदीय समिति के माध्यम से गंभीर मंथन और चिंतन हो सके। हालांकि एक देश एक चुनाव की दिशा में बढ़ते कदम में स्थानीय निकायों के चुनावों की प्रकिया बाकी है। उसका कारण है कि उस प्रस्ताव के विधेयक को विधानसभाओं से भी पारित करवाया जाना होगा। लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होते हैं तो भले ही कांग्रेस सहित विपक्ष विरोध कर रहे हों पर माना जाना चाहिए कि यह सही दिशा में बढ़ता कदम होगा। ऐसा नहीं है कि भारतीय लोकतंत्र के लिए यह कोई नई बात हो बल्कि आजादी के समय से ही देश में एक साथ चुनाव कराने पर बल दिया जाता रहा है। 1952, 1957, 1962 और 1967 के चुनाव इसके उदाहरण हैं। 1968 से विधानसभाओं को भंग करने का जो सिलसिला चला उसने पूरे हालात बदल दिए और उसके बाद लोकसभा और विधानसभा के चुनाव अलग-अलग होने लगे। अलग-अलग चुनावों के दुष्परिणाम अधिक सामने आते हैं। यह केवल चुनावों पर होने वाले सरकारी और गैर सरकारी खर्चों तक ही सीमित ना होकर अलग-अलग चुनाव एक नहीं अनेक समस्याओं का कारण बन रहे हैं। लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव अलग-अलग होने से करीब एक साल तक चुनी हुई सरकार पंगु बन कर रह जाती है।

इसको राजस्थान सहित अन्य प्रदेशों के चुनावों से इस तरह से समझा जा सकता है। यह उदाहरण मात्र है और सभी प्रदेशों पर समान तरीके से लागू होता है। नवंबर-दिसंबर में राजस्थान की विधानसभा के चुनाव होते हैं। सरकार बनते ही प्राथमिकता तय कर पाती है तब तक बजट की तैयारी में जुटना पड़ता है क्योंकि अब फरवरी में ही बजट सेशन होने लगे हैं। मई-जून में लोकसभा के चुनाव के कारण अप्रैल से ही आचार संहित लगने की तलवार लटक जाती है और फिर करीब डेढ़ माह का समय आचार संहिता को समर्पित हो जाता है। इसके कुछ समय बाद या यों कहे कि परिवर्तित बजट से निपटते-निपटते सरकार के सामने स्थानीय निकायों व पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव का समय हो जाता है और उसके कारण लंबा समय इन चुनावों के कारण आचार संहिता के भेंट चढ़ जाता है। इस बीच में कोई-कोई ना कोई उप चुनाव आ जाते हैं तो उसका असर भी चुनी हुई सरकार को भुगतना पड़ता है। जैसे तैसे चौथा साल पूरा होने को होता है कि सरकार ताबड़तोड़ निर्णय करने लगती है और इनके क्रियान्वयन का समय आते-आते चुनाव आचार संहिता लग जाती है।



**लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव अलग-अलग होने से करीब एक साल तक चुनी हुई सरकार पंगु बन कर रह जाती है। इसको राजस्थान सहित अन्य प्रदेशों के चुनावों से इस तरह से समझा जा सकता है। यह उदाहरण मात्र है और सभी प्रदेशों पर समान तरीके से लागू होता है। नवंबर-दिसंबर में राजस्थान की विधानसभा के चुनाव होते हैं। सरकार बनते ही प्राथमिकता तय कर पाती है तब तक बजट की तैयारी में जुटना पड़ता है क्योंकि अब फरवरी में ही बजट सेशन होने लगे हैं। मई-जून में लोकसभा के चुनाव के कारण अप्रैल से ही आचार संहित लगने की तलवार लटक जाती है और फिर करीब डेढ़ माह का समय आचार संहिता को समर्पित हो जाता है। इसके कुछ समय बाद या यों कहे कि परिवर्तित बजट से निपटते-निपटते सरकार के सामने स्थानीय निकायों व पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव का समय हो जाता है और उसके कारण लंबा समय इन चुनावों के कारण आचार संहिता के भेंट चढ़ जाता है।**

इस तरह से एक बात तो साफ हो जाती है कि पांच साल के लिए चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकार का कमोबेश एक साल का समय चुनाव आचार संहिताओं के भेंट चढ़ जाता है। यह तो केवल लोकतांत्रिक जनता द्वारा चुनी हुई सरकार के कार्यों के प्रभावित होने का एक उदाहरण मात्र है। अब अलग-अलग चुनाव होने से चुनाव पर होने वाले सरकारी और गैर सरकारी खर्चों पर भी ध्यान दिया जा सकता है।

1952 के पहले चुनाव में सरकारी व गैर सरकारी जिसमें राजनीतिक दलों और चुनाव लड़ने वालों का खर्च भी शामिल है, वह करीब 10 करोड़ के आसपास रहा। 2010 के आम चुनाव में 10 हजार करोड़ रु. का व्यय माना जा रहा है जो 2019 में 55 हजार करोड़ और 2024 के आम चुनाव में एक लाख करोड़ को छू गया है। इसमें चुनाव आयोग, प्रशासनिक व्यवस्थाओं के साथ ही राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों द्वारा होने वाला खर्च शामिल है।

मोदी सरकार आने के बाद 2014 से एक देश एक चुनाव पर चर्चा का सिलसिला चल निकला था। 2017 में नीति आयोग ने इसे उपयुक्त बताया और 2018 में संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इसे सही दिशा बताया। सितंबर 2023 में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय कमेटी बनाई गई और 65 बैठके कर 18626 पन्नों की रिपोर्ट इसी साल मार्च, 24 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को पेश की गई। यदि इन सभी सिफारिशों को लागू किया जाता है तो 18 संसोधनों की आवश्यकता होगी। सरकार ने अभी एक हिस्से यानी कि लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ करने की दिशा में कदम बढ़ाती दिख रही है। माना जा रहा है कि 2029 के चुनाव नई व्यवस्था यानी एक देश एक चुनाव वन नेशन वन इलेक्शन से हो। इसके लिए चुनाव आयोग व सरकारों को काफी मशक्कत करनी पड़ेगी पर यदि एक बार यह सिलसिला चल निकलेगा तो इसे लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत ही माना जाएगा। राजनीतिक दलों द्वारा यह शंका व्यक्त की जा रही है कि इससे छोटे व स्थानीय दलों के अस्तित्व पर ही संकट आ जाएगा। इसके साथ ही वोटिंग पेटर्न प्रभावित होगा।

चुनाव में कानून व्यवस्था बनाए रखने और चुनाव के लिए मशीनरी भी अधिक लगाने की बात की जाती है तो खर्चे व आधारभूत सुविधाओं यथा ईवीएम मशीन, वीवीपेट मशीन, उनके रखरखाव सहित अन्य आवष्यक संसाधनों की आवश्यकताओं को लेकर भी शंका व्यक्त की जा रही हैं। जिस तरह चुनाव आयोग ने संसाधनों का आकलन कर अपनी आवश्यकताएं सरकार को बता दी हैं उससे लगता है कि चुनाव आयोग भी वन नेशन वन इलेक्शन के लिए मानसिक रूप से पूरी तरह से तैयार है। 2029 के चुनाव में चुनाव आयोग द्वारा 7951 करोड़ रुपए का खर्च अनुमानित किया गया है। राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों सहित अन्य खर्च अलग होंगे। वन नेशन वन इलेक्शन के सकारात्मक पक्ष भी है और उन्हें हल्के में नहीं लिया जा सकता। वन नेशन वन इलेक्शन हमारे देश के लिए कोई नई बात नहीं है, उसी तरह से दुनिया के अन्य देशों जर्मनी, जापान, दक्षिणी अफ्रीका, स्वीडन, इंडोनेशिया, फिलिपिंस आदि में भी एक साथ चुनाव होते रहे हैं। कोविंद कमेटी ने जर्मनी के चुनाव पैटर्न को बेहतर व अनुकरणीय भी माना है।

## विचार

# जीवन से विश्व को सकारात्मक संदेश प्रदान करें

**संजीव ठाकुर**

सिफमानव प्रजाति में सोचने समझने और मुस्कुराने की शक्ति होती है। मनुष्य की सर्व चेतनाओं से परिपूर्ण होता है। पत्थरों में चेतना शून्य होती है, पेड़ पौधों में पल्लवित पुष्पित होती है, पशु पक्षियों में चलायमान होती है और मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जिसमें मानव मस्तिष्क चिंतन मनन कर किसी समस्या का समाधान निकालता हैंस यह सर्वविदित है कि मनुष्य का जीवन विभिन्न सामाजिक मानसिक संघर्षो का केंद्र होता है। मनुष्य ने सदैव मानसिक शारीरिक शक्ति और दृढ़ संकल्प के बलबूते पर हर समस्या पर समय-समय पर विजय प्राप्त की है, और अपने लक्ष्य को बड़ी दृढ़ता के साथ प्राप्त किया है।

मनुष्य के जीवन में जब उत्साह, ऊर्जा एवं अपनी क्षमताओं के उपयोग करने का पूर्ण रूप से आत्मविश्वास होता है तो वह परिस्थितियों का सामना बखूबी कर अपने जीवन को सुचारू रूप से संचालित करता है। एक मानव प्रजाति ही ऐसी प्रजाति है जिसकी संकल्प शक्ति इतनी ऊर्जावान एवं महत्वपूर्ण होती है कि वह प्रगति की विविधताओं, विषमताओं एवं अपार शक्ति को भी आसानी से नियंत्रित कर लेता है एवं उसका स्वयं के लिए



समाज के लिए देश के लिए सकारात्मक उपयोग करने में भी सक्षम होता है। जीवन में मनुष्य को सदैव अपने आप को व्यस्त रख कार्यशील रहना चाहिए, क्योंकि व्यस्त व्यक्ति ही किसी कार्य को उसकी परिणति तक पहुंचा सकता है, खाली दिमाग सदैव शैतान का होता है एवं उसमें नकारात्मक विचार प्रवेश कर मन को मायूस कर देते हैंस आपका मन या मनोबल या संकल्प ही जब एकाग्र चित्त ऊर्जावान तथा शक्तिशाली होगा तो आपके सामने की कितना भी क्लिष्ट व कठिन लक्ष्य हो उसमें आप सफलता अवश्य पा सकेंगे। इसलिए मनुष्य को सदैव कर्मरत रहना चाहिए।

इसका यह भी अभिप्राय है कि मनुष्य को अपने आपको सदैव स्वस्थ्य एवं व्यस्त रखना चाहिए। मन में दृढ़ संकल्प रखकर हमारी दुनिया में लोगों ने ऐसे असंभव कठिन तथा दुरूह कार्यो को अपनी जड़ मानसिक शक्ति से संभव कर दिखाया है जिसकी हम कतई कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की विपन्न स्थिति एवं आर्थिक कमी के बावजूद उन्होंने अपनी मानसिक दृढ़ता ,उच्च संकल्प शक्ति और संगठन क्षमता के दम पर भारत देश को आजाद कराया ।इसमें निसंदेह महात्मा गांधी, सरोजनी नायडू, सरदार वल्लभ भाई पटेल,जवाहरलाल नेहरू, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और न जाने कितने उदाहरण हैं जिन्होंने अपनी मानसिक शारीरिक शक्ति तथा ऊर्जा के दमखम पर देश को अंग्रेजों के चंगुल से निकाल कर आजादी की हवा की सांस लेने का देशवासियों को मौका दिया है।

हम उनका नमन करते हैं उन्हें श्रद्धांजलि भी देते हैं और उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति एवं संकल्प को आदर्श के रूप में लेकर अपने जीवन में उतारने का प्रयास भी करेंगे। दुनिया में अपनी मानसिक शक्ति और संकल्प से अनेक असंभव कार्य को सफलतापूर्वक संचालित संपादित करते हुए अनेक उदाहरण मिलेंगे जो वाकई में इस दुनिया के और हम सबके आदर्श महान लोग हैं। व्यक्ति यदि सादगी, ईमानदारी और निरंतरता के साथ किसी भी कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने का सार्थक एवं सर्वोच्च प्रयत्न करता है,


**मनुष्य के जीवन में जब उत्साह, ऊर्जा एवं अपनी क्षमताओं के उपयोग करने का पूर्ण रूप से आत्मविश्वास होता है तो वह परिस्थितियों का सामना बखूबी कर अपने जीवन को सुचारू रूप से संचालित करता है। एक मानव प्रजाति ही ऐसी प्रजाति है जिसकी संकल्प शक्ति इतनी ऊर्जावान एवं महत्वपूर्ण होती है कि वह प्रगति की विविधताओं, विषमताओं एवं अपार शक्ति को भी आसानी से नियंत्रित कर लेता है एवं उसका स्वयं के लिए समाज के लिए देश के लिए सकारात्मक उपयोग करने में भी सक्षम होता है। जीवन में मनुष्य को सदैव अपने आप को व्यस्त रख कार्यशील रहना चाहिए, क्योंकि व्यस्त व्यक्ति ही किसी कार्य को उसकी परिणति तक पहुंचा सकता है, खाली दिमाग सदैव शैतान का होता है।**

तो निसंदेह सफलता उनके कदम चूमती है और वे व्यक्तियों के लिए, समाज के लिए तथा देश के लिए आदर्श पुरुष होते हैं। कोई भी महान या आदर्श व्यक्ति आसमान से अचानक नहीं आता है वह इसी धरती में पैदा हुआ सामान्य मनुष्य ही है जिसने अपने संघर्ष, इच्छा शक्ति, अदम्य साहस, संयम और संतुलन से अपने हर लक्ष्य को प्राप्त कर अपने आपको समाज से अलग कर एक आदर्श रूप में प्रस्तुत किया है। मनुष्य का हृदय या मन अनंत ऊर्जा और शक्ति का बहुत बड़ा स्रोत होता है। किसी भी बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मस्तिष्क मदद करता है फिर चिंतन करता है और कार्य योजना सुनियोजित कर, अन थक परिश्रम कर उस दुरूह लक्ष्य को प्राप्त करता है। आपका मन यदि हताश या निराश है तो आप किसी लक्ष्य की प्राप्ति नहीं कर सकते हैं। इसीलिए मन को सदैव प्रफुल्लित उत्साहित एवं सकारात्मक सोच के साथ ताजा रखें, जिससे आने वाली परिस्थितियों का सामना कर एक नए युग का सूत्रपात कर सकते हैं। जीवन में दूसरे व्यक्तियों से पिछड़ने के कई कारण भी हो सकते हैं जिनमें से अपनी क्षमता तथा मानसिक शक्ति पर अविश्वास करना भी एक बड़ा कारण है, इसके साथ ही किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सुनियोजित योजना, क्षमताओं का आकलन एवं कार्य के साथ कठोर श्रम भी अत्यंत आवश्यक सफलता के स्तंभ हैं, अति संपन्नता के बावजूद मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति को असफलता का स्वाद चखना पड़ता है।

# सहयोग से साकार हो सकते हैं विकास के नए आयाम

**ओम पराशर**

भारत और बांग्लादेश का रिश्ता इतिहास, भूगोल और संस्कृति की गहराई से जुड़ा हुआ है। दोनों देशों के बीच चार हजार किलोमीटर से अधिक की सीमा साझी है, जो आपसी सहयोग के असीमित अवसरों को जन्म देती है। यदि दोनों देशों के संबंध मधुर और सामंजस्यपूर्ण हों तो यह क्षेत्रीय स्थिरता, आर्थिक समृद्धि, तकनीकी विकास और सतत विकास के नए आयाम खोल सकता है।



भारत के पास तकनीकी और कच्चे माल का विशाल स्रोत है, जो बांग्लादेश के वस्त्र और परिधान उद्योग को मजबूती दे सकता है। दोनों देश संयुक्त उपक्रम के माध्यम से वैश्विक बाजारों में बेहतर पहुंच बना सकते हैं। भारत की कंपनियां बांग्लादेश के विशेष आर्थिक क्षेत्रों में निवेश कर औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन में योगदान दे सकती हैं। वहीं, बांग्लादेशी कंपनियां भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में निवेश कर व्यापार और विकास को बढ़ावा दे सकती हैं।

संपर्क और परिवहन क्षेत्र में सहयोगसीमाओं के पार संपर्क बढ़ाने के लिए सड़क और रेलवे कनेक्टिविटी को उन्नत करना बेहद जरूरी है। ऐतिहासिक रेलवे कनेक्टिविटी को पुनर्जीवित कर बीबीआईएन मोटर वाहन समझौते को लागू किया जा सकता है। बांग्लादेश के चटगांव और मोंगला बंदरगाह भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्रों के लिए प्रवेश द्वार बन सकते हैं, जिससे व्यापार में तेजी और लॉजिस्टिक लागत में कमी आएगी। ऊर्जा सहयोग और पर्यावरणीय स्थिरतादोनों देश सीमा-पार बिजली व्यापार और अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के जरिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। साथ ही, जलवायु परिवर्तन के मुद्दों जैसे समुद्र का बढ़ता स्तर और बाढ़ से निपटने के लिए मिलकर रणनीतियां बनाई जा सकती हैं। कृषि और नदी प्रबंधन में साझेदारीसतत कृषि के लिए जलवायु-रिसायलेंट फसलों और जल-संवेदनशील खेती पर अनुसंधान और ज्ञान साझा किया जा सकता है। साथ ही, सीमा-पार नदियों के प्रबंधन के लिए सहयोगात्मक समझौते, जैसे तीस्ता जल बंटवारा, पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में मदद कर सकते हैं।

शैक्षिक और तकनीकी विकासशिक्षा और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों के बीच शैक्षणिक आदान-प्रदान, संयुक्त शोध और छात्रवृत्ति कार्यक्रम शुरू किए जा सकते हैं। भारत के आईटी क्षेत्र की मजबूती बांग्लादेश की डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए उत्प्रेरक का काम कर सकती है। स्वास्थ्य और सांस्कृतिक सहयोगटेलीमेडिसिन जैसी स्वास्थ्य सेवाओं को साझा कर दोनों देश गुणवत्ता स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ा सकते हैं। वहीं, सांस्कृतिक और पर्यटन संबंधों को मजबूत करने के लिए विरासत सर्किट, कला प्रदर्शनी, और संगीत कार्यक्रम जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। खेल और पर्यटन को बढ़ावाक्रिकेट और अन्य खेल दोनों देशों के नागरिकों को नजदीक लाने का माध्यम बन सकते हैं। वीजा प्रक्रिया को सरल बनाकर और पर्यटन परियोजनाओं को बढ़ावा देकर यात्रा और पर्यटन क्षेत्र को मजबूत किया जा सकता है। वैश्विक मंच पर संयुक्त नेतृत्वभारत और बांग्लादेश का साझा नेतृत्व क्षेत्रीय और वैश्विक मंचों पर गरीबी, आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर प्रभावी प्रतिक्रिया दे सकता है। दक्षिण एशिया की स्थिरता और समृद्धि के लिए यह साझेदारी एक आदर्श प्रस्तुत कर सकती है। भारत और बांग्लादेश के बीच सहयोग और विश्वास को मजबूत करके एक उज्जवल भविष्य का निर्माण संभव है। साझा संसाधनों और क्षमताओं का बेहतर उपयोग क्षेत्रीय विकास और स्थिरता के नए अध्याय लिख सकता है।



# राशिफल

**मेषः**- प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**बृषभः**- किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुनः**- नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्कः**- काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

**सिंहः**- अच्छे कायरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**कन्याः**- कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुलाः**- भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में जीना छोड़े।

**वृश्चिकः**- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनों के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

**धनुः**- संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकरः**- नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभः**- कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीनः**- थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

# विश्व हिन्दू परिषद् : कल आज और कल

**तनवीर जाफरी**

इलाहबाद कभी न केवल कांग्रेस बल्कि समाजवादी व आर एस एस व विश्व हिन्दू परिषद् के भी वरिष्ठ व राष्ट्रीय स्तर के नेताओं का गढ़ हुआ करता था। नेहरू-गाँधी परिवार की तो यह कर्मस्थली थी ही इसके अतिरिक्त पुरषोत्तम दस टंडन,मदन मोहन मालवीय जैसी अनेक विभूतियाँ भी इसी शहर से सम्बद्ध रहीं। इसी तरह दक्षिणपंथी विचारधारा के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख रहे राजेंद्र सिंह उर्फरज्जु भैय्या का नाम भी इलाहाबाद से ही जुड़ा हुआ है। ऐसा ही एक नाम था जस्टिस शिव नाथ काटजू का जोकि 1980 के दशक में विहिप के अध्यक्ष भी चुने गये थे।

जस्टिस काटजू ने अयोध्या में विवादित बाबरी मस्जिद की जगह पर राम मंदिर के निर्माण के लिए शुरुआती अभियान चलाया था। और इसी दौरान उन्हें नजरबंद भी कर दिया गया था। चूँकि मेरी भी औपचारिक शिक्षा इलाहाबाद में ही हुई इसलिये उस दौर के अनेक विशिष्ट जनों के साथ संबंध रखने का भी सौभाग्य मिला। जस्टिस काटजू भी उन्हीं में एक थे जिनके पास अक्सर मेरा आना जाना रहता था। जस्टिस काटजू विहिप के अध्यक्ष तो जरूर थे परन्तु वे पूर्णतयः धर्मनिर्पेक्ष थे। इस्लामी इतिहास का भी उन्हें जबरदस्त ज्ञान था। शिया -सुन्नी



विवाद और करबला की घटना जैसे विषयों पर तो वे अक्सर मेरे साथ बातें किया करते और मेरा ज्ञान वर्धन किया करते थे।

बात 1977-78 की है उस दौरान मैं इलाहबाद के मुहल्ला दरियाबाद के इमामबाड़ा सलवात अली खान नामक एक ट्रस्ट से परिवारिक रूप से जुड़ा हुआ था। यहाँ अनेक धार्मिक आयोजन हुआ करते हैं। इन्हीं में एक चालीसवें का जुलूस (मुहर्रम के चालीस दिन बाद ) भी इसी इमामबाड़े से निकला जाता है। इसी जगह से निकलने वाले चालीसवें के जुलूस का प्रारंभिक संबोधन करने के लिये जब मैंने जस्टिस काटजू से निवेदन किया तो वे खुशी खुशी तैयार हो गये। हालांकि उन्होंने अयोध्या में मंदिर के निर्माण के लिए शुरू हुये विहिप आंदोलन तथा दरियाबाद की घनी मुस्लिम आबादी को भी रेखांकित किया। परन्तु मेरे संपूर्ण सुरक्षा व शांतिपूर्ण आयोजन के आश्वासन के बाद वे कार्यक्रम से पूर्व स्वयं अपनी एम्बेसडर कार चलाकर बिल्कुल अकेले ही दरियाबाद पधारे। यहाँ दरियाबाद चौराहे पर मौजूद मेरे साथियों ने उनका स्वागत किया व पूरे सम्मान के साथ उन्हें इमामबाड़ा सलवात अली खान लेकर गये। यहाँ मौजूद समूह के बीच जस्टिस काटजू ने कर्बला की घटना का जिक्र करते हुये न केवल अपनी तरफ से बल्कि विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष होने की हैसियत से विहिप की तरफ से भी हजरत इमाम हुसैन व करबला के शहीदों को बड़े ही भावपूर्ण शब्दों में श्रद्धांजलि अर्पित की। शेरवानी,टोपी और चूड़ीदार पैजामा जैसा परिधान प्रायः धारण करने वाले काटजू साहब सभी धर्मों का पूरा ज्ञान रखते थे तथा उन्हें सम्मान भी देते थे।

वे विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष होने के बावजूद सभी धर्मों में परस्पर मेल जोल व सद्भाव के पक्षधर थे। उन्हें उर्दू आरबी फारसी का भी पूरा ज्ञान था। यह था उस दौर के विश्व हिंदू परिषद का वह चेहरा जिससे भारत का गैर हिन्दू समाज कभी भयभीत नहीं होता था। उसके बाद जबसे गुजरात को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की प्रयोगशाला कहा जाने लगा तब से इसी विश्व हिंदू परिषद ने खुलकर इस्लाम व अल्पसंख्यकों के प्रति अपनी आक्रामकता दिखानी शुरू कर दी। इसी विश्व हिंदू परिषद में बजरंग दल नामक एक और संगठन तैयार हो गया जो समय समय पर आक्रामक होते नजर आया। आज पूरे देश में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल पर अनेक आपराधिक मुकददमे चल रहे हैं। इसी विश्व हिंदू परिषद ने योजनाबद्ध तरीके से गुजरात से शुरू कर कॉरोनकाल के दौरान देश के कई राज्यों में मुस्लिम दुकानदारों के प्रति नफरत फैलाकर उनसे सब्जी फल व अन्य सामान खरीदने के लिये हिन्दू समाज के लोगों को मना किया। सीधे शब्दों में मुस्लिमों का व्यवसायिक बहिष्कार करने की कोशिश की गयी। इसी विहिप ने बेटी बचाओ बहू लाओ नामक एक अभियान भी चलाया जिसके अंतर्गत किसी हिन्दू लड़की के मुस्लिम लड़के से प्रेम संबंध होने की स्थिति में उस रिश्ते में दखल देना तथा वह अंतर्धार्मिक सम्बन्ध परवान न चढ़ने देना है। जबकि साथ ही हिन्दू लड़कों को इस बात के लिये आमादा करना है कि वे मुस्लिम लड़कियों से दोस्ती कर उनको बहू बनाकर लाएं। गुजरात सहित और भी कई राज्यों से ऐसी खबरें भी आती रही हैं जबकि विहिप के लोगों ने किसी मुस्लिम को किराये पर मकान देने का विरोध किया तो कभी खरीदे हुये फ्लैट में भी कब्जा लेने व उनके रहने का विरोध किया। कई जगहों पर विश्व हिंदू परिषद के लोग मुस्लिमों की मॉब लिंचिंग करने वालों का साथ देते यहाँ तक कि उनके समर्थन में सड़कों पर उतरते,उग्र होते व हत्यारों को सम्मानित करते नजर आये। आज का विश्व हिंदू परिषद तो पूरी तरह से अपने उन बुनियादी सिद्धांतों से दूर होता नजर आ रहा है जिसे लेकर हिंदू राष्ट्रवाद पर आधारित इस भारतीय दक्षिणपंथी हिंदू संगठन की स्थापना 1964 में की गयी थी। उस समय इसका घोषित उद्देश्य ष्हिंदू समाज को संगठित व मजबूत करना और हिंदू धर्म की सेवा और सुरक्षा करना था न कि किसी अन्य धर्म के विरुद्ध आक्रामक होना या भारतीय लोगों में अफवाहबाजी के द्वारा नफरत हिंसा व विद्वेष भड़काना और किसी भारतीय नागरिक को दूसरे दर्जे का नागरिक समझना। न ही किसी की मस्जिद मजार गिराना व अन्य धर्मों की ध्वजा उतारकर अपनी धर्मध्वजा लहराना। न ही इस तरह के अभियान चलाना। परन्तु इससे भी आगे बढ़कर आज का विश्व हिन्दू परिषद तो गोया संविधान विरोधी संवाद को भी हवा देने वाला एक मंच बन चुका है। इनदिनों इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस शेखर यादव द्वारा दिया गया एक असंवैधानिक भाषण जो कि गत 8 दिसम्बर को इलाहाबाद हाई कोर्ट के लाइब्रेरी हॉल में वीएचपी के विधि प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दिया गया था वह न केवल चर्चा में है बल्कि उसी भाषण को लेकर जस्टिस शेखर यादव के विरुद्ध महाभियोग चलाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गयी है। वीएचपी के लीगल सेल के इसी आयोजन में जस्टिस शेखर यादव ने श्समान नागरिक संहिता एक संवैधानिक अनिवार्यता विषय पर बोलते हुए कहा था कि देश एक है, संविधान एक है तो कानून एक क्यों नहीं है?

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो.नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# ओटीएस योजना के प्रचार-प्रसार में जुटे अफसर, रजिस्ट्रेशन शुरू

**पनवाड़ी(महोबा), समृद्धि न्यूज़।**

पनवाड़ी विकास खंड के महोबकंठ कस्बा व क्षेत्र के तेइया, माधवगंज, काशीपुरा, तेलीपहाड़ी समेत कई ग्रामों में विद्युत विभाग के पनवाड़ी एसडीओ सतेन्द्र कुमार व महोबकंठ अवर अभियंता अनीस अली द्वारा सरकार की महत्वाकांक्षी ओटीएस योजना के संबंध में लोगों को महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कर जागरूक किया गया।



एसडीओ सतेन्द्र कुमार ने लोगों को बताया कि 15 दिसंबर से रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ हो गया है। आप सभी ग्रामवासी जिनका बिजली बिल बकाया हो तो उसके भुगतान के लिए, अपना रजिस्ट्रेशन कराकर ओटीएस योजना का लाभ ले सकते है वहीं अवर अभियंता अनीस अली ने बताया कि इस योजना के तहत विद्युत उपभोक्ताओं के विद्युत बिल में जुड़े सरचार्ज की माफी की जा रही है। उक्त योजना तीन चरण में लागू होगी। पहले आओ पहले पाओ के तहत पहले चरण में पंजीकरण कराने वाले उपभोक्ताओं को अधिक लाभ मिलेगा।

विद्युत बिल को भुगतान का यह सुनहरा मौका है। योजना में पंजीकरण अपने नजदीकी विद्युत कैशकाउंटर, उपखंड कार्यालय, जनसेवा केंद्र से कराया जा सकता है। महोबकंठ उपकेंद्र के स्टाफ के द्वारा योजना का क्षेत्र में उपभोक्ताओं, ग्राम प्रधान, सभासद, व्यापारी वर्ग, जनप्रतिनिधियों आदि से मिलकर व बैनर, पोस्टर , अनाउंसमेंट , मुनादी आदि माध्यमों से व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है और सभी से योजना का लाभ लेने एवं समय से विद्युत बिल जमा करने हेतु निवेदन किया जा रहा है । जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की विभागीय कार्यवाही से बचा जा सके।

इस दौरान अवर अभियंता अनीस अली, लाइनमैन सुजान राजपूत, दुली पाल, सचिंद्र राजपूत, कृष्ण कुमार, ताज आलम,रामेश्वर, रामावतार, रमेश, सुरेंद्र, सुंदर आदि शामिल रहे।

## कही से टायर व कही से लाखों के जेवर-नकदी पार कर दिए चोरों ने

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर पर चोरों ने तीन घरों को निशाना बना लाखों के जेवर व नकदी पार कर दी है पुलिस नें जांच पड़ताल शुरु कर दी है। कोतवाली के बहगांव निवासी कल्लू रैकवार ने पुलिस को बताया कि वह स्वजनों के साथ ईंट भट्टों पर मजदूरी करने के लिए गया था। शनिवार को रिश्तेदारी में शादी होने पर वह घर आया। घर पर उसका ताला टूटा हुआ था। बताया कि चोर बक्से का ताला तोड़कर 70 हजार रुपए व लाखों के गहने चोरी करके ले गए। वहीं कस्बे के छोटी जुलहेटी मोहल्ला निवासी सलमान पुत्र रईस ने बताया कि उसकी बाईपास पर चार पहिया वाहन आटो मैकेनिक की दुकान है। शनिवार की रात चोर उसकी दुकान के बाहर खड़ी अल्टो कार के चारों टायर पीछे की सीट लाइट व अन्य सामान चोरी करके ले गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। वहीं मझगवां थाने के जराखर गांव निवासी जीतेन्द्र ठेकेदार ने बताया कि मचहरी गांव में चोर लाइट का सामान चोरी करके ले गए हैं। जिसकी कीमत 5 हजार रुपए है।

# बुन्देलखंड में चमचमाती सड़कों के लिए ओवरलोड के साथ-साथ नासूर साबित हो रही है काली मिट्टी

- निदान के लिए कई दशकों से परेशान है सूबे की तकनीकि टीम, पानी पाते ही नीचे धस जाती है काली मिट्टी पर बनी सड़कें

**विनोद शुक्ला**



**हमीरपुर।** बुंदेलखंड में चमचमाती सड़को का समय से पहले जर्जर होने के लिये न केवल ओवरलोड दोषी है बल्कि यहां की काली मिट्टी भी एक बहुत बड़ा कारण है। हालाकि इसके निदान के लिये सूबे की तकनीकि टीम कई दशको से प्रयास कर रही है मगर अभी तक सफलता नहीं मिल पायी है। जिससे सरकार को सड़क निर्माण में अतिरिक्त धन व्यय करना पड़ रहा है।

जानकारी के मुताबिक बुंदेलखंड के हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट झांसी, जालौन, ललितपुर के जिलों में काली मिट्टी का अधिकता पायी जाता है हालाकि काली मिट्टी कई फसलों के उपज बढ़ाने में रामबाण का काम करती है मगर यह सड़क निर्माण में बिल्कुल सहायक साबित नहीं हो पा रही है। अभियंताओं का कहना है कि चाहे हाईवे हो, स्टेट हाईवे, एसआर सड़के हो या विलेज रोड हो जहा भी काली मिट्टी पर सड़क का निर्माण किया जाता है। उस सड़क की लाइफ आधी रह जाती है। अभियंताओं का कहना है कि बुंदेलखंड में ओवरलोड के अनुसार सड़क की डिजाइन नहीं की जाती है जो डिजाइन कर सड़क बनायी जाती है, उसमें बरसात में जो पानी नीचे जाता है वह काली मिट्टी में सोख कर सड़क को बेहद कमजोर कर देती है जिससे सड़के जगह जगह टूट जाती है। हालाकि सड़क को मजबूत करने के लिये मिट्टी में कही कही खास प्रकार की सीमेंट मिलायी जाती है मगर वह फिलहाल कारगर साबित नहीं हो पा रही है। काली मिट्टी का रोग सड़कों के लिये कोई नया नहीं है क्योकि जो भी सड़क बनायी जाती है उसकी स्थानीय स्तर पर लैब में मिट्टी की जांच की जाती है। नोनिवि के लैब इंचार्ज नंदकिशोर का कहना है कि इस मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को है इसके निदान के लिये प्रयास किये जा रहे है मगर फिलहाल कोई रास्ता नहीं मिल पा रहा है। तकनीकि टीम इसके लिये रात दिन लगी है, हमीरपुर जिले में कुरारा सुमेरपुर व मौदहा राठ क्षेत्र में सर्वाधिक काली मिट्टी पायी जाती है आरटीओ द्वारा मौरंग भरे ट्रकों में पानी टपकने के लिये हमेशा रोका जाता है। उसका कारण है काली मिट्टी में सडक के द्वारा पानी मिल जाना, बुंदेलखंड में उसका बहुत बड़ा फैक्टर यह भी है कि क्षेत्र में काली मिट्टी में मौरंग भरे ट्रकों से टपटने वाला पानी सीधे मिट्टी में मिल जाता है और काली मिट्टी की जो निर्माण के दौरान के कुटाई की जाती है। वह पूरी तरह फूल जाती है और सड़क कमजोर हो कर फट जाती है। यही कारण है हाईवे में कई स्थान पर सड़कों में नाली टाइप बन जाती है। लोनिवि के अधीक्षण अभियंता सुनील कांत का कहना है कि काली मिट्टी का समस्या है तो उसका निदान खोजा जा रहा है। सड़कें फिलहाल मजबूत ही बनायी जा रही है। इस मामले में लोनिवि के सीडी दो को अधिशासी अभियंता डीपी सिंह वर्मा ने अनभिज्ञता जाहिर की है। वहीं झांसी से स्थानांतरित होकर आये सहायक अभियंता महेंद्र सिंह का कहना है कि यह समस्या पूरे बुंदेलखंड में है ओवरलोड के साथ साथ सड़कों के लिये काली मिट्टी के कारण भी सड़कों की लाइफ कम हो रही है। इसका निदान शीघ्र ही खोजना होगा।

# भूतपूर्व सैनिक सेवा परिषद की इकाई ने विरोध-प्रदर्शन कर बांग्लादेश के राष्ट्रपति का पुतला फूंका

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

हिंदू युवा संगठन व अखिल भारतीय भूतपूर्व सैनिक सेवा परिषद की इकाई द्वारा बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर हो रहे अत्याचार को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान उन्होंने बांग्लादेश का पुतला फूंक राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अभिमन्यु कुमार को दिया।



हिंदू युवा संगठन के अध्यक्ष बृजेश खरे ने बताया कि बांग्लादेश में सत्ता के तख्ता पलट के बाद मुस्लिम कट्टरवादी संगठनों ने हिंदुओं के ऊपर अत्याचार शुरू कर दिए हैं। हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ करने के साथ-साथ बहन बेटियों की आबरू से खिलवाड़ होना शुरू हो गया। जिससे देश का हिंदू काफी आहत व आक्रोशित है। अगर जल्द से जल्द बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा की व्यवस्था नहीं की जाती है तो उनका संगठन सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने को मजबूर होगा। पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद फौजी ने बताया कि सैनिकों को हमेशा समानता की भावना सिकाई जाती है। लेकिन अगर बांग्लादेश में एक तरफा हिंदुओं को निशाना बना उन पर अत्याचार किये जाते हैं तो उनका संगठन भी आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

इस मौके पर पूर्व सैनिकों में उदय प्रताप सिंह जोगिंदर सिंह जानकी प्रसाद यादव सदानंद खरे उदेश कुमार सुनील बाबू तोमर द्रकपाल जी बृजेश कुमार द्विवेदी शिव वरदानी शिवा सिंह रणविजय सिंह राम प्रताप सिंह चौहान भगवान सिंह अखिलेश सिंह संतोष सिंह राजपूत मौजूद रहे।

# बच्चों के बर्थडे पर खर्चा न देने पर पत्नी ने दो मासूमों को जहर देकर खुद किया आत्महत्या का प्रयास

- समय से उपचार मिल पाने से टल गयी बहुत बड़ी अनहोनी

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के सिसोलर गांव में बेटे के बर्थडे पर पति द्वारा रुपया न देने से नाराज महिला ने दोनों मासूम बच्चों सहित जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। समय रहते उपचार मिलने से बडी अनहोनी होने से बच गयी। सिसोलर गांव निवासी चंद्र मोहिनी पत्नी शिवकुमार के बेटे दिव्यांश का बर्थडे आने के चलते गुजरात में कमा रहे अपने पति से रुपया मागा था, जिस पर पति ने वेतन न मिलने की बात कर उससे कुछ रूपयों से काम चलाने की बात कही इस बात पर फोन में दोनों पति.पत्नी की काफी नोंकझोक होने के बाद रविवार की सुबह आक्रोर्षित चंद्र मोहिनी ने घर में रखा जहरीला पदार्थ अपने बेटे दिव्यांश 5 वर्ष व दिव्यांशी ढाई वर्ष को भी खिला खुद भी खा लिया इसकी जानकारी होते ही उसके ससुर पुन्ना ने सभी को गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल मौदहा में भर्ती कराया जहां इलाज के बाद सभी की हालत में सुधार है।



# करमपुर के हमले नहीं भेद पाये रामपुर की मजबूत रक्षापंक्ति को

- रामपुर के गोलकीपर अर्पित को चुना गया मैन आफ द मैच
- दूसरे मुकाबले में विवेक एकेडमी बनारस ने भुसावल महाराष्ट्र को 1-0 से हराया

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे के रहमानिया खेल ग्राउंड में आयोजित मौलाना सलीम मेमोरियल अखिल भारतीय हाकी टूर्नामेंट के तीसरे चरण में चल रहे हाकी टूर्नामेंट में रविवार को ग्राउंड की फेवरेट बन चुकी मेघबरन सिंह हाकी एकेडमी करमपुर और रामपुर की मजबूत टीमों के बीच हुआ। मैंच के पहले मिनट में ही रामपुर ने शानदार गोल दागकर करमपुर को बैकफुट पर ला दिया लेकिन करमपुर ने भी मैंच के छठवें मिनट में ही पहला गोल दागकर मैंच बराबरी पर ला दिया।



करमपुर ने लगातार ताबड़तोड़ हमले और लगातार पेनाल्टी कार्नर का फायदा उठाने की भरपूर कोशिश की लेकिन वह रामपुर की मजबूत रक्षापंक्ति को भेदने में नाकाम रही और रामपुर ने 2.1 के अंतर से मैंच जीत लिया। करमपुर के ताबड़तोड़ हमलों से बचाव के लिए रामपुर के गोलकीपर अर्पित को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं दूसरा मुकाबला भुसावल महाराष्ट्र और विवेक एकेडमी बनारस के बीच खेला गया जिसमें बनारस ने मैच के शुरुआती छणों में ही 6वें मिनट में अपनी टीम का पहला गोल कर मैच में 1.0 से बढ़त बना लीए इसके बाद गोल को बराबर करने के लिए महाराष्ट्र की टीम जद्दोजहद करती रही लेकिन तीसरे क्वार्टर तक एक भी गोल करने में नाकाम रही। वहीं चौथे क्वार्टर के शुरू होते ही दोनों टीमें गोल करने के लिए लड़ती रही लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी इसी तरह विवेक एकेडमी बनारस ने रोमांचक मुकाबले मे भुसावल महाराष्ट्र को 1.0 से हराकर पाइंट टेबल के शिखर पर पहुंच गयी। इस मुकाबले मे मैन ऑफ दी मैच रहे बनारस के कैप्टन सुजीत को मुख्य अतिथि फिरोज़ भाई ने ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष बीतू बादशाह जावेद चौधरी नफीस भाई कासिफ दरोगा कल्लू बाबू अनीस सहित समस्त कमेटी सदस्य उपस्थित रहे।

## दिल्ली में कटे थे सिखों के सिर, राहुल जवाब दें: जेपीएस राठौर

वाराणसी। द्रोणाचार्य ने एकलव्य का अंगूठा काटा था या नहीं ये किसी को नहीं पता पर दिल्ली में सिक्खों के सिर काटे गए थे। ये सबको पता है। पहले राहुल गांधी इसका जवाब दें जो दिल्ली में सिक्खों के सिर काटे गए थे। यहां पर न किसी का सिर काटा जा रहा है न ही अंगूठा। सबको अधिकार दिया जा रहा है। उक्त बातें योगी सरकार में सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने वाराणसी में वाराणसी जिला सहकारिता फेडरेशन के मुख्य द्वार के उद्घाटन के मौके पर कहीं। उन्होंने आगे कहा- राहुल गांधी अपनी चिंता करें। वो बेचैन हैं प्रधानमंत्री बनने के लिए सत्ता पाने के लिए। स्वयं को प्रधानमंत्री बनाने के लिए वो और उनकी माता जी किसी भी स्तर तक गिर सकती हैं। देश को बचाइए ऐसे राहुल गांधियों से। संसद में राहुल गांधी के एकलव्य के रूप में देश को युवाओं को पेश करने पर मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा- द्रोणाचार्य ने एकलव्य का अंगूठा काटा था ये किसी को पता नहीं पर दिल्ली में सिक्खों का सिर काटा गया था। ये सबको पता है। ऐसे में राहुल गांधी पहले इसका जवाब दें। वहीं उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सत्ता और प्रधानमंत्री पद पाने के लिए किसी भी स्तर तक गिर सकते हैं। संभल में डीएम द्वारा मंदिर को खोलकर सामने लाने पर विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा- हमारी इतनी समृद्ध विरासत है कि कंकर-कंकर में शंकर हैं। तो यहां जहां आप जाओगे वहां प्रभु मिल सकते हैं। हमारी चीजें धीरे-धीरे सामने आ रही हैं। हमारा कालखंड बहुत समय गुलामी का रहा है। धीरे-धीरे अहम स्वतंत्रता की हम अंगड़ाई ले रहे हैं तो निश्चित रूप से हम उसके लिए प्रयास कर रहे हैं तो इसके लिए किसी को तकलीफनहीं होनी चाहिए। मायावती द्वारा लखनऊ में वन नेशन-वन इलेक्शन को लेकर समर्थन करने पर उन्होंने कहा- उनका आभार है कि उन्होंने बहुत बड़ा काम किया है।

# निपुण भारत मिशन: उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर कबरई ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी सम्मानित

- महानिदेशक कंचन वर्मा ने खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश यादव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया
- शैक्षणिक गुणवत्ता और कायाकल्प जिले में कबरई ब्लॉक अव्वल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित समस्त शिक्षकों ने बधाई दी

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश शासन और बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा परिषदीय विद्यालयों में संचालित निपुण भारत मिशन कार्यक्रम अंतर्गत जनपद में अपना उत्कृष्ट योगदान देने वाले विकास खंड कबरई के खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश यादव को शनिवार को मरकरी हॉल, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में महानिदेशक कंचन वर्मा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



इस पर जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित सभी शिक्षकों ने बधाई दी। अवनीश यादव के साथ प्रदेश के समस्त जनपदों से चयनित एक एक कुल 75 खंड शिक्षा अधिकारियों को भी सम्मानित किया। यह खबर सुनकर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा है। शैक्षणिक गुणवत्ता, कायाकल्प ओर निपुण लक्ष्य को प्राप्त करने वाले कबरई ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश यादव ने कहा इस कार्य में जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित समस्त शिक्षकों एवं बच्चों सभी का विशेष योगदान ओर सहयोग रहा इसके लिए वह सभी का आभार व्यक्त करते हैं।

# संविधान में सभी को समानता का अधिकार प्राप्त है: सत्यपाल यादव

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे के रामलीला मैदान में रविवार बहुजन एकता मिशन के द्वारा बसोर पासवान समाज महापुरुष महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. बिंदा प्रसाद व विशिष्ट अतिथि चिरंजीलाल रामप्रसाद चन्द्रभान ने महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान विभिन्न वक्ताओं ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए अपने ओजस्वी विचारों को प्रस्तुत किया। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सत्यपाल यादव ने कहा कि देश के माहौल को समझने की जरूरत है। बाबा साहब के संविधान में सभी को बराबरी से जीने का अधिकार है। कहा कि पासवान समाज के लोगों को अपनी मानसिकता बदलनी होगी। उन्हें समाजिक विषमता की भावना का परित्याग भी करना पड़ेगा। तभी समाज का उत्थान संभव हो सकेगा। इस दौरान कुलपहाड़ के निवासी एवं मऊरानीपुर के चिकित्सक डॉ सनत राजपूत ने कहा कि मानवीय व्यवस्था परिवर्तन करने के लिए समाज को एकजुट होना पड़ेगा। कहा कि मानवीय शोषण के विरुद्ध पहला आंदोलन फ्रांस से शुरू हुआ था। कहा कि समाज के उत्थान के लिए अपने बच्चों को तर्कशील और वैज्ञानिक बनाएं। वहीं पूर्व विधायक अनिल अहिरवार ने कहा कि लोगों को जातियों और उपजातियों में विभाजित करके बांट दिया गया है।



इस दौरान मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड निर्वतमान जिलाध्यक्ष दानिश खान, मातादीन पासवान जीतेंद्र सिंह मवई, डॉ हरीशंकर शास्त्री मईयादीन साहू चंद्रकांता सिंह मातादीन पासवान, प्रेमचंद पासवान, डॉ सुल्तान बेग, डॉ कमलेश राजपूत, मैराज राइन आदि मौजूद रहे। संचालन मनीराम पासवान ने किया।

# खेत की रखवाली कर रहे युवक को मारी गोली

- चाचा और चचेरे भाइयों समेत छह पर हमले का आरोप

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में कोतवाली चरखारी के रिवई गांव में जमीन के विवाद में खेत की रखवाली कर रहे युवक को गोली मार दी। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चाचा, चचेरे भाइयों समेत छह पर गोली मारने का आरोप लगा है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

रिवई गांव निवासी सत्येंद्र सिंह (27) का परिवार के ही कुछ लोगों से साढ़े चार बीघा जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार की रात सत्येंद्र खेत की रखवाली कर रहा था। रात करीब 11 बजे छह लोग खेत पहुंच गए। सत्येंद्र सिंह कुछ समझ पाता, इससे पहले आरोपियों ने फायरिंग कर दी।



**पैर में गोली लगने से गिर गया युवक:** गोली की आवाज सुनकर सत्येंद्र जान बचाकर मौके से भागने लगे। तब आरोपियों ने उसका पीछा कर गोली मार दी। पैर में गोली लगने से युवक मौके पर ही गिर गया। तब आरोपी भाग निकले। गोली की आवाज सुन आसपास खेतों में मौजूद किसान दौड़ पड़े और परिजनों को सूचना दी। गंभीर हालत में सत्येंद्र को जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है।

**मुकदमा दर्ज कर की जाएगी कार्रवाई:** घायल ने बताया कि परिवार के लोगों से जमीन को लेकर रंजिश चली आ रही है। इससे पहले भी उसके साथ मारपीट हो चुकी है। उधर, सीओ चरखारी रविकांत गोंड का कहना है कि दो पक्षों में विवाद की जानकारी मिली थी। एक युवक घायल हुआ है। घटना की जांच कराई जा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# चौड़ी होगी सड़क, बिजली खम्भों को हटाने के लिए लगे निशान

**बेलरायां खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

बेलरायां के कलेशहरण चौराहे से कौड़ियाला गुरुद्वारा तक दस किलोमीटर डामर रास्ते का चौड़ीकरण होने का रास्ता साफ हो गया है। इसको लेकर पीडब्ल्यूडी ने तैयारी शुरू कर दी है। कस्बे में सड़क के किनारे लगे बिजली खंभों पर लाल निशान लगाए गए हैं।

कलेशहरण तिराहा से कौड़ियाला गुरुद्वारा तक दस किलोमीटर का यह रास्ता छह वर्ष पहले प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनाया गया था लेकिन डामर रास्ते पर वाहनों का भार अधिक होने के कारण सड़क पर गड्ढे बनते रहे और संबंधित ठेकेदार द्वारा गड्ढे भरे जाते रहे। इस रास्ते को चौड़ा करने के लिए क्षेत्र की जनता काफी दिनों से सरकार से मांग करती आ रही है। कस्बे के व्यापारी पुष्कर बरनवाल, श्याम अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, नरेंद्र सिंह, चंद्र मोहन, उदय वर्मा, बबलू अग्रवाल, कुलदीप अग्रवाल, कंचन वर्मा ने बताया कि 24 घंटे आवागमन के चलते और रास्ता चौड़ा कम होने के कारण हर समय दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है और कई घटनाएं हो भी चुकी हैं।



गुरुद्वारा कौड़ियाला रास्ते के चौड़ीकरण के काम को लेकर बिजली के खम्भों पर लग रहे निशान से व्यापारियों और किसानों में उम्मीदें जगी है। लोगों का कहना है शीघ्र ही इस इलाके का कायाकल्प हो जाने से विकास को गति मिलेगी।लोकनिर्माण विभाग के अवर अभियंता आरके नागर ने बताया कि सड़क के किनारे बिजली के खम्भों को हटाने के लिए चिन्हित किया गया है। मार्ग चौड़ा करने को लेकर फाइल योजना आयोग को गई है। शीघ्र ही मंजूरी मिलने की उम्मीद है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो जल्दी ही चौड़ीकरण का कार्य शुरू होगा।





# उत्तरी सहकारी समिति के संचालन से किसानों को मिलेगी राहत

- क्षेत्रीय किसानों को मिलेगा सरकार की सुविधाओं का लाभ

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम इंदुईयागंज में बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लि. (बीपैक्स) गुरसहायगंज (उत्तरी) का शुभारंभ विधायक पुत्र राहुल रतन पांडेय व भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने फीता काटकर व किसानों को खाद वितरित कर किया। उन्होने कहा कि समिति के संचालन से क्षेत्रीय किसानों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिलेगा।

रविवार को ग्राम इंदुईयागंज में (बीपैक्स) गुरसहायगंज (उत्तरी) का संचालन शुरू हो गया। जिसमें क्षेत्रीय किसानों को खाद वितरित की गई। गुरसहायगंज क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी ने बताया कि समिति के संचालन से लगभग 19 ग्राम पंचायतों के किसानों को लाभ होगा।



फीता काटकर सहकारी समिति का शुभारंभ करते विधायक पुत्र व जिलाध्यक्ष

सचिव गीतेश मोहन द्विवेदी ने बताया कि समिति को 350 बोरी डीएपी की आपूर्ति मिली थी। जिसका वितरण नगद शुरू कर दिया गया है। किसान समिति के खाताधारक बनकर लाभ उठाएं। इस दौरान निदेशक पीसीएफयूपी आनंद किशोर दुबे, अपर जिला सहकारी अधिकारी छिबरामऊ मुनीष गौड़, राजीव ठाकुर, भूमि विकास बैंक अध्यक्ष अशोक वर्मा, सचिव रामनरेश द्विवेदी, पूर्व प्रधान पप्पू ठाकुर, रामऔतार वर्मा, प्रबल प्रताप पाल, सतेन्द्र सिंह, लालाराम पाल, अनूप दुबे आदि मौजूद रहे।

# नगर कमेटी व्यापारी के हितों में कार्य करे : राज शर्मा



जिलाध्यक्ष के साथ मौजूद नव पदाधिकारी

- जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में गठन कर सौंपी जिम्मेदारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के द्वारा व्यापारियों के हित के लिए गठन कर दायित्व सौंपा गया।

रविवार को शहर में जिला महामंत्री के प्रतिष्ठान पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश की बैठक जिला अध्यक्ष राज शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिसमें जिला मंत्री संजीव पांडे, जिला संगठन मंत्री सोनू सिंह के साथ कन्नौज नगर कमेटी की भी घोषणा करते हुए नगर प्रभारी संतोष तिवारी, नगर अध्यक्ष जयेद्र प्रताप सिंह एवं दो नगर महामंत्री सदर शोभित चौरसिया, सरायमीरा से अभय कटियार, नगर कोषाध्यक्ष प्रदीप शर्मा का माल्यार्पण कर दायित्व सौपा गया। जिला अध्यक्ष राज शर्मा ने बताया की नगर कमेटी के द्वारा व्यापारियों के हितों में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल सदैव अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। बताया कि नगर अध्यक्ष को 8 दिन में नगर कमेटी का विस्तार करने के लिए जिला अध्यक्ष राज शर्मा के द्वारा निर्देश दिए। बैठक में रामजी सिसोदिया, आदेश नारायण सक्सेना, विकास गुप्ता, शिवम दुबे, अरुण तिवारी, अभिषेक दुबे, सुनील शुक्ला, मोहम्मद आसिफ, आनंद कनौजिया, आलोक गुप्ता सहित नगर के व्यापारीगण मौजूद रहे।

# निरंकार से परमात्मा की अनुभूति कराता है सदगुरू

- संत निरंकारी सत्संग का नगर में हुआ आयोजन

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को संत निरंकारी सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें महात्मा देवेंद्र ने कहा कि सतगुरु माता सुदीक्षा सविंदर हरदेव महाराज निरंतर यही प्रयास कर रही है कि हर मानव सुखी और खुशहाल हो। तो इसके लिए सद्गुरु माता ब्रह्म ज्ञान की अनुभूति कराकर मनुष्य को सुख के साथ जोड़ रही है। कहती हैं आओ रब के दर्शन कर लो पैगाम है, सब इंसानों को।

सभी इंसानों को इस निरंकार साथ जोडक़र इनका नाता मजबूत कर रही है। भक्ति मनुष्य को मनुष्य से प्यार करने की शिक्षा देती है। क्योंकि बिना प्रेम के भक्ति हो ही नहीं सकती। जब तक जीवन में प्रेम का समावेश नहीं होता है। तब तक भक्ति जीवन में अंकुरित नहीं होती है।



सत्संग में मौजूद सत्संगी व इनसेट में महात्मा देवेन्द्र कुमार

उन्होने आगे कहा कि जीवन में प्रेम का होना बहुत आवश्यक है। हर मनुष्य एक दूसरे से प्यार करें। प्रीत करें मिलजुल कर रहे। तब मनुष्य परमात्मा की अनुभूति और इसकी भक्ति का पूर्ण आनंद प्राप्त कर पाता है। संसार में सद्गुरु ही है। जो मानव का कल्याण कर सकता है। क्योंकि ईश्वर के ज्ञान के बिना मानव का कल्याण नहीं हो सकता है। जब सतगुरु इस निरंकार का ज्ञान कराता है। इसकी पहचान कराता है। तब यह आत्मा और परमात्मा का मिलन हो पाता है। तब यह आत्मा अपने आप में संतुष्ट होती है। यहीं से फिर भक्ति की शुरुआत होती है। जब मनुष्य के जीवन में भक्ति का समावेश हो जाता है। तो वह मनुष्य सभी के भले की कामना करने लगता है। सत्संग में अशोक, शिवा, ईश्वर दयाल, रामकरण, रामावतार, शिवम, रामकरण, मुन्नी देवी, पारुल, सुनीता, सेजल, पूनम, काजल, राजेश्वरी, सुनीता, रेखा, मिथिलेश आदि सत्संगी मौजूद रहे।

## ठेली लगाने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** ठेली लगाने को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज के बाद जमकर मारपीट हुई। जिसमें दोनों से चार लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। नगर के मोहल्ला गांधी नगर निवासी अरशद पुत्र रियाज ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि रविवार की दोपहर करीब 01 बजे उसके मोहल्ले के 02 लोगों ने बेवजह उसके साथ अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया साथ ही जान से मारने की धमकी दी तथा बीच बचाव में आई उसकी बहन हुमा से भी मारपीट की। वहीं दूसरे पक्ष के नसीम खां ने बताया कि की रविवार की दोपहर करीब 12 बजे पड़ोस में लग रही बिरियानी की ठेली को रास्ते में न लगाने की बात कही। तभी मोहल्ले के 04 लोग आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और बीच बचाव में आए उसके भतीजे लाल मोहम्मद से भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सड़क पार कर रहे ग्रामीण को टैम्पो ने रौंदा, मौत

- तिर्वा-कन्नौज मार्ग पर नजरापुर गांव के सामने हुआ हादसा
- पुत्री के घर आया था ग्रामीण, वापस जाते समय हुई घटना

**समृद्धि न्यूज, संवाददाता।**



मेडिकल कॉलेज में रोते-बिलखते मृतक के परिजन

**तिर्वा।** कोतवाली क्षेत्र के नजरापुर गांव के सामने शनिवार की देर शाम सड़क पार कर रहे एक ग्रामीण को टैम्पो चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हरदोई जनपद के बिलग्राम थाना क्षेत्र के जहांगीरपुर गांव निवासी सर्वेश कुमार (45) पुत्र रामबक्श शनिवार को अपनी पुत्री के घर नजरापुर गांव आए थे। देर शाम तिर्वा-कन्नौज मार्ग पर गांव के सामने सड़क पार कर रहे थे। उसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे एक टैम्पो ने उनके जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद टैम्पो चालक मौके से भाग निकला। हादसे को देख आसपास के लोगों ने एम्बुलेंस व कोतवाली पुलिस को सूचना दी। एम्बुलेंस की मदद से घायल ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। यहां रविवार की सुबह ग्रामीण ने दम तोड़ दिया। सूचना पर परिजन भी मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। बाद में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

# शहर के बोर्डिंग ग्राउंड में फुटबॉल खेल के प्रशिक्षण की कवायद शुरू

- मंत्री असीम अरुण ने खेलो इंडिया अभियान की तर्ज पर खेलेगा कन्नौज, दौड़ेगा कन्नौज के तहत फुटबॉल खेल के मुहिम की शुरुआत की

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण की पहल पर जनपद के फुटबॉल खेल प्रेमी युवाओं को फुटबॉल खेल के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

मंत्री असीम अरुण ने खेलो इंडिया अभियान की तर्ज पर खेलेगा कन्नौज-दौड़ेगा कन्नौज के तहत फुटबॉल खेल की एक मुहिम की शुरुआत की है। इस मुहिम के तहत हाल ही में 5 दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया था। आयोजन में विभिन्न विद्यालयों की 35 टीमों ने प्रतिभाग किया था। इस फुटबॉल टूर्नामेंट के दौरान मंत्री ने विभिन्न खेलो के प्रशिक्षण दिलाने की बात कही थी। जिसके अन्तर्गत बोर्डिंग ग्राउंड में फुटबॉल खेल के प्रशिक्षण हेतु कवायद शुरू कर दी गई है। मंत्री ने कहा है कि इस मुहिम का उद्देश्य है। कि जनपद के युवा अपनी- अपनी प्रतिभाओं को पहचाने और देश व प्रदेश में कीर्तिमान हासिल करने का सुनहरा अवसर प्राप्त करें। युवा अपने खेल को और निखार सके जिसके लिए 4 दिसम्बर से बोर्डिंग ग्राउंड पर फुटबॉल एकेडमी की शुरुआत की गई है। जिसमें फुटबॉल का प्रशिक्षण प्रतिदिन शाम 4 से 6 बजे तक दिया जा रहा है। जिसमें 70 से 75 बालक व बालिका प्रतिदिन प्रशिक्षण भी ले रहे है। फुटबॉल का प्रशिक्षण देने के लिए केरल के कोच अभिजीत, जॉन वास्को, श्रावण कुमार, अभिषेक दुबे के मार्गदर्शन में उत्साहपूर्ण वातावरण में खिलाडियों को फुटबॉल का अभ्यास एवं कौशल को कुशलता से प्रशिक्षित किया जा रहा है। मंत्री असीम अरुण ने तिर्वा क्रॉसिंग स्थित फ्लाईओवर के नीचे हो रहा इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कहा कि इंटरलॉकिंग कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए कार्य की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। इंटर लाकिंग की ईंट सीधी लगाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि फ्लाईओवर के पिलर और दीवारों पर स्वछता सम्बन्धित थीम पर आधारित पेंटिंग की कराई जाए तथा रोशनी के लिए लाइटे लगाई जाए।



बोर्डिंग ग्राउंड में प्रशिक्षण प्राप्त करते बालक व बालिकाएं

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने अभियुक्ता को किया गिरफ्तार



**छिबरामऊ, सकरावा कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के मार्गदर्शन में एवं क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अभियान NBW निस्तारण के क्रम में थाना सकरावा पुलिस द्वारा वारण्टी/अभियुक्ता लीलावती पत्नी स्व0 ओमप्रकाश निवासी ग्राम पट्टी हसेरन थाना इन्दरगढ़ को पालन अड्डा के पास थाना क्षेत्र सकरावा जनपद कन्नौज से गिरफ्तार किया गया ।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म करने बाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना तिर्वा क्षेत्र के एक ग्रामीण ने शिव कुमार उर्फ गुड्डन पुत्र लज्जाराम निवासी- ग्राम गपचरियापुर नाबालिग लड़की के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करना व उसको जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में 9 दिसम्बर को मुकदमा पंजीकृत कराया था। प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने नाबालिग लडकी के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त शिव कुमार को गपचरियापुर मोड बेला रोड से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया।

### संवाद कौशल बढ़ाने के लिये 21 से तीन दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** आईआईटी खड़गपुर गोपाली यूथ बेलफेयर सोसाइटी के माध्यम से समग्र परिणामों के लिए संवाद में सुधार कार्यक्रम के तहत छात्रों के लिए संवाद कौशल को बढ़ाने के लिए तीन दिवसीय ऑनलाइन मुफ्त कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। ताकि वह किसी भी स्थिति में प्रभावी और आत्मविश्वास के साथ संवाद कर सकें। यह कार्यशाला 21 से 31 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम सहयोगी मधुश्री ने बताया कि कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा निर्देशित सत्र, संवाद तकनीकों का व्यावहारिक अनुप्रयोग और इंटरएक्टिव अभ्यास शामिल होंगे। प्रतिभागी प्रभावशाली संवाद के प्रमुख पहलुओं जैसे भाषण प्रस्तुतिकरण, स्वर के उतार-चढ़ाव, शारीरिक भाषा और प्रभावी भाषण लिखने की कला पर ध्यान केंद्रित करेंगे। समापन पर एक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र के साथ ही सम्मानित भी किया जाएगा एवं गिफ्ट वाउचर्स प्रदान किए जाएंगे। इच्छुक प्रतिभागी ऑनलाइन पंजीकरण कर इस कार्यशाला में भाग ले सकते हैं।

### टीबी मरीजों को पोषण पोटली का वितरण कर लिया हालचाल

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के महामहिम राज्यपाल के निर्देशानुसार अध्यक्ष, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय भारतीय रेडक्रास सोसाइटी जनपद जालौन के निर्देशानुसार प्रत्येक प्रबन्धकारिणी के सदस्यों को 5-5 टीबी मरीज गोद लेकर पोषण पोटली बांटने का आदेश दिया था। उसी क्रम में प्रबंधकारिणी सदस्य संजय गुप्ता ब्यूरो प्रभारी डीडी न्यूज ने 5 टीबी के मरीज गोद लेकर जिला क्षय रोग अस्पताल उरई में बुलाकर पोषण पोटली वितरित कर उनका हाल-चाल पूंछकर उन्हें जल्दी स्वस्थ होने की कामना की। उनके साथ रेडक्रास सोसाइटी जालौन के चेयरमैन डा. नरेश कुमार वर्मा और जिला क्षय रोग अस्तपाल उरई के राजीव उपाध्याय वरिष्ठ उपचार टीबी, संजय अग्रवाल, नूरूल उदा एवं हरी सिंह वर्मा आजीवन सदस्य उपस्थित रहे। पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम प्रत्येक माह रेडक्रास सोसाइटी जनपद जालौन उरई द्वारा चलता रहेगा जिससे जालौन जिला टीबी रोग से मुक्त हो सके। इसी क्रम में आज प्रवीण इटौदिया बजाज एलाइंस ने आजीवन सदस्यता ग्रहण कर कार्यक्रम में भागीदारी ली और काफी उत्साहित रहे। रेडक्रास चेयरमेन ने उन्हें बधाई दी।

# नियमों की अनदेखी करने वालों पर टीएसआई ने की कार्रवाई

- तीन प्राइवेट बसों सहित आदि वाहनों के काटे चालान

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस लगातार अभियान चला रही है। नियमों के प्रति जागरुक करते हुए चालान की कार्रवाई भी कर रही है।

रविवार को शहर सहित कस्वा ठठिया में निरीक्षक यातायात अरशद अली ने जगह- जगह चेकिंग का अभियान चलाया। अभियान के दौरान यातायात के नियमों की अनदेखी करते हुए 03 प्राइवेट बसों सहित अन्य प्रकार के कई वाहनों के जहां चालान किए। वहीं पुलिस ने जगह- जगह वाहन चालकों एवं जन सामान्य को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाएं रखने के उद्देश्य से यातायात पुलिस चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुये कई वाहनों का चालान किया। साथ ही प्राइवेट बसों को भी चेककर टीएसआई अरशद अली ने बिना फिटनेस प्रपत्र से सड़क पर फ़र्राटे से दौड़ रही। एक जेएसए टेंपो को सीज कर कोतवाली ठठिया में खड़ा कराया। यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। इस दौरान मुख्य आरक्षी प्रमोद कुमार, विजय बाबू, आरक्षी यातायात अंकुर सहित आदि रहे।



ब्रेथ एनालाइजर से चालक की जांच करते टीएसआई अरशद अली

# आलू, आम व शाकभाजी की फसलों को समसामयिक रोगों से बचाएं

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिला उद्यान अधिकारी सी पी अवस्थी ने बताया कि जनपद में आलू, आम एवं शाकभाजी फसलों के गुणवत्तायुक्त उत्पादन हेतु सम-सामयिक महत्व के रोगों, व्याधियों को समय से नियंत्रण किया जाना आवश्यक है। मौसम विभाग द्वारा तापमान में गिरावट व कोहरा की सम्भावना व्यक्त की गयी है। वातावरण में तापमान में गिरावट एवं बूंदा-बांदी की स्थिति में आलू की फसल पिछेती झुलसा रोग के प्रति अत्यन्त संवेदनशील है। प्रतिकूल मौसम विशेषकर बदलीयुक्त बूंदा-बांदी एवं नम वातावरण में झुलसा रोग का प्रकोप बहुत तेजी से फैलता है तथा फसल को भारी क्षति पहुँचती है। पिछेती झुलसा रोग के प्रकोप से पत्तियां सिरे से झुलसना प्रारम्भ होती है, जो तीव्र गति से फैलती है।

पत्तियों पर भूरे काले रंग के जलीय धब्बे बनते है तथा पत्तियों की निचली सतह पर रूई की तरह फफूंद दिखाई देती है। बदलीयुक्त 80 प्रतिशत से अधिक आर्द्र वातावरण एवं 10-20 डिग्री तापक्रम में इस रोग का प्रकोप बहुत तेजी से होता है और 2 से 4 दिनों के अन्दर सम्पूर्ण फसल नष्ट हो जाती है।

आलू की फसल को पिछेती झुलसा रोग से बचाने के लिए फफूंदीनाशक मैन्कोजेब अथवा प्रोपीनेब 2-2.5 किलोग्राम का 800 से 1000 ली0 पानी में घोल बनाकर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें। माहू कीट के प्रकोप की स्थिति में नियंत्रण के लिये दूसरे छिड़काव में फफूँदीनाशक के साथ कीटनाशक जैसे इमिडाक्लोप्रिड 17.1 प्रतिशत एस0एल0 1.0 लीटर, 800 से 1000 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करना चाहिये। जिन खेतों में पिछेती झुलसा रोग का प्रकोप हो गया है तो ऐसी स्थिति में डाईमेथोमार्फ 1.0 ग्राम मैन्कोजेब का 2.0 ग्राम (कुल मिश्रण 0.3 प्रतिशत, अर्थात 3 ग्राम प्रति लीटर पानी) या साइमोक्सानिल मैन्कोजेब दवा का 3 ग्राम प्रति लीटर घोल बनाकर छिड़काव करें। आवश्यकतानुसार उपरोक्त फंफूदनाशकों का पुनः 7 से 10 दिन के अन्तराल पर छिड़काव दोहरायें।

### फसल को पाले से बचायें

वातावरण में पाला पड़ने के कारण सब्जियां यथा मिर्च, टमाटर, मटर आदि फसलों पर भी कम तापमान एवं कोहरा, पाला एवं बूंदाबांदी से भारी नुकसान पहुँचता है। ऐसी स्थिति में किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि फसल को पाले से बचायें तथा आवश्यकतानुसार फसलों में नमी बनाये रखने हेतु समय-समय पर सिंचाई की जाये।

### कीटनाशकों के प्रयोग से बरती जाने वाली सावधानियां

कीटनाशक के डिब्बों को बच्चो व जानवरों की पहुँच से दूर रखना चाहिये। कीटनाशक का छिड़काव करते समय हाथों में दस्ताने, मुँह को मास्क व आंखों को चश्मा पहनकर ढक लेना चाहिये, जिससे कीटनाशी त्वचा व आंखों में न जाये। कीटनाशक का छिड़काव शाम के समय जब हवा का वेग अधिक न हो तब करना चाहिये अथवा हवा चलने की विपरीत दिशा में खड़े होकर करना चाहिये। कीटनाशक के खाली पाउच / डिब्बों को मिट्टी में दबा देना चाहिये।

# मुफ्त नेत्र चिकित्सा शिविर में उमड़ी मरीजों की भीड़

- सरस्वती शिशु मंदिर तिर्वा में शंकरा नेत्र चिकित्सालय कानपुर के तत्वाधान में आयोजित हुआ नेत्र शिविर
- शिविर में 268 मरीजों का हुआ पंजीकरण, 116 ऑपरेशन के लिए भेजे गए कानपुर

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को मुफ्त नेत्र चिकित्सा शिविर के द्वितीय चरण का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रो.डॉ.बीकेडी पात्रो व प्रो. आकाश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप पृज्जवलन कर किया। शिविर में 268 मरीजों का पंजीकरण किया गया। जिसमें 116 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर कानपुर के शंकरा नेत्र चिकित्सालय में भेजा गया।



नेत्र शिविर में आए मरीजों का पंजीकरण करते स्वास्थ्य कर्मी

श्री राम मोहन लाल गहोई की पुण्य स्मृति में मुफ्त नेत्र शिविर के द्वितीय चरण का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रो.डॉ.बीकेडी पात्रो ने कहा कि मनुष्य के जीवन में आंखो का बहुत महत्व है। हम सभी को बेहतर ढ़ंग से अपनी आंखो की देखभाल करना चाहिए। कोई भी समस्या आने पर तत्काल नेत्र चिकित्सक के पास जाकर आंखो की जांच करानी चाहिए। शिविर के दौरान शंकरा नेत्र चिकित्सालय कानपुर की डॉ.मेघा, अनुष्का, सुमन, शबीना, सुष्मिता, संध प्रिय वर्मा, हिमांशू की टीम द्वारा शिविर में आए मरीजों का परीक्षण किया गया। जिसमें 268 मरीजों की जांच की गई। इसमें 116 मरीजों को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। सभी मरीजों को ऑपरेशन के लिए शंकरा नेत्र चिकित्सालय में भेज दिया गया। इस मौके पर आयोजक अंशुल गुप्ता ने आए सभी गणमान्य लोगों को धन्यवाद दिया। शिविर में हसेरन के पूर्व ब्लाक प्रमुख दिगम्बर सिंह यादव, राजेश गुप्ता, ओम प्रकाश यादव, सागर सिंह यादव, हरस्वरूप गुप्ता, रमेश चन्द्र गुप्ता, सभासद सतेन्द्र कुशवाहा, अवनीश कुमार, अंशू गुप्ता व प्रदीप यादव मौजूद रहे।

# बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक समस्या : डॉ. शुचिता चतुर्वेदी

- बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी : जयति
- अनुरागिनी संस्था की बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता पहल

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** अनुरागिनी संस्था द्वारा जनपद के छौंक कालपी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में जिला प्रशासन के सहयोग से बाल विवाह निषेध जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ. शुचिता चतुर्वेदी एवं यूपीसीएलडीएफकी वाइस चेयरमैन जयति श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ. शुचिता चतुर्वेदी ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जो न केवल बच्चों के भविष्य को अंधकारमय बनाती है, बल्कि उनके शारीरिक और मानसिक विकास में बाधा उत्पन्न करती है। हमें अपने बच्चों को शिक्षित और जागरूक बनाकर इस कुप्रथा को समाप्त करना होगा। जागरूकता ही परिवर्तन की पहली सीढ़ी है। यूपीसीएलडीएफ की वाइस चेयरमैन जयति श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में व्याप्त बाल विवाह की कुप्रथा को समाप्त करने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। हेल्पलाइन नंबर और सरकारी योजनाओं की जानकारी हर बच्चे और अभिभावक तक पहुंचाई जानी चाहिए। कार्यक्रम में दीपा, रीमा, रिया, साम्य, सेजल, मानसी, प्रांजल, दिव्यांशी एवं मोहिनी ने एक लघु नाटक के माध्यम से बाल विवाह के दुष्प्रभावों को उजागर किया और बच्चों को बाल विवाह रोकने के लिए हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। साथ ही, बालिकाओं को गुड टच और बैड टच के प्रति जागरूक किया गया, ताकि वे अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें। अनुरागिनी संस्था के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह ने कहा, बाल विवाह न केवल बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि यह उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और आत्मनिर्भरता पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि बच्चे सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण में अपना विकास कर सकें। अनुरागिनी संस्था इस दिशा में हर संभव प्रयास कर रही है और करती रहेगी।



बाल विवाह के विरुद्ध नुक्कड़ नाटक का मंचन करती छात्रायें

# भाकिए की बैठक में छाई रहीं किसानों की समस्याएं

**सबसे ज्यादा समस्याएं कायमगंज चीनी मिली से संबंधित**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय कृषक एसोसिएशन की पंचायत बिंदु सिंह गंगवार के आवास गणेश प्रसाद स्ट्रीट चम्मचा वाली गली में अमरीश शुक्ला की अध्यक्षता में हुई। पंचायत का संचालन रामलाल गुप्ता द्वारा किया गया।

आज की पंचायत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कस्बा कायमगंज की चीनी मिल का नवीनीकरण व पेराई क्षमता का विस्तार किया जाए। बार-बार चीनी मिल बंद हो जाने से किसानों का कीमती समय बर्बाद होता है। किसानों का गन्ना सूख जाता है। मिल बंद होने से किसानों को ठंड के मौसम में परेशानी होती है।



बैठक के दौरान मौजूद किसान नेता

वर्तमान में कायमगंज एसडीएम, तहसीलदार बिना सुविधा शुल्क लिए काम नहीं करता, तमाम फाइलें पेंडिंग में पड़ी हैं। कच्ची मेड़बंदी का आदेश हो जाने पर पक्की मेड़बंदी वर्षों तक नहीं होती है। लेखपालों के चक्कर लगाना पड़ता है। कायमगंज एसडीएम व तहसीलदार, लेखपाल को तत्काल हटाया जाए व ग्राम भगौतीपुर मामले में गलत विवेचना करने व अभियुक्तों को जेल से रिहा करने में सहयोग करने के कारण प्रभारी निरीक्षक रामऔतार को तत्काल हटाया जाए।

रामनगरिया मेले में किसान जोड़ो अभियान चलाया जाएगा। आज की पंचायत में अर्चना त्रिवेदी प्रदेश महासचिव, रामकांती जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, रामवीर सिंह भगौतीपुर कानपुर मंडल महासचिव, रामवीर पाल प्रदेश उपाध्यक्ष, आशुतोष त्रिवेदी जिला महासचिव, निशांत त्रिवेदी को नवनियुक्त पदाधिकारी मनोनीत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा समीक्षा बैठक में गंगासागर जाने के लिए सभी सदस्यों को अपना नाम अंकित करा देने के लिए कहा गया।

इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे, प्रदेश अध्यक्ष रामलाल गुप्ता, प्रदेश महासचिव मुन्नालाल सक्सेना, प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ बिंदु सिंह गंगवार, राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमरीश शुक्ला, अर्चना त्रिवेदी प्रदेश महासचिव महिला प्रकोष्ठ, प्रताप सिंह गंगवार प्रदेश संगठन सचिव, जिलाध्यक्ष शीलचंद्र, कानपुर मंडल महासचिव रामवीर जाटव, जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ उमाकांती आदि मौजूद रहे।

# ठेकेदार की पत्नी के साथ हजारों की टप्पेबाजी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ठेकेदार की पत्नी के साथ सरेराह टप्पेबाज उनके पास से नकदी व जेवरात तथा मोबाइल लेकर चंपत हो गये।

जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के ग्राम नरायनपुर निवासी उमेश चन्द्र राजपूत आरईएस विभाग में पूर्व में ठेकेदारी करते थे। उनकी पत्नी गीता देवी घर से बाजार जाने के लिए निकलीं। वह जैसे ही गाँव से निकल कर इटावा-बरेली हाईवे पर चढ़ीं तो उन्हें एक टप्पेबाज मिला। उसने कहा की तुम्हारे घर में परेशानी चल रही है। गीता देवी को बातों के जाल में फंसा लिया। कुछ दूर बाद रिलायंस पम्प के निकट बेबर रोड पर टप्पेबाज का दूसरा साथी भी मिला। दोनों ने मिलकर गीता देवी को अपने जाल में फंसा लिया और कहा कि उनके परिवार में समस्या चल रही है।



पुलिस को घटना की जानकारी देती पीड़ित महिला

लिहाजा वह अपने कानों के कुंडल व गले की चेन भी निकाल दें। महिला गीता देवी टप्पेबाजों की बात में आ गयी। जिससे टप्पेबाजों ने महिला को बेबर रोड पर दस कदम चलने को कहा। जब महिला दस कदम चलकर वापस लौटी तो टप्पेबाज गायब थे। टप्पेबाज महिला के कुंडल, चेन, मोबाइल व कुछ रूपये भी लेकर फरार हो गये। सूचना मिलने पर कोतवाल सत्यप्रकाश, सेंट्रल जेल चौकी प्रभारी प्रशांत कुमार आदि मौके पर पहुंचे। उन्होंने तहकीकात की। कोतवाल फतेहगढ़ सत्यप्रकाश ने बताया कि जांच की जा रही है। जाँच के बाद कार्यवाही होगी।

# वन दरोगा व पुलिस के संरक्षण में लकड़ी माफिया ने हरे आम के पेड़ काटे

**पुलिस व वनाधिकारियों की छत्रछाया में पनप रहा लकड़ी कटान का गोरखधंधा**

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

इसे वन्य अधिकारियों व थाना पुलिस की मिलीभगत कहा जाए तो ज्यादा बेहतर होगा, क्योंकि शमशाबाद क्षेत्र में लकड़ी माफिया एक लंबे समय से सक्रिय हैं और शहर के अलावा ग्रामीण इलाकों में हरे भरे वृक्षों को काटकर अच्छी खासी कमाई कर रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है की लकड़ी माफिया जो कभी रात के अंधेरे में हरे भरे वृक्षों को कटवाकर दिन का उजाला होने से पहले ट्रैक्टर ट्रालियों के सहारे ठिकाने लगवा दिया करते थे आजकल वही लकड़ी माफिया बेखौफ हो गए हैं और दिनदहाड़े लकड़ी के अवैध कटान को अंजाम देने लगे हैं। इसका उदाहरण भी विकासखंड शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम अरियारा से चिलसरी जाने वाले मार्ग पर बंबे की पुलिया के पास देखने को मिला। बताते हैं यहां लगभग 12 आम के पेड़ थे जिसे लकड़ी माफिया लालू व उसके साथी एक अन्य लकड़ी माफिया जो बरझाला निवासी बताया गया है के द्वारा कटवाकर ठिकाने लगवा दिया गया है और कटी हुई जड़ों पर मिट्टी डालकर उन्हें कब काटा गया है ये भी लकड़ी माफियाओं द्वारा छिपाने का कार्य किया गया है।



आम के काटे गये पेड़

बताते हैं जब ग्रामीणों को इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने इसकी सूचना कुछ समाचार प्रतिनिधियों को दी। जिस पर मौके पर देखा गया तो वहां 12 आम के पेड़ कटे हुए मिले। शमशाबाद क्षेत्र में एक लंबे समय से हरे भरे वृक्षों को बेखौफ होकर लकड़ी माफिया द्वारा कटवाये जाने का कार्य जारी है। अफसोस इस ओर पुलिस तथा वन विभाग दोनों ही निष्क्रिय नजर आ रहे है।

यही कारण है बुलंद हौसलों के साथ लकड़ी माफिया दिन के उजाले में इस अवैध कार्य को अंजाम दे रहे हैं। जो एक चिंता का विषय है। सूत्रों के अनुसार एक लकड़ी माफिया ने बताया कि हम लोग लकड़ी काटते हैं उसमें वन विभाग व पुलिस मेरा सहयोग करती है। इसके ऐवज में हम उनको 40 परसेंट देते हैं।

# हजरत शेख मखदूम के 700वें उर्स पर नातिया मुशायरे का हुआ आयोजन

**मुल्क के अमनो अमान और भाईचारे के लिए दुआयें खैर की**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फर्रुखाबाद की ऐतिहासिक दरगाह दरगाहे मखदूम मियां शेखपुर में बाद नमाजे इंशा रात 9 बजे हजरत शेख मखदूम का 700वां उर्से मखदूम के मौके पर नातिया मुशायरा हुआ। मुशायरे का संचालन मौलाना शाहिद रजा ने किया और मौलाना तन्जीफ रजा व मौलाना कारी ज्याउल कमर साहब ने सूफिया कराम के किरदार पर रोशनी डालते हुए हजरत शेख मखदूम के इतिहास और जीवन शैली पर प्रकाश डाला। मुशायरे में इसराईल रागिब, कमरुज्जमा, वारिस रजा, साहिबे आलम आजमी, तनवीर खानखाही, शायर लतीफ शेखपुरी ने बेहतरीन कलाम पेश किये। मौलाना मुवीन नूरी, हाफिज खुर्शीद आलम रजवी ने व्यवस्थायें देखीं और सुबह 4 बजे सज्जादानशीन का काफिला अपने लाव लश्कर के साथ दरगाहे मखदूमियाँ से हजरत शेख मखदूम चिल्लाहगाह भोजपुर को रवाना हुआ। भोजपुर चिल्लागाह में सज्जादानशीन अजीजुल हक गालिब मियां ने नमाजे फजिर अदा की और मुल्क के अमनो अमान और भाईचारे के लिए दुआयें खैर कीं। यह जानकारी मीडिया प्रभारी मोहसिन शमशी ने दी।



नातिया मुशायरे में मौजूद मौलाना व शायर आदि

**ठन्ड का कहर**

# निमोनिया से तीन वर्ष की बच्ची की मौत



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** ठंड अपना असर दिखाने लगी है। निमोनिया की चपेट में आकर तीन वर्षीय बच्ची की मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव कुआँखेड़ा दोषपुर निवासी स्वारधिका उम्र 3 वर्षीय पुत्री विनोद कुमार को निमोनिया की चपेट में आने पर उसका प्राइवेट डाक्टर के यहाँ उपचार चल रहा था। आज उसकी अचानक हालत बिगड़ने लगी। जिस पर परिजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहॉ डाक्टर विपिन कुमार ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौसम में बदलाव से इन दिनों बढ़ते प्रदूषण और सर्दी के कारण बच्चे निमोनिया की चपेट में आ रहे हैं। ऐसे मौसम में बच्चों को बचाकर रखें। चिकित्सा प्रभारी डा0 शोभित शाक्य ने बताया की निमोनिया से बचने का सबसे अधिक और वेस्ट तरीका है टीकाकरण। न्यूमोकॉकल वैक्सीन पीसीवी 13 हिमो फिसल इन्फ्लूएजा टाइप वी यह वैक्सीन आपको वैक्टेरियल निमोनिया से बचा सकती है। इसके साथ ही हैडवॉस से नियमित रूप से कई बार हाथों को धोते रहें। निमोनिया संक्रमित लोगों की ड्रॉपलेट से फैलता है। इसलिए आप ऐसे लोगों से फेस टू फेस संपर्क न करें। खाँसते और छींकते समय मुंह को ढक लेना चाहिए। इससे आप खुद को संक्रमित होने से बचा सकते हैं। निमोनिया के लक्षण छाती में दर्द खासकर जब आप सांस लेते हैं या खांसते है। कफ या बलगम पैदा करने वाली खाँसी बलगम पीले हरे यहाँ तक कि खून के रंग जैसे अलग अलग हो सकता है। अत्यधिक थकान भूख मे कमी बुखार पसीना और ठंड लगना, जी मचलाना और उल्टी करना वायरस के कारण होता है।

# शौचालयों में जड़ा ताला, केयरटेकर का हर माह निकल रहा वेतन



गिलौंदा में बंद पड़ा सामुदायिक शौचालय

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सरकारी धन का दुरुपयोग करने से सरकार के ही नुमाइंदे बाज नहीं आ रहे हैं। केयरटेकर के नाम पर हर माह ग्राम पंचायत की निधि से 9000 रुपए निकल जाते हैं।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुरार के मजरा गिलौंदा में लाखों रुपये खर्च कर सामुदायिक शौचालय बनवाया गया था। जिससे ग्रामीण जनता को शौच के लिए बाहर न जाना पड़ा। सरकार ने शौचालय को संचालित करने के लिए केयरटेकर को भर्ती के लिए सचिव तथा प्रधान को जिम्मेदारी थी। ताकि शौचालय की साफ-सफाई बेहतर ढंग से होती रही। जिस पर 9000 का मानदेय तय किया गया था। ग्राम पंचायत निधि से कोई काम हो या ना हो लेकिन सरकार का सीधा आदेश है कि केयरटेकर को परेशान नहीं किया जाएगा और उसका मानदेय प्रतिमाह निकाला जाता है, लेकिन मानदेय ग्राम पंचायत के निधि से निकाल दिया जाता है। वहीं केयरटेकर कोई भी धरातल पर काम करने को तैयार नहीं है। ग्राम पंचायत में कहीं ग्राम प्रधान के करीबी तथा कहीं ग्राम पंचायत से जुड़े असरदार लोगों की नियुक्ति की गई है। केयरटेकर कभी भी शौचालय खोलने या साफ करने नहीं जाते हैं, लेकिन उनका मानदेय हर माह निकल जाता है।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 125 मरीजों की जांच कर दी गयीं दवाइयां

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन उप स्वास्थ्य केंद्र अमृतपुर में डॉक्टर गौरव वर्मा की निगरानी में किया गया। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सहयोग की भूमिका निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। निःशुल्क दवाइयों के वितरण में आज 125 मरीजों को देखा गया। टाइफाइड के 10 मरीजो की जांच की गई। मलेरिया जांच में 13 मरीजों को देखा गया। शुगर के 16 मरीजों के साथ हामोग्लोविन के 5 मरीज व बलगम के 6 मरीजों की जांच की गई। इस दौरान अधिकतर मरीज सर्दी, जुखाम, बुखार, खांसी व चर्म रोग संबंधित पाए गए। छोटे बच्चों में सर्दी व डायरिया की शिकायत थी। कई मरीज ऐसे थे जिन्हें गैस के कारण पेट में दर्द का एहसास हो रहा था। डॉक्टर द्वारा जांच के उपरांत सभी मरीजों को जरूरत के अनुसार दवाइयां दी गईं। छोटे बच्चों को सीरप उपलब्ध कराए गए। इस समय मौसम बदलने के उपरांत सर्दी, जुकाम, खांसी, इंफेक्शन आदि के मरीजों की संख्या बढ़ी है। दूरदराज कटरी क्षेत्र जिसमें ग्राम मंझा, कुड़री, करनपुर घाट, बनारसीपुर, हमीरपुर परतापुर, दौलतियापुर, अमृतपुर, नगला हुषा, करनपुर दत्त, बलीपट्टी, हुसेनपुर, तौफीक आदि गांवों के मरीज बहुतायत संख्या में पहुँचे। बदलते मौसम के चलते मरीजों की संख्या ज्यादा देखी गयी। सुबह 8 बजे से चली ओपीडी दोपहर 2 बजे के बाद तक चलती रही। जिसमें मरीजों को निःशुल्क दवाइयां दी गईं। रामा, सुखीया, राजरानी, बिटोली, रामवती, रामबेटी, सुनीता, राकेश, केतकी, राखी, विमला, विजय आदि लोगों ने बताया कि अस्पताल में समय से रोग के अनुसार दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन दवाइयों के सहारे से उनकी बीमारियां धीरे-धीरे कम होने लगी हैं। डॉक्टर गौरव वर्मा ने बताया कि अस्पताल में किसी प्रकार की दवाईयों की कोई कमी नहीं है। सभी दैनिक दवाइयां पर्याप्त मात्रा में मौजूद है और बीमार मरीजों को समय पर दवाई उपलब्ध कराई जा रही हैं। जो मरीज गंभीर स्थिति के होते हैं उन्हें जिला मुख्यालय पर स्थित अस्पताल भेज दिया जाता है। जिससे उनका समुचित इलाज हो सके।



मेले में परीक्षण करवाते मरीज

# सात लोगों ने किया नामांकन, जल्द होगा परिणाम घोषित



नामांकन पत्र सौंपते आवेदनकर्ता

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर थाना क्षेत्र स्थित जय गुरुदेव गेस्ट हाउस में भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा मंडल अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया गया। जिसमें रश्मि दुबे मंडल चुनाव अधिकारी द्वारा अपने सम्मुख सभी आवेदककर्ताओं से नामांकन पत्र भरवा कर जमा किए गए। जिसमें सात लोगों ने नामांकन किया तथा मंडल अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी पेश की। जिसमें अमृतपुर निवासी नीरज अवस्थी, विवेक सिंह, विवभेष सिंह, विश्व प्रताप सिंह उर्फ चीनू तथा उनकी पत्नी रचना सिंह, शिवकुमार चौहान, संदीप तिवारी सहित सात लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल गया।

नामांकन की प्रक्रिया मंडल जिला उपाध्यक्ष, मंडल चुनाव अधिकारी रश्मि दुबे द्वारा कराई गई। रश्मि दुबे द्वारा बताया गया जो 2019 में मंडल अध्यक्ष रह चुके हैं उन्हें दोबारा रिपीट नहीं किया जाएगा। सक्रिय कार्यकर्ताओं को वरीयता दी जाएगी।

# पुलिस ने दो बकरा चोरों को दबोचा



पुलिस हिरासत में बकरा चोर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

मोटर साइकिल सवार बकरा चोरी कर ले गये। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने तत्परता का परिचय देते हुए दोनों चोरों को बकरा सहित गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम करनपुप के मजरा बांसमई निवासी श्यामपाल पुत्र गंगाराम ने पुलिस को मोबाइल पर सूचना दी उनका बकरा बाइक दो पशु चोर बाइक से चोरी कर ले गये। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत सक्रिय हो गयी। पुलिस ने तत्परता का परिचय देते हुए बकरा चोरों को सिरौली के पास से पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम हिमांचल पुत्र द्रगपाल सिंह, प्रिंस पुत्र रईस पाल निवासी निसाई थाना मोहम्मदाबाद का निवासी बताया। पुलिस ने उनका रविवार को चालान कर दिया।

## गाली-गलौज करने से मना करने पर दबंगों ने पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम करौली निवासिनी रीना देवी पत्नी अहिलकार ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया दिनांक 14 दिसंबर को समय करीब 5.00 बजे अपने खेत में वरसीम काटने गई थी। उसी समय मेरे ही गांव के दबंग संजू पुत्र अमर सिंह, अजब सिंह पुत्र रामचंद्र एवं अंशु पुत्र अजब सिंह ने बिना वजह गाली दे रहे थे। जब मैंने मना किया, तो उन लोगों ने मेरे साथ मारपीट भी की। पुलिस में जांच कर कार्रवाई करने को कहा।

# डीएम का आदेश बेअसर, आवारा घूम रहे जानवर



नगर में विचरण करते आवारा जानवर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रशासन के तमाम प्रयास के बाद भी नगर में आवारा जानवर भ्रमण करते दिखायी दे रहे हैं। जो कभी-कभी राहगीरों के लिए दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं।

जानकारी के अनुसार जहां शासन हर ब्लाकों में गौशालाओं का निर्माण करवा रहा है, ताकि आवारा जानवरों को गौशाला में रखा जाये, लेकिन शासन के इस आदेश का शत-प्रतिशत पालन नहीं हो रहा है। जिससे कई आवारा जानवर नगर में भ्रमण करते दिखायी दे रहे हैं। कभी-कभी तो यह आवारा जानवर राहगीरों के लिए दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। बीते माह कादरीगेट पर एक आवारा सांड ने एक वृद्ध को पटक दिया था। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी थी। ऐसे कई मामले हैं जिसमें राहगीर आवारा जानवरों से चोट खा चुके हैं। नगर पालिका केवल खानापूर्ति तक ही सीमित रहती है। बीते दिन जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह ने आवारा जानवरों को गौशाला में बंद करने के आदेश दिये थे, लेकिन जिलाधिकारी के आदेश का पालन नहीं हो रहा है।

# के.डी. बालिका व शमशाबाद में लगा प्रकृति परीक्षण कैंप



कैंप के दौरान मौजूद प्रशिक्षु चिकित्सक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


भारत सरकार आयुष मंत्रालय द्वारा विगत दो सप्ताह से चलाये जा रहे 'प्रदेश का प्रकृति परीक्षण अभियान' संकल्प स्वास्थ्य का आधार आयुर्वेद का, जो कि सम्पूर्ण देश एवं प्रदेश में भारत सरकार आयुष मंत्रालय की देखरेख में घर-घर आयुर्वेद एवं जन-जन आयुर्वेद को पहुँचाने के लिए उत्तर प्रदेश में मेजर एस0डी0 सिंह पी0जी0 आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल बेबर रोड फतेहगढ़ फर्रुखाबाद के चिकित्सक डॉ0 विकास बाबू एवं डॉ0 भारती पांचाल ने शमशाबाद में कैंप लगाया और लोगों के स्वस्थ्य के बारे में जानकारी ली एवं किस ऋतु (मौसम) और किस दिनचर्या का पालन कर स्वस्थ रहा जा सकता है एवं उनकी प्रकृति क्या है एवं उनको किस प्रकार का आहार-विहार का पालन करना चाहिए। इन सभी बातों को बताने एवं प्रत्येक नागरिक का प्रकृति परीक्षण का संकल्प लिया। इसी के साथ के0डी0 बालिका में डॉ0 अरिमर्दन सिंह के नेतृत्व में कैंप लगाया गया। प्रकृति परीक्षण अभियान के नोडल अधिकारी डॉ0 मुकेश विश्वकर्मा के नेतृत्व में आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराकर कैंप को रवाना किया गया।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह में कहा

# छत्तीसगढ़ पुलिस नक्सलियों के ताबूत में आखिरी कील

एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की पुलिस नक्सलियों के ताबूत में आखिरी कील ठोकने की तैयारी में है। यह बात केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह में कही। उन्होंने नक्सलियों से हथियार छोड़कर मुख्य धारा में लौटने की अपील की। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि



### नक्सलियों से हथियार छोड़कर मुख्य धारा में लौटने की अपील

प्रदेश की पुलिस ने कानून-व्यवस्था और नक्सल मोर्चे के साथ ही कोरोना महामारी में भी बहुत अच्छा काम किया है। केंद्र और राज्य सरकार छत्तीसगढ़ और देश को नक्सलमुक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ और देश से नक्सलवाद का पूर्णत: खात्मा हो जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने राज्य की पुलिस को राष्ट्रपति निशान (पुलिस कलर्स अवार्ड-2024) सौंपा। यह देश के सशस्त्र बलों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। विगत 24 वर्षों में छत्तीसगढ़ पुलिस की असाधारण सेवाओं, बहादुरी और कर्तव्यपरायणता के लिए राज्य को यह सम्मान मिला है। उन्होंने कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ पुलिस की 24 वर्षों के सफर पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन और आसूचना ब्यूरो के निदेशक तपन कुमार डेका, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारी, जवान और बलिदान जवानों के परिजन बड़ी संख्या में समारोह में उपस्थित थे।

### राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स अवार्ड केवल सम्मान नहीं है, बल्कि सेवा व कर्तव्य का प्रतीक

शाह ने राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह में छत्तीसगढ़ पुलिस को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स अवार्ड केवल एक सम्मान नहीं है, यह सेवा और कर्तव्य का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने नक्सलवाद, संगठित अपराध और मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में जो साहस और प्रतिबद्धता दिखाई है, वह अभूतपूर्व है। छत्तीसगढ़ पुलिस देश के सर्वश्रेष्ठ और बहादुर पुलिस बलों में से एक बनकर उभरा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ पुलिस की तारीफ करते हुए कहा कि उसने न केवल कानून और व्यवस्था को बनाए रखा है, बल्कि जनता के विश्वास को भी मजबूत किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स अवार्ड पुलिस बल के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा, उनका हौसला और मनोबल बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जांबाज पुलिस को राष्ट्रपति निशान सौंपना मेरे लिए भी गर्व की बात है। यह सम्मान छत्तीसगढ़ की पुलिस की कड़ी मेहनत, समर्पण और जनता के प्रति लगाव का द्योतक है। उन्होंने समारोह में देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल को आज उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिरोने का जो कार्य किया, उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अनुच्छेद-370 को हटाकर और मजबूत किया है। राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह में परेड द्वारा मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सलामी दी गई। उन्होंने सलामी के बाद परेड का निरीक्षण किया। महिला और पुरुष प्लाटून द्वारा मार्चपास्ट भी किया गया। शाह ने धर्मगुरुओं द्वारा मंत्रोच्चार के बाद आकाश में तिरंगे गुब्बारों और शानदार आतिशबाजी के बीच छत्तीसगढ़ पुलिस को राष्ट्रपति निशान सौंपा।

# अवैध खनन व ओवरलोडिंग पर एफआईआर दर्ज करने के साथ एमवी एक्ट में करें कार्रवाई

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बंसल ने जिले में अवैध खनन और खनिज पदार्थों की ओवरलोडिंग को रोकने के लिए, उपजिलाधिकारियों और तहसीलदारों की बैठक ली। जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध खनन और ओवरलोडिंग न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि ये पर्यावरण और सड़क सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा बन रहे हैं। उन्होंने प्रशासन को इन मामलों में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए और जनता से अपील की कि वे अवैध गतिविधियों की सूचना प्रशासन को दें। प्रशासन पर्यावरण की सुरक्षा और कानून के पालन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

सख्त कार्रवाई और निगरानी की व्यवस्थाजिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि

### अवैध खनन पर शिकंजा कसा, सख्त कार्रवाई के आदेश

वे अवैध खनन के हॉटस्पॉट्स की पहचान करें और इन क्षेत्रों में नियमित छापेमारी और निगरानी की व्यवस्था करें। इसके अलावा, उन्होंने खनन गतिविधियों की जीपीएस आधारित निगरानी सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि जिन वाहनों में क्षमता से अधिक खनिज परिवहन किया जा रहा है, उनके खिलाफ भारी अर्थदंड के साथ-साथ एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।

ऐसे वाहनों को पुलिस और परिवहन विभाग के सुपुर्द किया जाएगा। सड़क पर चलने वाले खनिज वाहनों की सघन चेकिंग करने के लिए पुलिस को निर्देशित किया गया। कानूनी कार्रवाई और वित्तीय जांचउन्होंने कहा कि निर्धारित मानकों से अधिक खनिज परिवहन करने वाले वाहन मालिकों और चालकों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने अवैध खनन और ओवरलोडिंग में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया और खनन माफिया पर सख्त निगरानी रखने का आदेश दिया। साथ ही उनके वित्तीय लेन-देन की भी जांच की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिंह, अपर नगर आयुक्त बीर सिंह बुदियाल, उप जिलाधिकारी मसूरी अनामिका, कालसी गौरी, सदर हरिगिरि, मुख्यालय शालिनी नेगी, ऋषिकेश स्मृता परमार, विकासनगर विनोद कुमार, डोईवाला अपर्णा ढौंडियाल, चकराता योगेश मेहर सहित समस्त तहसीलदार उपस्थित थे।

# स्मिथ-हेड के शतक से ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 400 पार

एजेंसी

**ब्रिसबेन।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत यहां खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन का खेल खत्म हो गया। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में सात विकेट खोकर 405 रन बना लिए हैं। मिचेल स्टार्क 7 रन और एलेक्स कैरी 45 रन बनाकर नाबाद हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रेविस हेड ने 152 रन और स्टीव स्मिथ ने 101 रन की शतकीय पारी खेली। वहीं, भारतीय टीम की ओर से जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट लिए हैं।

रविवार को मैच के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने 13.2 ओवर में बिना किसी विकेट के 28 रन से आगे खेलना शुरू किया। मेजबान टीम को 31 के स्कोर पर पहला झटका लगा। सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा 54 गेंद में तीन चौके की मदद से 21 रन बनाकर आउट हो गए। फिर 38 के स्कोर पर टीम का दूसरा विकेट गिरा और दूसरे सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी भी



पवेलियन चलते बने। मैकस्वीनी 9 रन बना सके। 75 के स्कोर पर मार्नस लाबुशेन भी आउट होकर पवेलियन लौट गए। लबुशने केवल 12 रन बना सके।

इसके बाद स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड ने पारी को आगे बढ़ाया। दोनों बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक जड़ दिए। हेड ने जहां ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 115 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया, वहीं स्मिथ ने धैर्यपूर्वक बल्लेबाजी करते हुए 185 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। यह उनके टेस्ट करियर का 33वां शतक है। दोनों बल्लेबाजों ने 200 रन से ज्यादा की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 300 के आंकड़े के पार पहुंचाया। इस साझेदारी का अंत जसप्रीत बुमराह ने स्मिथ को आउट करके किया। स्मिथ 190 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 101 रन बनाकर आउट हुए। स्मिथ के बाद मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड को भी बुमराह ने पवेलियन भेज दिया। मार्श पांच रन बना सके, जबकि हेड ने 160 गेंद में 18 चौके की मदद से 152 रन बनाए। 385 के स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया को सातवां झटका लगा। कप्तान पैट कमिंस 20 रन बनाकर आउट हुए। मिचेल स्टार्क सात रन और एलेक्स कैरी 45 रन बनाकर नाबाद हैं। भारत की ओर से अब तक जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट लिए जबकि मोहम्मद सिराज और नीतीश कुमार रेड्डी ने एक-एक विकेट हासिल किया है। पहले दिन का खेल बारिश की भेंट चढ़ गया था। पहले दिन केवल 13.2 ओवर का खेल हो सका, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने बिना किसी नुकसान के 28 रन बनाए। इस मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था।

### सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन बड़ी गिरावट, सोना और चांदी की घटी चमक

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन गिरावट का रुख बना हुआ है। सोना आज 900 रुपये से लेकर 980 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। इसी तरह चांदी के भाव में आज 1,000 रुपये प्रति किलोग्राम की कमजोरी दर्ज की गई है। सोने के भाव में गिरावट आने से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 78,040 रुपये से लेकर 77,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,550 रुपये से लेकर 71,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में गिरावट आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत गिर कर 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 78,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

# आज लोकसभा में पेश नहीं होंगे 'एक देश एक चुनाव' से जुड़े दोनों विधेयक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने संबंधी दो विधेयक अब सोमवार को लोकसभा में पेश नहीं किए जाएंगे। सोमवार को लोकसभा में सदन की होने वाली कार्यवाही के लिए पुनरीक्षित कार्य सूची में इन दोनों विधेयकों के पेश करने का कोई जिक्र नहीं है।

केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एक देश एक चुनाव से जुड़े दो विधेयक पेश करने वाले थे। दरअसल, केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 18 सितंबर को 'एक देश, एक चुनाव' से जुड़ी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों को मंजूरी दी थी। इसके बाद गुरुवार को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 'एक देश एक चुनाव' से जुड़े दो विधेयकों को संसद में पेश किए जाने की मंजूरी दे दी थी। इनमें से एक संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने से संबंधित है, जबकि दूसरा विधेयक विधानसभाओं वाले तीन केंद्र शासित प्रदेशों के एक साथ चुनाव कराने के संबंध में है। उल्लेखनीय है कि मोदी सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में देशभर में एक साथ चुनाव कराने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था। समिति ने इस संबंध में विभिन्न पार्टियों और हितधारकों से इस पर विचार किया और अपनी सिफारिशें की थीं। इसमें प्रस्ताव किया गया है कि एक अवधि के बाद सभी राज्यों की वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल छोटा कर एक साथ चुनाव कराए जाएं। केन्द्र और राज्यों में चुनाव के थोड़े समय बाद ही नगर निकायों और पंचायतों के चुनाव कराए जाएं। बहुमत न मिलने और अल्पमत की स्थिति में दोबारा चुनाव कराए जाने पर कार्यकाल केवल बाकी बचे समय के लिए हो।

## खबरें एक नजर में

### आधुनिक शेल्टर निर्माण तेजी से जारी, धामी करेंगे उद्घाटन

**देहरादून, समृद्धि न्यूज।** भिक्षावृत्ति में संलिप्त बच्चों के जीवन में एक नई सुबह की किरण फूटने वाली है। भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान के तहत सड़क पर बिखर रहे बचपन को रेस्क्यू कर उनका सर्वांगीण विकास करने के लिए देहरादून में आधुनिक इनेसेटिव केयर शेल्टर का निर्माण युद्धस्तर पर जारी है। इस अभिनव परियोजना का शुभारंभ शीघ्र ही मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। जिलाधिकारी प्रतिदिन निर्माण कार्य की अद्यतन जानकारी प्राप्त कर रहे हैं और इसे शीघ्र पूरा करने के निर्देश दे रहे हैं। साधुराम इंटर कॉलेज में बन रहे इस शेल्टर का उद्देश्य बच्चों के लिए आधुनिक शिक्षा प्रणाली के साथ शारीरिक और मानसिक विकास के लिए विविध गतिविधियां प्रदान करना है। बच्चों को मुख्यधारा में लाकर उन्हें हर स्तर की एक्टिविटी के माध्यम से न केवल शिक्षा दी जाएगी, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ाया जाएगा। जिलाधिकारी सविन बंसल ने बताया कि यह शेल्टर बच्चों के लिए रहने, खाने और खेलने की सभी सुविधाएं प्रदान करेगा। बच्चों को विधिक औपचारिकताओं के बाद यहां लाया जाएगा, जहां उनकी जरूरतों के अनुसार सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### 'डेलाइट सेविंग टाइम' को रद्द करने के लिए दबाव डालेंगे : ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिकी रिपब्लिकन पार्टी डेलाइट सेविंग टाइम (डीएसटी) को खत्म करने की कोशिश करेगी, जो 'बहुत महंगा' है। श्री ट्रम्प ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, फ्रिपब्लिकन पार्टी डेलाइट सेविंग टाइम को खत्म करने के लिए अपने सर्वोत्तम प्रयासों का उपयोग करेगी, जिसका एक छोटा, लेकिन मजबूत निर्वाचन क्षेत्र है। ऐसा नहीं होना चाहिए! डेलाइट सेविंग टाइम असुविधाजनक है, और हमारे राष्ट्र के लिए बहुत महंगा है। उल्लेखनीय है कि श्री ट्रम्प पांच नवंबर को हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल की थी। इससे पहले वह 2017-2021 तक राष्ट्रपति रहे थे। इस जीत के साथ ही श्री ट्रम्प 19वीं सदी के बाद से चार साल के अंतराल के बाद दोबार राष्ट्रपति बनने वाले पहले अमेरिकी राजनेता बन गए। अब राज्यों के निर्वाचक मंडल को 17 दिसंबर को मतदाताओं की इच्छा के अनुसार उम्मीदवारों के लिए मतदान करना होगा, और नयी कांग्रेस 06 जनवरी को मतदान के परिणामों को मंजूरी देगी। शपथ ग्रहण 20 जनवरी को होगा।

### हरिद्वार नगर निगम के 60 में से 34 वार्ड आरक्षित

**हरिद्वार, समृद्धि न्यूज।।** हरिद्वार नगर निगम मेयर सीट ओबीसी महिला के लिए आरक्षित होने के बाद हरिद्वार नगर निगम के 60 वार्डों के आरक्षण की सूची भी सामने आ गई है। हरिद्वार निगम के आधे से अधिक वार्ड महिला, अनूसूचित जाति ओबीसी के लिए आरक्षित घोषित किए गए हैं। कुल 60 में से केवल 26 वार्ड ही अनारक्षित रखे गए हैं। ज्यादातर वार्डों में बदलाव किया गया है। इससे भी कई दावेदारों के अरमानों पर पानी फिर गया है। एक ही वार्ड से लगातार चुनते आ रहे पार्षदों का मूड भी आरक्षण सूची ने खराब कर दिया है। ऐसे अनेक वार्डों से इस बार महिलाएं चुनकर निगम में पहुंचेंगी जहां पिछले काफी समय से पुरुष पार्षद चुनते आ रहे थे। इसके अलावा कई महिला आरक्षित वार्ड इस बार अनारक्षित घोषित किए गए हैं।

### प्रधानमंत्री ने सरदार पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि पटेल का व्यक्तित्व और कृतित्व राष्ट्र की एकता, अखंडता और विकसित भारत के संकल्प की प्राप्ति के लिए नागरिकों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, देश के लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को उनके स्मारक पर शत-शत नमन। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व राष्ट्र की एकता, अखंडता और विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए देशवासियों की प्रेरणाशक्ति बनी रहेगी।

### श्रीनगर में पुलिस ने मादक पदार्थ के दो तस्करों को किया गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने श्रीनगर में मादक पदार्थ के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से प्रतिबंधित मादक पदार्थ बरामद किए हैं। पुलिस ने रविवार को बताया कि उर्दू बाजार की पुलिस टीम ने बुडगीर कवदरा क्रॉसिंग पर तलाश के दौरान मादक पदार्थ के दो तस्करों को गिरफ्तार किया और तलाशी के दौरान उनके कब्जे से लगभग 16 ग्राम चरस और 210 ग्राम गांजा जैसा पदार्थ बरामद किया गया। आरोपियों की पहचान डोलीपोरा कवदरा निवासी मिलाद बशीर भट और सुरनई मोहल्ला कवदरा निवासी तोयब अहमद शेख के रूप में की गयी है। एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत एमआर गंज थाना में मामला दर्ज किया गया है।

# ग्वालियर में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से चार की मौत, 15 लोग घायल

एजेंसी

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में विकास खण्ड घाटीगाँव के अंतर्गत शनिवार की रात एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और 15 लोग घायल हो गए। पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायलों को जेएएच के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। कलेक्टर रुचिका चौहान ने देर रात ट्रामा सेंटर पहुँचकर घायलों का बेहतर इलाज का इंतजाम करने के निर्देश अस्पताल प्रबंधन को दिए। उन्होंने अपनी मौजूदगी में घायलों का इलाज शुरू कराया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए। सहारिया आदिवासी समुदाय के 31 लोग शनिवार की शाम करीब चार बजे पई खो गांव से जंगल में शतावरी वन औषधि की जड़ खोदने के लिए ट्रैक्टर से गए थे। जड़ खोदने के बाद उसको ट्राली में भरकर सभी लोग अपने गांव कैत थाना घाटीगांव आ रहे थे। देर रात करीब 11 बजे रास्ते में आंतरी तिलावली तिराहे के पास सामने एक भैंस आ गई, जिसको बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर चालक ने स्टीयरिंग मोड़ दी और ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुखद घटना चार लोगों की मृत्यु हो गई और 15 लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर घाटीगाँव में पदस्थ जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तत्काल घायलों की मदद के लिए पहुँचे और राहत एवं बचाव कार्य चलाकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। इस हादसे मृत चारों लोग घाटीगाँव विकासखण्ड के ग्राम कैथ के निवासी थे। कलेक्टर रुचिका चौहान ने मृतकों के आश्रितों को शासन के प्रावधानों के तहत हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

### नेपाल-भारत के बीच वाणिज्य सचिव स्तरीय वार्ता 9-10 जनवरी को

**काठमांडू।** नेपाल और भारत के बीच वाणिज्य सचिव स्तर की वार्षिक बैठक काठमांडू में होने जा रही है। नेपाल-भारत व्यापार और परिवहन अंतर-सरकारी समिति (आईजीसी) के नाम से होने वाली यह वार्षिक बैठक 9 और 10 जनवरी को होना तय हुआ है। नेपाल के वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता बाबूराम अधिकारी ने बताया कि दोनों देशों के बीच वाणिज्य सचिव स्तर की आईजीसी बैठक पिछली बार दिल्ली में होने के कारण इस बार काठमांडू में होना तय हुआ है। इस समय वाणिज्य मंत्रालय भारत के साथ वार्ता के लिए एजेंडा का मसौदा तैयार कर रहा है। मंत्रालय के प्रवक्ता के मुताबिक, संबंधित सभी पक्षों से चर्चा के बाद मसौदा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में दोनों देशों के बीच वार्ता के एजेंडे के शुरुआती मसौदे का आदान-प्रदान किया जाएगा।

# सरकार बनी तो महिलाओं को हर माह देंगे 2500 रुपए

एजेंसी

**पटना।** बिहार विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि उनकी सरकार बनने पर ''माई-बहिन मान योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 2500 रूपए मिलेंगे। यादव ने प्रेस वार्ता में कहा कि महिलाओं का आशीर्वाद जहां है, सुख-समृद्धि का वास वहां है। इसी मंत्र पर चलते हुए बिहार की हर महिला को हम सक्षम बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मेरी यात्राओं के दौरान राज्य के हर हिस्से से हमें महंगाई से त्रस्त लोगों ने अपने अनुभव बताएं हैं। बढ़ती और व्यापक महंगाई के चलते घर-परिवारों को राहत की दरकार है।

तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार की करोड़ों माताओं-बहनों के आशीर्वाद से हमने यह निर्णय लिया है और हमें ये बताते हुए हर्ष हो रहा है कि 2025 में हमारी सरकार बनने पर हम ''माई-बहिन मान योजना के अंतर्गत राज्य की महिलाओं को 2500 रुपए प्रति माह देने का कार्य करेंगे। नए बिहार के साथ ''समृद्ध महिला, सुखी परिवार का



सपना भी सच होगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि बिहार के नवनिर्माण की नींव महिलाओं की समृद्धि के बिना अधूरी है। हमारा मानना है कि जब महिलाओं को नकद हस्तांतरण मिलता है तो वे अपने परिवार की भलाई में अधिक पैसा निवेश करती हैं, जैसे पूरे परिवार के लिए पौष्टिक भोजन, स्वास्थ्य सेवा और बच्चों की शिक्षा। महिलाओं को सीधे लक्षित करके, हमारा ये कार्यक्रम घरेलू और सामुदायिक विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करता है। इन नकद हस्तांतरणों का गुणक प्रभाव महत्वपूर्ण है। महिलाओं की बेहतर आर्थिक स्थिति पूरे परिवार और समुदाय के लिए लाभदायक हैं। राजद नेता ने कहा कि हमारी सरकार द्वारा जो महिलाओं को जो राशि दी जाएगी वह महिलाओं को छोटे व्यवसाय शुरू करने या कौशल प्रशिक्षण में निवेश करने में सक्षम बनाएगा तथा दीर्घकालिक आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देगी। इसके अतिरिक्त, नकद हस्तांतरण कार्यक्रमों को वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण जैसे पूरक समर्थन के साथ डिजाइन किया जाएगा, जिससे महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण और दीर्घकालिक आर्थिक स्वतंत्रता को और बढ़ावा मिलेगा। महंगाई के इस दौर में जो बहने अपने मन का खा नहीं पाती, अपने मन का खरीद नहीं पाई। आज उन मां-बहिनों के लिए समर्पित योजना की हम घोषणा करते हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि ये तेजस्वी का वादा है कि सरकार बनने के एक महीने के भीतर हम इस योजना को अमली जामा पहना कर बिहार की हर माता हर बहन को स्वांलबी, सुखी, समृद्ध, सम्पन्न, स्वस्थ और उनके जीवन को सुगम बनाने का कार्य करेंगे। यह कार्यक्रम हमारी सरकार का गरीबी कम करने, लैंगिक समानता को बढ़ावा देने एवं हाशिए पर रहे नागरिकों की सामाजिक और आर्थिक क्षमता में निवेश करने की दिशा में एक सीधा और प्रभावशाली कदम होगा।

# देश के पहले जियो साइंस म्यूजियम का उद्घाटन

एजेंसी

**ग्वालियर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को ग्वालियर में देश के पहले जियो साइंस म्यूजियम (भू-विज्ञान संग्रहालय) का उद्घाटन किया। ग्वालियर के ऐतिहासिक महाराज बाड़ा पर हैरीटेज बिल्डिंग विक्टोरिया मार्केट में स्थापित अत्यधुनिक जियो साइंस म्यूजियम के उद्घाटन अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय संचार व पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केन्द्रीय कोयला व खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, ग्वालियर जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट एवं सांसद भारत सिंह कुशवाह भी मौजूद थे।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने पट्टिका का अनावरण कर एवं म्यूजियम के प्रवेश द्वार पर फीता काटकर देश के पहले अत्यधुनिक जियो साइंस म्यूजियम का उद्घाटन किया। साथ ही ग्वालियरवासियों को इस अनूठी सौगात की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी अतिथियों के साथ म्यूजियम की



### संग्रहालय में हैं दो गैलरियां

जियो साइंस म्यूजियम में दो गैलरियों के माध्यम से भू-विज्ञान के बारे में लाइट इफेक्ट के साथ आकर्षक ढंग से जानकारी संजोई गई है। एक गैलरी में पृथ्वी के विकास को दर्शाया गया है, जिसमें उल्लेख है कि पृथ्वी अपने मूल स्वरूप में किस प्रकार आई और कौन-कौन सी चीजों से मिलकर पृथ्वी बनी है। वर्तमान में जो पृथ्वी है, असल में वह कैसी दिखती है। पृथ्वी के भीतर लावा किस तरह से तैयार होता है और ज्वालामुखी फूटने से किस तरह पर्वतों का निर्माण होता है। यह सब जानकारियां बखूबी ढंग से संग्रहालय में दर्शायी गई हैं। यहाँ आने वाले पर्यटन भूकम्प का अनुभव भी कर सकेंगे। इसके अलावा वायु मण्डल और महासागर के बारे में भी वर्णन है। लाइट इफेक्ट और अत्यधुनिक मशीनी तकनीक से बड़े बखूबी ढंग से यह सब प्रदर्शित किया गया है।

विभिन्न गैलरियों में दर्शाए गए भू-विज्ञान से संबंधित चित्रों, कलाकृतियों एवं जानकारियों को देखा एवं म्यूजियम की सराहना की। म्यूजियम के उद्घाटन के बाद उप राष्ट्रपति धनखड़ ने महाराज बाड़ा पर स्थित वास्तु शिल्प के उत्कृष्ट नमूनों के रूप में खड़ीं ऐतिहासिक इमारतों को भी देखा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, केन्द्रीय मंत्री सिंधिया एवं विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने उप राष्ट्रपति को महाराज बाड़ा की इमारतों के शिल्प एवं शैलियों से अवगत कराया। राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद द्वारा ग्वालियर नगर निगम के सहयोग से तैयार किए गए देश के इस पहले अत्यधुनिक एवं अद्भुत जियो साइंस म्यूजियम में पृथ्वी की उत्पत्ति, मानव जाति व मानव सभ्यता का विकास व ब्रम्हाण्ड से जुड़ीं अनूठी जानकारियाँ समाहित हैं। म्यूजियम में डायनासोर का अण्डा सहित कीमती वस्तुएँ पर्यटकों को देखने के लिये उपलब्ध हैं। यह म्यूजियम भू-विज्ञान से संबंधित बच्चों से लेकर बड़ों तक की जिज्ञासाओं का समाधान उपलब्ध है। साथ ही वैज्ञानिक दृष्टि से भी यह संग्रहालय ज्ञानवर्धक है। पृथ्वी विज्ञान से संबंधित दुर्लभ भू-वैज्ञानिक नमूनों को मल्टीमीडिया डिस्प्ले के जरिए म्यूजियम में दिखाया गया है। मानव सभ्यता के विकास की गाथा बयां कर रही है दूसरी गैलरी-जियो साइंस म्यूजियम की दूसरी गैलरी में मानव जाति और मानव सभ्यता के विकास को बड़े बखूबी ढंग से प्रदर्शित किया गया है। इसमें यह भी दर्शाया गया है कि धरती पर डायनासोर की उत्पत्ति व विलुप्ति हुई। साथ ही मानव की उत्पत्ति कैसे हुई और कैसे उसका जीवनक्रम आगे बढ़ा।

### खैनुरी के अनाथ बच्चों को मिला जीवन का सहारा

**गोपेश्वर।** चमोली जिले के खैनुरी गांव में माता-पिता का साया खोने के बाद जीवन की कठिनाइयों का सामना कर रहे तीन अनाथ बच्चों की मदद के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हाथ बढ़ाया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर चमोली प्रशासन ने रविवार को बच्चों के घर पहुंचकर उनके भरण-पोषण के लिए आवश्यक वस्तुएं और सामग्री प्रदान की।गौरतलब है कि खैनुरी गांव के निवासी नैन सिंह की अक्टूबर माह में बीमारी से मृत्यु हो गई थी। जबकि उनकी पत्नी कुसम देवी का निधन 2020 में हो गया था। इस दुखद घटना के बाद उनके बच्चे संजना, साक्षी और आयुष बेसहारा हो गए थे। हालांकि गांव के ग्राम प्रधान और स्थानीय ग्रामीणों ने बच्चों की मदद की है, लेकिन आर्थिक संकट के कारण उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई थी।मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रशासन की टीम ने बच्चों के लिए सर्दी से बचाव हेतु कम्बल, गर्म कपड़े, फल और पोषण सामग्री भेजी। इसके साथ ही बच्चों के घर और शौचालय का भी निरीक्षण किया गया। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक अनुज बंडवाल ने बच्चों को सरकार और प्रशासन की तरफ से हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# माण्डवी फाउंडेशन ने वृद्धजनों में वितरित किए गर्म कपड़े



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** माण्डवी फाउंडेशन ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए रविवार को ई ब्लॉक राजाजीपुरम स्थित वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों के बीच कपड़े वितरण का कार्यक्रम किया। इस कार्यक्रम में फाउंडेशन के सदस्यों ने आश्रम में रह रहे वृद्धजनों के साथ समय बिताया और उनकी आवश्यकताओं को समझने का प्रयास किया।

कार्यक्रम के दौरान वृद्धजनों को गर्म कपड़े, शॉल और दैनिक उपयोग के वस्त्र प्रदान किए गए। फाउंडेशन के अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने कहा, हमारा उद्देश्य न केवल भौतिक जरूरतें पूरी करना है, बल्कि समाज के इस महत्वपूर्ण वर्ग को सम्मान और प्यार देना भी है।

बुजुर्गों की देखभाल और उनके प्रति सम्मान हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। आश्रम में मौजूद वृद्धजनों ने माण्डवी फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की पहल बुजुर्गों के जीवन में खुशियां और सुकून लाती है। कार्यक्रम में माण्डवी फाउंडेशन की टीम से आलोक त्रिपाठी, जय सिंह, चांदनी पाण्डेय, सेनू गुप्ता, जेसिका सिंह, साक्षी सिंह, किरण सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### फ्रांस में चक्रवात चिडो से बड़ी तबाही, 12 से अधिक लोगों की हुई मौत

**मास्को।** हिंद महासागर में फ्रांसीसी क्षेत्र मायोट में चक्रवात 'चिडो के कारण कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। फ्रांस के गृह मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि घायलों की सटीक संख्या अभी ज्ञात नहीं है लेकिन मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। मायोट के एक अस्पताल ने बताया कि वहां भर्ती नौ लोगों की हालत गंभीर है और 246 अन्य घायल हैं। उष्णकटिबंधीय चक्रवात दक्षिण-पूर्वी हिंद महासागर से होकर गुजरा, जिसका असर कोमोरोस और मेडागास्कर पर भी पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि मायोट सीधे चक्रवात के रास्ते में पड़ा और शनिवार को उसे भारी नुकसान हुआ। मायोट के प्रीफेक्ट (शीर्ष अधिकारी) ने कहा कि यह 90 सालों में मायोट में आया सबसे भीषण चक्रवात था। 'चिडो अब अफ्रीकी मुख्य भूभाग मोजाम्बिक में पहुंच चुका है, जहां आपातकालीन अधिकारियों ने आशंका जताई है कि दो उत्तरी प्रांतों में 25 लाख लोग प्रभावित हो सकते हैं।